फाल्गुन कृष्ण पक्ष, षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 1 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -36, पृष्ठ -14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत ने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को फटकारा 14

तेरा क्या होगा लवली में इलियाना और रणदीप 13

## गणित-जीव विज्ञान का पेपर व्हाट्सएप पर वायरल


**इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा**

- केंद्र व्यस्थापक समेत कई के खिलाफ मामला दर्ज

संवाददाता, आगरा

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की गुरुवार को गणित और जीव विज्ञान की परीक्षा थी। परीक्षा के दौरान गणित और जीव विज्ञान का पेपर लीक होने की सूचना व्हाट्सएप के जरिए फैल गई। प्रश्न पत्र का फोटो वायरल होते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। इस पेपर को आगरा जनपद के ऑल प्रिंसिपल व्हाट्सएप ग्रुप में वायरल किया गया था। कोई एक्शन लिया जाता, इस बीच परीक्षा संपन्न हो गई। डीआईओएस की ओर से फतेहपुर सीकरी थाने में अतर सिंह इंटर कॉलेज, रौझौली किरावली के केंद्र व्यवस्थापक सहित अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है।

गुरुवार को परीक्षा की दूसरी पाली दोपहर 2 से 5:15 बजे तक में गणित और जीव विज्ञान की परीक्षा कराई जा रही थी। करीब 3 बजे व्हाट्सएप ग्रुप पर जीव विज्ञान और गणित के प्रश्नपत्र की फोटोकॉपी वायरल हुई। इस ग्रुप में माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारी, प्रधानाचार्य और शिक्षक जुड़े हैं। मोबाइल पर प्रश्नपत्र देखकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों के होश उड़ गए। प्रश्न पत्र को डिलीट किया गया, लेकिन तब तक खबर फैल गई। मिलान करने पर प्रश्नपत्र समान निकला। बताया जा रहा है कि विजय नाम के व्यक्ति ने प्रिंसिपल व्हाट्सएप ग्रुप में जीव विज्ञान और गणित के पेपर की फोटो भेजी थी, जिसे बाद में उसी ने डिलीट कर दिया। परीक्षा पर्यवेक्षक मुकेश अग्रवाल ने कहा कि इस पूरे मामले से उत्तर प्रदेश माध्यमिक बोर्ड को अवगत करा दिया गया है।



वायरल हुआ गणित व जीव विज्ञान का प्रश्नपत्र ।

### कंप्यूटर ऑपरेटर ने लगाई सेंध: डीआईओएस

आगरा के डीआईओएस दिनेश कुमार ने बताया कि थाना फतेहपुर सीकरी के किरावली रौझोली के अतर सिंह इंटर कॉलेज में कंप्यूटर ऑपरेटर विनय चौधरी ने अपने मोबाइल से पेपर को व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर किया था। जिला परीक्षा पर्यवेक्षक मुकेश अग्रवाल के निर्देश पर विनय चौधरी, केंद्र व्यवस्थापक राजेंद्र सिंह, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक गंभीर सिंह, स्टेटिक मजिस्ट्रेट डॉ. गजेंद्र सिंह (पशु चिकित्साधिकारी) समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

## भाजपा ने डेढ़ सौ सीटों पर उम्मीदवार तय किए

- पार्टी एक-दो दिन में जारी कर सकती है पहली सूची

**नई दिल्ली।** भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की गुरुवार शाम महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें लोकसभा चुनाव के लिए पांच राज्यों की करीब 150 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर विचार किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में हुई बैठक की अध्यक्षता भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने की। बैठक में केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह के अलावा राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ प्रदेशों के चुनाव प्रभारी, सह प्रभारी, पांचों भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री भी मौजूद थे। बैठक में उत्तर प्रदेश की 80, उत्तराखंड की पांच, राजस्थान की 24, मध्य प्रदेश की 29 एवं छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों पर चर्चा हुई। इन 149 सीटों में 122 सीटें भाजपा के पास हैं। हारी हुईं 27 सीटों में से अधिकांश नए चेहरे होने की संभावना है।

## अक्टूबर-दिसंबर में आर्थिक वृद्धि दर 8.4%

- एनएसओ ने जारी किए आंकड़े, समूचे वित्त वर्ष में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष (2023-24) की तीसरी अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में तेजी से बढ़कर 8.4 प्रतिशत हो गई, जिसमें विनिर्माण, खनन और निर्माण क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन की अहम भूमिका रही है। आर्थिक वृद्धि का यह अनुमान जताए गए विभिन्न अनुमानों से कहीं अधिक है। आरबीआई ने तीसरी तिमाही में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत और पूरे वित्त वर्ष के लिए सात प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत रही है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 4.3 प्रतिशत रही थी। जीडीपी वृद्धि एक निश्चित अवधि में वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य में वृद्धि को दर्शाती है। इसके साथ ही एनएसओ ने राष्ट्रीय खातों के अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए देश की वृद्धि दर के बढ़कर 7.6 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है। इस साल जनवरी में जारी पहले अग्रिम अनुमान में जीडीपी वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।

एनएसओ ने पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को भी संशोधित कर सात प्रतिशत कर दिया है। पहले इसके 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सकल मूल्य-वर्धन (जीवीए) के हिसाब से विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 11.6 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में इसमें 4.8 प्रतिशत की गिरावट आई थी।




## केंद्रीय कैबिनेट ने दी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी


# देश में 1 करोड़ घरों को मिलेगी 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली

### छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 78,000 रुपये तक मिलेगी सब्सिडी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दे दी। इस पर 75,021 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। योजना के तहत एक करोड़ घरों को छतों पर सौर संयंत्र लगाने के लिए 78,000 रुपये तक सब्सिडी और 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि छत पर सौर संयंत्र लगाने और एक करोड़ परिवारों को हर महीने प्रति परिवार 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने की योजना को मंजूरी दी गई है। प्रधानमंत्री ने 13 फरवरी, 2024 को यह योजना शुरू की थी। योजना के तहत दो किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए लागत का 60 प्रतिशत और दो किलोवाट से तीन किलोवाट क्षमता के बीच प्रणाली के लिए अतिरिक्त लागत के 40 प्रतिशत की केंद्रीय वित्तीय सहायता मिलेगी। यह सहायता तीन किलोवाट तक के लिए है।



मौजूदा मानक कीमतों पर देखा जाए तो एक किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए 30,000 रुपये, दो किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए 60,000 रुपये और तीन किलोवाट क्षमता या उससे अधिक के लिए सब्सिडी 78,000 रुपये होगी। योजना के तहत प्रत्येक जिले के एक गांव को 'मॉडल सोलर' गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। यह ग्रामीण क्षेत्रों में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 'रोल मॉडल' के रूप में कार्य करेगा। इसके अलावा, स्थानीय शहरी निकायों और पंचायती राज संस्थानों को भी अपने क्षेत्रों में छतों पर सौर संयंत्र लगाने को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

### पीएम सूर्य घर पोर्टल पर करवा सकते हैं पंजीकरण

परिवार राष्ट्रीय पोर्टल पीएम सूर्य घर डॉट गॉव डॉट इन (https://pmsuryaghar.gov.in) के माध्यम से सब्सिडी के लिए आवेदन करेंगे और छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करने के लिए एक उपयुक्त विक्रेता का चयन कर सकेंगे। राष्ट्रीय पोर्टल के जरिए उपयुक्त सौर प्रणाली, लाभ आकलन, विक्रेता रेटिंग आदि जैसी जरूरी जानकारी उपलब्ध होगी। परिवार रिहायशी मकानों में छतों पर तीन किलोवाट तक की क्षमता के सौर संयंत्र लगाने के लिए करीब सात प्रति ब्याज पर बिना किसी गारंटी के कर्ज ले सकेंगे।

### अधिशेष बिजली की बिक्री से कर सकेंगे कमाई

इस योजना के माध्यम से, परिवार बिजली बिल बचाने के साथ-साथ वितरण कंपनियों को अधिशेष बिजली की बिक्री के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। घर में अगर तीन किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली लगाई जाती है, तो इससे प्रतिमाह औसतन 300 से अधिक यूनिट बिजली पैदा की जा सकेगी। अनुमान है कि इस योजना से प्रत्यक्ष रूप से लगभग 17 लाख नौकरियां सृजित होंगी।

### अन्य फैसले...

- बाघों के संरक्षण को इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस का होगा गठन
- तीन सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित किए जाने पर भी लगी मुहर
- 12 महत्वपूर्ण एवं सामरिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय की गई
- राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य संस्थान, नागपुर में निदेशक पद सृजन को मंजूरी

**पीएंडके उर्वरकों पर 24,420 करोड़ रुपये सब्सिडी :** सरकार ने आगामी खरीफ सत्र के लिए फॉस्फेटिक एवं पोटाश (पीएंडके) उर्वरकों पर 24,420 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने की घोषणा की। कहा है कि किसानों को प्रमुख पोषक तत्व डीएपी 1,350 रुपये प्रति क्विंटल के दाम पर मिलती रहेगी। कैबिनेट बैठक में पीएंडके उर्वरकों पर 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक के खरीफ सत्र के लिए पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी दरें तय करने के लिए उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आगामी खरीफ सत्र के लिए नाइट्रोजन पर सब्सिडी 47.02 रुपये, फॉस्फेटिक पर 28.72 रुपये, पोटाश पर 2.38 रुपये और सल्फर पर 1.89 रुपये प्रति किलोग्राम तय की गई है।

### एक नजर

**चालक रहित ट्रेन मामले में लोको पायलट बर्खास्त**

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने जम्मू के कठुआ से पंजाब के उच्ची बस्सी तक लगभग 78 किलोमीटर तक बिना चालक के चलने वाली एक मालगाड़ी के लोको पायलट को सेवा से हटा दिया है। उन्होंने कहा कि उसकी लापरवाही के कारण एक बड़ा हादसा हो सकता था।

**ओपीएस लागू नहीं होने पर हड़ताल की दी धमकी**

**नई दिल्ली।** ज्वाइंट फोरम फॉर रिस्टोरेशन ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम (जेएफआरओपीएस) के तहत एकजुट हुईं रेलवे कर्मचारियों व श्रमिक यूनियनों ने धमकी दी है कि अगर पुरानी पेंशन योजना लागू करने की उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे एक मई से देश भर में सभी ट्रेन सेवाओं का संचालन बंद कर देंगी, हड़ताल किया जाएगा।

## सीरियल बम विस्फोट केस में करीम टुंडा बरी



- 1993 में देशभर में पांच ट्रेनों में हुए थे सिलसिलेवार धमाके
- अजमेर की टाडा कोर्ट ने दो अन्य आरोपियों को दी उम्रकैद

जयपुर, एजेंसी


अजमेर की एक विशेष अदालत ने 1993 में कई ट्रेनों में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों के मामले में मुख्य आरोपी अब्दुल करीम टुंडा को गुरुवार को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत पेश नहीं कर सका।

न्यायाधीश महावीर प्रसाद गुप्ता की टाडा अदालत ने दो अन्य आरोपियों-इरफान और हमीदुद्दीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। भारत में वांछित आतंकवादी दाऊद इब्राहिम के घनिष्ठ सहयोगी टुंडा (81) पर दिसंबर 1993 में बाबरी मस्जिद विध्वंस की पहली बरसी पर विभिन्न शहरों में पांच ट्रेनों में विस्फोट करने का आरोप है। इन बम धमाकों में दो लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। टुंडा के वकील शफकतुल्लाह सुल्तानी ने अजमेर में संवाददाताओं से कहा कि अदालत ने अब्दुल करीम टुंडा को उसके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से बरी कर दिया। टाडा अदालत ने 5-6 दिसंबर 1993 की रात लखनऊ, कानपुर, हैदराबाद, सूरत और मुंबई में यात्री ट्रेनों में हुए विस्फोटों के मामले में मुख्य आरोपी टुंडा और सह आरोपियों इरफान उर्फ पप्पू और हमीदुद्दीन- के खिलाफ 30 सितंबर 2021 को आरोप तय किए थे।

### धमाकों में हुई थीं दो मौतें, 22 लोग हुए थे घायल

नई दिल्ली और हावड़ा जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों, नई दिल्ली-मुंबई राजधानी एक्सप्रेस, सूरत-बड़ौदा फ्लाइंग क्वीन एक्सप्रेस और हैदराबाद-नई दिल्ली एपी एक्सप्रेस में हुए विस्फोटों में दो लोग मारे गए थे और कम से कम 22 घायल हो गए थे। आरोपियों के खिलाफ आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के साथ ही विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की रोकथाम अधिनियम और भारतीय रेलवे अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे।

## भाजपा के प्रकोष्ठ के तौर पर काम कर रही है सीबीआई




- सीबीआई के समन पर अखिलेश यादव का भाजपा पर पलटवार
- बोले-पांच साल तक क्यों नहीं भेजा समन, चुनाव के करीब ही क्यों

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव अवैध खनन मामले में गुरुवार को पूछताछ के लिए सीबीआई के सामने हाजिर नहीं हुए, लेकिन जवाब जरूर दिया है। सपा प्रमुख ने सीबीआई से जांच दिल्ली की जगह लखनऊ में कराने की मांग की है। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ने का भी प्रस्ताव रखा है।

सूत्रों के मुताबिक, अखिलेश यादव ने समन के जवाब में कहा कि जांच में सहयोग के लिए तैयार हूं, लखनऊ में जांच हो या फिर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भी जुड़ सकता हूं। साथ ही सवाल भी उठाया कि चुनाव से पहले ही नोटिस क्यों भेजा है? 2019 के बाद यानी पिछले 5 सालों में कोई जानकारी क्यों नहीं मांगी गई? अखिलेश ने गुरुवार को लखनऊ में पार्टी कार्यालय पर पीडीए की बैठक को संबोधित किया। बैठक में उन्होंने कहा, भाजपा इस समय सबसे कमजोर स्थिति में है। वह संवैधानिक संस्थाओं को अपने प्रकोष्ठ की तरह प्रयोग कर रही है। अखिलेश की पत्नी और सपा सांसद डिंपल यादव ने भी कहा, वे ऐसे पहले नेता प्रतिपक्ष नहीं हैं जिन्हें समन भेजा गया है। लगातार नेताओं, उद्योगपतियों, व्यापारियों, छोटे व्यापारियों पर दबाव बनाया जा रहा है।

## अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य सलाहकार सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी का कार्यकाल शासन ने एक साल के लिए बढ़ा दिया है। गुरुवार को जारी नए आदेश के बाद अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक मार्च 2024 से 28 फरवरी 2025 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। उप्र. कैडर के 1987 बैच के आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी का कार्यकाल दूसरी बार बढ़ाया गया है। इससे पहले उनका कार्यकाल 1 मार्च 2023 से 29 फरवरी 2024 तक बढ़ा था।

## संदेशखालि : शाहजहां शेख गिरफ्तार तृणमूल से छह साल के लिए निलंबित

- ईडी टीम पर हमले के मामले में फरार था बाहुबली नेता
- हाईकोर्ट की सख्ती पर की गई गिरफ्तारी की कार्रवाई

**बशीरहाट, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के नेतृत्व में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन और कई दिनों तक चले सियासी संग्राम के बाद गुरुवार तड़के 55 दिनों से फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार कर लिया गया। शेख पर यौन उत्पीड़न एवं जमीन हड़पने का आरोप है। हालांकि उसकी गिरफ्तारी ईडी की टीम पर हमला करने के मामले में हुई है। इस बीच तृणमूल कांग्रेस ने शेख को पार्टी से छह साल के लिए निलंबित कर दिया है।



पार्टी नेता डेरेक ओ''ब्रायन ने कहा कि महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोपी शाहजहां शेख को छह वर्ष के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया। संदेशखालि विधानसभा क्षेत्र का पार्टी संयोजक शेख उत्तर 24 परगना जिला परिषद के सदस्य भी था। एडीजी (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने कहा कि शेख को उत्तर 24 परगना जिले के सुंदरवन के बाहरी इलाके में संदेशखालि से लगभग 30 किमी दूर मिनाखान थाना क्षेत्र में एक घर से गिरफ्तार किया गया। शेख कुछ साथियों के साथ उस घर में छिपा था। गिरफ्तारी के बाद उसे बशीर हाट कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। सफेद कुर्ता-पायजामा पहने शेख सुबह करीब 10 बजकर 40 बजे हवालात से बाहर आया और अदालत कक्ष की ओर गया। उसने वहां इंतजार कर रहे मीडियाकर्मियों की तरफ हाथ हिलाया। मुश्किल से दो मिनट तक चली अदालती सुनवाई के बाद उसे कोलकाता के भवानी भवन ले जाया गया, जो पुलिस मुख्यालय है।

## पहली मार्च से शुरू होगी गेहूं की सरकारी खरीद

- 2275 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है समर्थन मूल्य

**लखनऊ।** पहली मार्च यानी आज से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होगी, जो 15 जून तक चलेगी। सरकार ने 2275 रुपये प्रति कुंतल गेहूं का समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। राज्य सरकार ने निर्देश दिया है कि इस दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने चाहिए। गेहूं की बिक्री हेतु किसानों को खाद्य व रसद विभाग के पोर्टल पर विभाग के मोबाइल एप पर पंजीकरण-नवीनीकरण कराना अनिवार्य है।

वहीं, विभाग की ओर से किसानों से अनुरोध किया गया है कि गेहूं को ओसाकर, मिट्टी, कंकड़, धूल आदि को साफकर अच्छी तरह से सुखाकर ही क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए लेकर जाएं। इस वर्ष बटाईदार किसानों द्वारा भी पंजीकरण कराते हुए गेहूं की बिक्री की जा सकेगी। खाद्य एवं रसद विभाग के पोर्टल पर अब तक 1,09,709 किसान पंजीयन करा चुके हैं। किसी भी विषम परिस्थितियों के लिए खाद्य व रसद विभाग ने टोल फ्री नंबर 18001800150 जारी किया है।

## हिमाचल में कांग्रेस के छह विधायक अयोग्य करार, जाएंगे सुप्रीम कोर्ट


- विधानसभा अध्यक्ष ने दल बदल कानून के तहत की कार्रवाई
- राज्यसभा के लिए वोटिंग में भाजपा प्रत्याशी को दिया था वोट

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने राज्य की एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए हाल ही में हुए चुनाव में 'क्रॉस वोटिंग' करने के लिए गुरुवार को छह कांग्रेस विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया। बागी विधायकों ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का निर्णय लिया है। बागी विधायकों ने वित्त विधेयक पर सरकार के पक्ष में मतदान करने के पार्टी व्हिप की अवहेलना करते हुए विधानसभा में बजट पर मतदान से भी परहेज किया था।

अयोग्य घोषित किए गए विधायकों में राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा, इंद्रदत्त लखनपाल, देवेंद्र कुमार भुट्टो, रवि ठाकुर और चैतन्य शर्मा शामिल हैं। बागी विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद सदन में कुल विधायकों की संख्या 68 से घटकर 62 रह गई है। इससे कांग्रेस विधायकों की संख्या 40 से घटकर 34 हो गई है।

### पार्टी में सभी मतभेद दूर, संकट खत्म : शिवकुमार



**शिमला।** कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक डीके शिवकुमार ने गुरुवार को घोषणा की कि सभी मतभेद दूर हो गए हैं। सभी आंतरिक मामलों को सुलझाने के लिए एक समन्वय समिति बनाने का निर्णय लिया गया है। दावा किया कि राज्य की कांग्रेस सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। शिवकुमार ने ये बातें संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहीं, जिसमें दो अन्य केंद्रीय पर्यवेक्षक भूपेंद्र सिंह हुड्डा और भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और हिमाचल कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी शामिल थीं।

## पाकिस्तान भाजपा के लिए दुश्मन, हमारे लिए पड़ोसी देश

**बेंगलुरु।** कर्नाटक राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत के बाद पाकिस्तान समर्थक नारे लगने का मामला बढ़ता जा रहा है। इस मामले पर विधानसभा में भाजपा नेताओं ने हंगामा भी किया। इस बीच कांग्रेस नेता बीके हरिप्रसाद ने पाकिस्तान को लेकर एक ऐसा बयान दिया, जिसने मामले को और बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भाजपा के लिए दुश्मन हो सकता है, लेकिन कांग्रेस के लिए एक पड़ोसी देश है। हरिप्रसाद के इस बयान पर भाजपा ने कांग्रेस पर देश विरोधी भावनाएं उकसाने का आरोप लगाया है।

## 'प्रतिभा' से ग्रामीण क्षेत्रों में लाएंगे नवाचार

**विशेष**

- ग्रामीण विकास मंत्रालय का विकसित किया गया पोर्टल जल्द होगा लागू
- फ्लैगशिप कार्यक्रमों को मिलेगा बढ़ावा, सभी जिलाधिकारियों को पत्र

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में विकास के लिए अनुसंधान और नवाचार अपनाया जाएगा। इसके प्रोत्साहन के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रोग्राम फॉर एक्शन थ्रू इंटर्नशिप भारत (प्रतिभा) पोर्टल विकसित किया है।

ये पोर्टल जल्द ग्रामीण इलाकों में लागू होगा। इससे माध्यम से विकास मंत्रालय के फ्लैगशिप यानी महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों को बढ़ावा मिलेगा। संचालन के लिए ग्राम पंचायतों में प्रशिक्षित युवक (इंटर्न्स) रखे जाएंगे। इन्हें ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय से जुड़े सभी कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह ग्रामीणों को प्रेरित करेंगे और विकास के क्षेत्र में नवाचार पर काम करेंगे। गांव की बेहतरी के लिए क्या जरूरी है, इसकी खोज कर क्रियान्वयन भी करेंगे। शासन ने सभी जिलाधिकारी को पोर्टल के क्रियान्वयन के लिए पत्र जारी किया है। लखनऊ में इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है।



### हर ग्राम पंचायत पर रखे जाएंगे दो युवक

हर ग्राम पंचायत पर दो युवक रखे जाएंगे। इनका चयन दो माह के अंदर जिले स्तर पर होना है। विभाग युवाओं को कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षित करेगा। इसके बाद राज्य, जिला, ब्लॉक, उत्पादक, उद्यम, क्लस्टर, ग्राम पंचायत या फिर ग्रामीण विकास मंत्रालय की किसी योजना में तैनात किए जाएंगे। जो विकास के क्षेत्र में काम करेंगे। जिला स्तर पर इंटर्नशिप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिलाधिकारी बनाए गए हैं।

"ग्रामीण विकास मंत्रालय की यह पहल है। नवाचार से गांव के विकास में और बेहतरी आएगी। योजनाओं का क्रियान्वयन होगा और ग्रामीणों को उसका लाभ मिलेगा। इस पर काम करेंगे। - **हिमांशू शेखर ठाकुर**, जिला पंचायत राज अधिकारी, लखनऊ

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### प्रदेश में लोकसभा प्रत्याशी उतारेगी एआईएमआईएम

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव में ओसुविददीन औवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) भी मैदान में होगी। औवैसी ने इंडिया गठबंधन पर सौतेले व्यवहार का आरोप लगाते हुए प्रदेश की सात सीटों पर प्रत्याशी उतारने का एलान किया है। आजमगढ़, समेत बदांयू, संभल, मुरादाबाद, अमरोहा, मेरठ सीटों पर प्रत्याशी उतारने की घोषणा की है।

### माध्यमिक शिक्षा की मजबूती को 25 करोड़ रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री रविवार को गोरखपुर में माध्यमिक शिक्षा की मजबूती के लिए करीब 25 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उपहार देंगे। वह 26 माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों और 141 माध्यमिक विद्यालयों में प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास करेंगे।

# मांगा था वीआरएस, मिल गई नई तैनाती

## प्रशासनिक पदों से हटाए गए डॉक्टरों को बनाया गया वरिष्ठ परामर्शदाता

पदमाकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में प्रशासनिक पदों पर तैनात 62 साल उम्र पूरी कर चुके कुछ डॉक्टरों ने स्वैच्छिक सेवानिवृति (वीआरएस) मांगी थी। सरकार ने उनके प्रार्थनापत्र अस्वीकार कर नई जगह तैनात कर दिया। गुरुवार को दो सूचियां जारी कर 31 ऐसे डॉक्टरों की दूर दराज के जिलों में भेजा गया। कई को उनसे जूनियर डॉक्टरों के अधीन तैनाती दी गई है।

कई माह से प्रशासनिक पदों से सेवा मुक्त हुए ग्रेड चार के चिकित्सकों को बतौर वरिष्ठ परामर्शदाता नई तैनाती दी गई है। इनमें से कई अक्टूबर, कुछ



▶▶ 62 वर्ष की आयु पूरी कर चुके 31 डॉक्टरों की दो सूचियां की गईं जारी

नवम्बर, दिसम्बर व जनवरी में 62 साल के हुये हैं। इनमें ज्यादातर डॉक्टरों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्त के साथ तुरंत सेवाएं देने के दिशा निर्देश मांगे थे। स्वास्थ्य महानिदेशालय से कोई निर्देश जारी न होने से ढ़ाई दर्जन से ज्यादा डॉक्टर संबंधित कार्यालयों के चक्कर लगाते रहे। समायोजित सूची में शामिल ज्यादातर चिकित्सकों ने सूची पर असंतोष व्यक्त किया है।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर का कहना है डॉक्टरों की मांग के मुताबिक शासन ने जिलों में तैनाती दी है।

### सेवानिवृत्त हुए पांच अधिकारी

स्वास्थ्य विभाग में 62 साल की आयु पूरी करने वाले ग्रेड पांच व छह के पांच अधिकारी गुरुवार को सेवानिवृत्त हुए हैं। इनमें ग्रेड छह के बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ.अविनाश कुमार सिंह, मेरठ की डॉ.ईश्वर देवी बत्रा व अपर निदेशक डॉ.अर्चना त्यागी, लखनऊ में अपर निदेशक डॉ.संघमित्रा और प्रयागराज में प्रशिक्षण केन्द्र के प्रधानाचार्य डॉ.अशोक कुमार मिश्रा शामिल हैं।

### नोशनल पदोन्नति मिलनी चाहिए

अधिवर्षता आयु 62 से 65 साल किये जाने के जारी निर्देश में ग्रेड पांच व ऊपर के ग्रेड के चिकित्सकों को अनिवार्य सेवा निवृत्ति दी गई है। साथ ही ग्रेड चार के डॉक्टरों को प्रशासनिक पद से मुक्त रखते हुए चिकित्सकीय सेवाओं में रखने के निर्देश हैं। चिकित्सकों का कहना है कि अगर सरकारी सेवा लगातार जारी है तो 62 साल के बाद की सेवा के दौरान नियमानुसार डीपीसी या नोशनल पदोन्नति मिलनी चाहिये, ताकि ग्रेड पांच में पहुंचने पर चिकित्सक रिटायर हो सकें।

# शादी शून्य घोषित हो जाने के बाद भी दाखिल कर सकते हैं परिवाद

विधि संवाददाता, लखनऊ

▶▶ हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने महत्वपूर्ण निर्णय किया पारित

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए कहा है कि शादी के शून्य घोषित हो जाने के बावजूद पत्नी घरेलू हिंसा का मुकदमा दाखिल कर सकती है। न्यायालय ने कहा कि भले ही सक्षम न्यायालय द्वारा शादी को समाप्त किया जा चुका हो, इसका घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा 12 के तहत दाखिल परिवाद पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

यह निर्णय न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने पति की ओर से दाखिल याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है। प्रतापगढ़ के इस मामले में याची पति का कहना था कि उसकी और शिकायतकर्ता पत्नी की शादी को 26 मार्च 2021 को सक्षम न्यायालय द्वारा डिक्री पारित करते हुए शून्य घोषित किया जा चुका है। कहा गया कि उक्त पति-पत्नी के सपिण्ड होने के कारण उनका विवाह हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 5(वी) के तहत प्रतिबंधित था तथा पत्नी बायपोलर डिसॉर्डर से पीड़ित थी, इस तथ्य को छिपा कर उसने शादी की थी।

दलील दी गई कि परिवार न्यायालय द्वारा उनकी शादी शून्य घोषित हो चुकी है लिहाजा घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत पति के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

न्यायालय ने अपने निर्णय में इस दलील को खारिज करते हुए कहा कि अलग होने से पूर्व याची व विपक्षी पति-पत्नी की तरह ही रह रहे थे तथा एक घरेलू नातेदारी में थे, शादी के शून्य घोषित होने तक दोनों एक-दूसरे से शादी के रिश्ते में बंधे थे।न्यायालय ने और स्पष्ट करते हुए कहा कि यहां तक कि शादी के शून्य घोषित होने से पूर्व वे वैवाहिक रिश्ते में ही रहे, लिहाजा पत्नी घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत पीड़िता मानी जाएगी तथा उसे धारा 12 के तहत परिवाद दाखिल करने का पूर्ण अधिकार है।

# तहसील स्तर पर फायर स्टेशन वाला पहला राज्य होगा यूपी



कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास के बाहर आयोजित अग्नि सुरक्षा कवच के सुदृढ़ीकरण संबंधी कार्यक्रम में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यमंत्री योगी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, साथ में अन्य। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ मुख्यमंत्री ने 35 अग्निशमन वाहनों का फ्लैग ऑफ भी किया

▶▶ विभाग की ओर से लगाई गयी प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संकट के समय अग्निशमन सेवाओं की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रदेश सरकार ने अग्निशमन से जुड़े कानूनों के व्यापक रिफॉर्म तथा इन सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए समयबद्ध तरीके से कार्य किया है।

उन्होंने कहा 1944 से 2017 के बीच 73 वर्षों में केवल 288 फायर स्टेशन स्थापित किये गये जबकि पिछले 7 वर्षों में 71 नए फायर स्टेशन स्थापित किए गये। आज प्रदेश, तहसील स्तर पर एक-एक फायर स्टेशन स्थापित करने की दिशा में तेजी के साथ अग्रसर हो चुका है।

उन्होंने कहा कि जल्द ही उत्तर प्रदेश पूरे देश में ऐसा राज्य होगा, जहां तहसील स्तर पर फायर स्टेशन होंगे। उन्होंने बताया कि विभाग की सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए अब तक लगभग 1400 करोड़ रुपये दिये हैं।

मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित अग्निशमन सुरक्षा कवच के सुदृढ़ीकरण के लिए 25 जिलों के 34 अग्निशमन केन्द्रों का वर्चुअल लोकार्पण, 4 नए अग्निशमन केन्द्रों का शिलान्यास तथा 35 अग्निशमन वाहनों के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में बोल रहे। इस दौरान उन्होंने ने विभाग की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और अधिकारियों से अग्निशमन उपकरणों की जानकारी हासिल की।

**लोगों को करें प्रशिक्षित, मदद के लिए करें प्रेरित :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्कूल और कॉलेज में बच्चों के प्रशिक्षण के लिए भी प्रयास करना चाहिए। उनकी काउंसिलिंग को भी कार्यक्रम का हिस्सा बनाना चाहिए, क्योंकि सामान्य दिनों में केवल विभाग के भरोसे ही रहकर नहीं बल्कि घटना घटित होते ही बचाव शुरू हो, यह महत्वपूर्ण है।

इसके प्रति लोगों को पहले से तैयार कर सकें तो घटना के बाद जब तक सहायता पहुंचती है तब तक लोग स्वयं भी अपने स्तर पर बचाव अभियान की शुरुआत कर सकते। कार्यक्रम में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवा अविनाश चंद्र आदि शामिल थे।

### टेक्सटाइल सेक्टर में दुनिया को भारत का इंतजार

**अमृत विचार, लखनऊ :** टेक्सटाइल सेक्टर में हमारे हुनर, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी का इंतजार दुनिया का बाजार कर रहा है। भारत से 17 हजार करोड़ का कार्पेट एक्सपोर्ट होता है, जिसमें से 60 प्रतिशत कार्पेट उप्र. के भदोही, मीरजापुर और वाराणसी से भेजा जाता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित 'भारत टेक्स 2024' के चौथे दिन मीडिया से बातचीत के दौरान कही। वहीं प्रगति मैदान में योगी आदित्यनाथ को देखते ही लोगों ने भारत माता की जय और जय श्रीराम का नारा लगाकर उनका स्वागत किया। योगी ने 'भारत टेक्स 2024' के यूपी पॉवेलियन में आए सभी बायर्स और विजिटर्स का अभिनंदन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतने महत्वपूर्ण इवेंट में यूपी को पार्टनर स्टेट के रूप में भागीदार होने का अवसर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने यहां बताया कि लखनऊ की चिकनकारी, सीतापुर की दरी, बरेली की जरी जरदोजी और भदोही की कालीन को प्रमोट करने के लिए बीते सात साल में काफी कार्य हुआ है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने यहां देश के अलग अलग हिस्सों से आए और उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। इस मौके पर एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# रीयल एस्टेट में 50 हजार करोड़ का निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

▶▶ बड़े स्तर पर राज्य में युवाओं को मिलेंगी नौकरियां

**अमृत विचारः** हाल ही में संपन्न ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से रीयल एस्टेट सेक्टर में देश और दुनिया के कई बड़े निवेशकों ने अपनी योजनाओं को जमीन पर उतारने की शुरुआत कर दी है। इस सेक्टर में 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स की शुरुआत हो चुकी है।

इन प्रोजेक्ट्स के जरिए उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में युवाओं को बड़े पैमाने पर सेवायोजन का लाभ मिलेगा। सर्वाधिक 14 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर तो अकेले रीयल एस्टेट कंपनी एम3एम ही अपने प्रोजेक्ट के जरिए देने जा रही है। एम3एम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने पश्चिमांचल (गौतम बुद्ध नगर) में रेजिडेंशियल, कॉमर्शियल, ऑफिशियल, रिटेल और सर्विस अपार्टमेंट विकसित करने के लिए 7500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इस निवेश का उद्देश्य गौतमबुद्धनगर में रीयल एस्टेट सेक्टर को और अधिक बढ़ावा देना है, बल्कि वृहद पैमाने पर रोजगार सृजित करना भी है। माना जा रहा है कि इस निवेश के माध्यम से 14,000 से अधिक नौकरियां सृजित होंगी जो यूपी को रोजगार के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा।

इसके अलावा, अभिनंदन लोढ़ा हाउस ने मध्यांचल (अयोध्या) में 3000 करोड़ रुपए के एक लग्जरी रेजिडेंशियल और कॉमर्शियल रियल एस्टेट प्रोजेक्ट की शुरुआत की है, जिसमें 100 से अधिक नौकरियों के अवसरों का वादा किया गया है।

# सिपाही भर्ती परीक्षा में ब्लूटूथ से नकल कराने का आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ 18 फरवरी को होने वाली द्वितीय पाली का पेपर अपने सहयोगी को कराया था उपलब्ध

अमृत विचार। सिपाही भर्ती परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाईस का प्रयोग कराकर नकल कराने के वांछित अभियुक्त को एसटीएफ ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। वांछित अभियुक्त कपिल तोमर के खिलाफ गाजियाबाद में मुकदमा दर्ज था। इस मामले में चार अभियुक्त पहले ही पकड़े जा चुके है।

एसटीएफ के मुताबिक उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा में धांधली व फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह के सम्बन्ध में सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। इसी क्रम में मुखबिर से कपिल तोमर के लोनी क्षेत्र (गाजियाबाद) में मौजूद होने की सूचना पर दबोचा लिया गया है। पूछताछ में कपिल तोमर ने बताया कि उसके रिश्तेदारी का लड़का प्रदीप निवासी चंदोडी थाना बुढाना मुजफ्फरगगर से घनिष्ठता थी। प्रदीप पूर्व से ही प्रतियोगी परीक्षाओं में सॉल्वर बैठाकर एवं पेपर लीक कराकर धांधली करने का काम करता था। 2022 में रेलवे की ग्रुप डी की परीक्षा में धांधली करते हुए पकड़ा गया था और जेल गया था। जेल से बाहर आने पर इसकी मुलाकात मिन्टू उर्फ प्रवीन बालियान निवासी ग्राम फुटबा थाना शाहपुर मुजफ्फरनगर से हुई थी, जो प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली का काम करता था। कपिल तोमर ने यह भी बताया कि उसने 18 फरवरी को होने वाली द्वितीय पाली का पेपर अपने सहयोगी गुरुवचन निवासी ग्राम बेहडा थाना सिखेडा मुजफ्फरनगर को भेजा था।

### यूपी बोर्ड की जीव विज्ञान परीक्षा दोबारा कराई जाए

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी बोर्ड 12वीं के दो पेपर लीक हो जाने को लेकर आम आदमी पार्टी के शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह राठौड़ ने योगी आदित्यनाथ को नाकाम मुख्यमंत्री बताया। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिये।

उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो और यूपी बोर्ड की जीव विज्ञान की परीक्षा रद्द कर करके दुबारा कराई जाए। आप के शिक्षक प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष ने गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में कहा कि प्रदेश सरकार नौनिहालों और प्रतियोगी छात्रों के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ कर रही है। व्हाट्सएप पर पेपर वायरल हो रहे हैं, बिना पेपर लीक हुए परीक्षा कराने में सरकार फेल हुई है। लगातार पेपर लीक की घटनाए सामने आ रही है। ऐसा मुख्यमंत्री जो बोर्ड की परीक्षा भी ढंग से न करवा सके, ऐसे मुख्यमंत्री को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए।

### पहले राज्य इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के प्रशिक्षण केंद्र राहत गुरुकुलम की शुरुआत

**अमृत विचार,लखनऊ :** उप्र. में आपदाओं से निपटने के लिए अब एसडीआरएफ के साथ-साथ बड़ी संख्या में प्रशिक्षित वर्क फोर्स को तैयार किया जा सकेगा। इसके लिए राज्य सरकार ने गुरुवार को प्रदेश के पहले राज्य इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के प्रशिक्षण केंद्र ''राहत गुरुकुलम'' की शुरुआत कर दी है। इस अत्याधुनिक केंद्र के माध्यम से एसडीआरएफ के साथ ही प्रदेशभर के आमजनमानस को भी आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके जरिये प्रदेश में आपदा से निपटने के लिए प्रशिक्षित लोगों की पूरी फौज तैयार की जाएगी ताकि आपदा से होने वाली जनहानि और धनहानि को न्यूनतम किया जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप गुरुवार को देवा रोड चिनहट स्थित मंडलीय राजस्व प्रशिक्षण केन्द्र में राज्य इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में 'राहत गुरुकुलम्'की शुरुआत की गई। इसका शुरुआत मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने की। आपदाओं के न्यूनीकरण के लिए विभिन्न विभागों, संस्थानों, अन्य स्टेकहोल्डर्स को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देने के लिए अभी तक विभाग का अपना कोई स्थायी प्रशिक्षण केंद्र नहीं था।

### डीजी मुकुल गोयल सेवानिवृत

**अमृत विचार,लखनऊ :** उप्र कैडर के वरिष्ठतम आईपीएस डीजी नागरिक सुरक्षा, मुकुल गोयल गुरुवार को सेवानिवृत हो गए। 1987 बैच के आईपीएस अफसर मुकल गोयल डीजीपी के पद से हटाए जाने के बाद 11 मई 2022 से डीजी नागरिक सुरक्षा के पद पर तैनात थे।केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस आने के बाद जून 2021 में उन्हें डीजीपी के पद पर तैनाती मिली थी। वह करीब 11 महीने तक डीजीपी के पद पर रहे। बाद में प्रदेश सरकार ने 11 मई 2022 को उन्हें डीजीपी पद से हटा दिया था। उसके बाद 13 मई को देवेंद्र सिंह चौहान को कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया था।






गेहूँ खरीद
वर्ष 2024-25

प्रदेश के न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत
गेहूँ की सरकारी खरीद
दिनांक 1 मार्च, 2024 से प्रारंभ

गेहूँ की बिक्री हेतु किसानों को खाद्य एवं रसद विभाग के पोर्टल fcs.up.gov.in अथवा विभाग के मोबाइल ऐप UP Kisan Mitra पर पंजीकरण/नवीनीकरण कराना अनिवार्य

इस वर्ष बटाईदार कृषकों द्वारा भी पंजीकरण कराकर गेहूँ की बिक्री की जा सकेगी

गेहूँ का समर्थन मूल्य ₹2275/- प्रति क्विंटल

कृषक भाइयों से अपील

- कृषक का बैंक खाता आधार सीडेड (अर्थात् बैंक खाता आधार से जुड़ा हो) एवं बैंक द्वारा एन.पी.सी.आई. पोर्टल पर मैप एवं सक्रिय होना आवश्यक है।
- गेहूँ के मूल्य का भुगतान पी.एफ.एम.एस. के माध्यम से सीधे किसानों के आधार लिंक्ड बैंक खाते में यथासम्भव 48 घंटे के अंदर किए जाने की व्यवस्था।
- किसानों की सुविधा के लिए नामिनी की व्यवस्था।
- 100 क्विंटल की सीमा तक गेहूँ विक्रय के लिए सत्यापन से छूट (बटाईदार कृषक एवं चकबंदी ग्रामों को छोड़कर)।
- केंद्र प्रभारी द्वारा कृषक के गेहूँ अस्वीकरण की दशा में तहसील स्तर पर कार्यरत क्षेत्रीय विपणन अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष अपील की व्यवस्था।
- गेहूँ विक्रय हेतु इच्छुक किसान खाद्य एवं रसद विभाग के टोल-फ्री नंबर 1800-1800-150, क्रय एजेंसियों के क्रय केंद्र प्रभारी /क्रय एजेंसियों के जनपद/सम्भाग स्तर के अधिकारियों से दूरभाष पर सम्पर्क कर अथवा मिस्डकॉल कर अपना पंजीकरण /नवीनीकरण करा सकेंगे।

खाद्य एवं रसद विभाग उत्तर प्रदेश के पोर्टल UP KISAN MITRA पर पंजीकरण/नवीनीकरण प्रारंभ

इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट आफ परचेज (ई-पॉप) मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण करते हुए खरीद

इस वर्ष खाद्य विभाग व अन्य क्रय एजेंसियों के कुल 6500 क्रय केंद्र स्थापित करने की योजना

किसान पंजीकरण/नवीनीकरण, भूमि के रकबे का सत्यापन, खरीद व MSP पेमेंट की अद्यतन स्थिति जानने हेतु गूगल प्ले स्टोर/QR कोड के माध्यम से UP Kisan Mitra मोबाइल ऐप डाउनलोड करें।

किसान भाइयों से अनुरोध है कि गेहूँ को ओसाकर, छन्ने से मिट्टी, कंकड़, धूल, विजातीय पदार्थों को हटाकर एवं अच्छी तरह सुखाकर क्रय केंद्र पर विक्रय हेतु लाएं।

गेहूँ क्रय की अवधि सम्पूर्ण प्रदेश में
दिनांक 01.03.2024 से 15.06.2024 तक

क्रय केंद्र प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से सायंकाल 6:00 बजे तक खुले रहेंगे।
(रविवार एवं राजपत्रित अवकाश को छोड़कर)

कृषक किसी भी सहायता के लिए टोल फ्री नम्बर 1800-1800-150 या संबंधित जनपद के जिला खाद्य विपणन अधिकारी, तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लॉक के विपणन निरीक्षक से सम्पर्क कर सकते हैं।

खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश

## शहर में आज



- अवध शिल्प ग्राम में दिव्य अनुभूति मेला-10:00 बजे।
- मलिहाबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत मनकौटी व कौथुलिया के पंचायत घर में चौपाल-11:00 बजे।
- भाषा विश्वविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन- 12:00 बजे।
- शक्ति सम्मान रेल विहार कालोनी गोमतीनगर में द ग्रेट शक्तिस्वरूपा उत्सव- 12:30 बजे।
- सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर क्यू अलीगंज में केशव सभागार का लोकार्पण- 4:00 बजे।

## एक नजर

### वातानुकूलित बसों में किराए में छूट 31 मार्च तक बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश में वातानुकूलित बसों में सफर करने के दौरान किराए में मिलने वाली छूट खत्म नहीं होगी। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह द्वारा सर्दी के दिनों में वातानुकूलित बसों में 10 प्रतिशत कम किराया देकर यात्रा करने की सुविधा उपलब्ध मुहैया कराई थी। जिसे बढ़ाकर अब 31 मार्च तक कर दिया गया है।

### 2 मार्च से जेल भरो आंदोलन की दी चेतावनी

**अमृत विचार, लखनऊ:** 69,000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित आरक्षित वर्ग के तीन गिरफ्तार अभ्यर्थियों को पुलिस ने गुरुवार को रिहा कर दिया। अभ्यर्थियों को पुलिस ने 25 फरवरी की रात को गिरफ्तार किया था। शिक्षक अभ्यर्थी पिछले 620 दिन से अपनी नियुक्ति की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा कि यदि शुक्रवार शाम तक हमारी मांग पर कोई फैसला नहीं लिया गया तो दो मार्च को सभी 6800 चयनित शिक्षक अभ्यर्थी जेल भरो आंदोलन करेंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

# स्मार्ट सिटी को करंट मार रहे खुले तार

## तारों को अंडर ग्रांउड करने की योजना ठप, आलमबाग, कैसरबाग और चौक के लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** स्मार्ट सिटी योजना के तहत जिन इलाकों में बिजली के तारों को अंडर ग्राउंड किया जाना था, वहां आज भी बिजली के खुले तार खंभों पर लटक रहे हैं। बजट के अभाव में काम ठप हो गया है। खुले और लटके तारों में स्पार्किंग से फाल्ट होते हैं, जिससे अक्सर बिजली गुल हो जाती है। चिंगारियों के कारण हादसों की आशंका भी बनी रहती है।

विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार आलमबाग, कैसरबाग, अमीनाबाद, नजीराबाद, भूतनाथ और चौकक्षेत्र में अंडर ग्राउंड केबिल को बिछाने का कार्य किया गया।

फंड के अभाव में स्मार्ट सिटी की यह योजना पूरी नहीं हो सकी। जिन क्षेत्रों में प्राथमिकता से काम किया जाना था, वहां भी खंभों पर तार झूल रहे हैं। इसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। खुले तारों के आपस में टकराने से चिंगारियां निकलती रहती हैं। फाल्ट होने से घंटों बिजली गुल रहती है। कई क्षेत्रों में लो वोल्टेज की समस्या भी बनी हुई है। आलमबाग, कैसरबाग और चौक से रोजाना शिकायतें उपकेंद्रों पर पहुंच रही हैं।



कदम रसूल वार्ड में घरों की छतों के पास फैला तारों का मकड़जाल। अमृत विचार



तारों के बोझ से झुका खंभा।



गोमतीनगर में खंभे पर लगे तार।

### तार डाल कर गड्ढों को बंद तक नहीं किया गया

आलमबाग के दुकानदारों बताया कि तारों को अंडर ग्राउंड किए जाने की योजना में कई जगह सड़कें खोदी गई। इन्हें आज तक ठीक नहीं किया गया। कई जगहों पर तार अभी भी खंभों पर ही लगे हैं, जिनसे बिजली आपूर्ति की जा रही है। कई जगहों पर तार डालने के लिए खोदे गए गड्ढे बंद नहीं किए गए हैं।

> शहर में अंडरग्राउंड केबिल को बिछाने का काम की शुरुआत हुआ था। इस समय यह कार्य विभाग की ओर से नहीं किया जा रहा है। फंड मिलते ही बार फिर योजना पर काम शुरू कर दिया जाएगा।
>
> -**सुनील कपूर**, मुख्य अभियंता, ट्रांस गोमती

### ई-रिक्शा चालक ने बाइक सवार को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ:** गुडंबा के कल्याणपुरी कॉलोनी निवासी आशीष कुमार बुधवार सुबह 9 :45 बजे वह बाइक से कार्यालय जा रहे थे। तभी डंडहिया बाजार चौराहे के पास ई-रिक्शे से उनकी बाइक छू गई। विरोध पर ई-रिक्शा चालक उन्हें गाली-गलौज करने लगा और डंडे से उनकी पिटाई कर दी। पिटाई में वह काफी घायल हो गए। आरोप है कि रिक्शा चालक ने डंडे से उनकी बाइक व हेलमेट भी तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक नीतीश कुमार ने बताया कि अज्ञात ई-रिक्शा चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# एक जेई के भरोसे चल रहे एलडीए के प्रवर्तन जोन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- प्रवर्तन जोन पांच और छह में एक-एक जेई पर अवैध निर्माण रोकने की जिम्मेदारी
- जोन पांच में दो जेई बन चुके हैं सहायक अभियंता, जोन सात में एक जेई निलंबित

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन में अभियंताओं की कमी अवैध निर्माण पर भारी पड़ रही है। जहां तीन से चार अभियंता तैनात थे अब एक जेई के भरोसे चल रहे हैं।

प्रवर्तन जोन पांच और छह में अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए केवल एक-एक अवर अभियंता तैनात है। जोन पांच में दो अवर अभियंता अब सहायक अभियंता बन गए हैं। क्षेत्र बड़ा है और अकेले अवर अभियंता सुभाष शर्मा के पास अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी है। इसी तरह प्रवर्तन जोन छह में भी केवल एक अवर अभियंता शिव कुंवर की तैनाती है। इनसे प्रवर्तन जोन नहीं संभल रहा है। दूसरे अवर अभियंता इम्तियाज अहमद निलंबित चल रहे हैं। जिससे अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने की एलडीए उपाध्यक्ष की मंशा पर पानी फिर रहा है वहीं आईजीआरएस पोर्टल पर अवैध निर्माण से सम्बंधित शिकायतों की सूची लंबी होती जा रही है।

### विभूतिखंड में आवासीय भूखंड पर बन रहा कॉम्प्लेक्स सील

लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने गुरुवार को गोमती नगर के विवेकखंड में आवासीय भूखंड पर बन रहे कॉम्प्लेक्स को सील कर दिया। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन एक ने बताया कि गीता भट्ट व अन्य द्वारा विवेकखंड में भूखंड संख्या 4/45 में लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल में स्वीकृत आवासीय मानचित्र के विपरीत बनाए जा रहे व्यावसायिक भवन को सील कर दिया। कार्रवाई सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंताओं ने प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के सहयोग से की गयी।

## मुख्य अभियंता ने ट्रांसगोमती के उपकेंद्रों का किया निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** अनुरक्षण कार्य के अंतिम दिन ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता ने गुरूवार को कई उपकेंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान कर्मचारियों और अधिकारियों से पूरे माह चले कार्यों की विस्तार से जानकारी ली।इसके साथ ही कई उपकेंद्र अधिकारियों को कार्य की धीमी प्रगति पर जमकर फटकार लगाई। मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बताया कि फरवरी माह अनुरक्षण कार्य का अंतिम दिन था। जिसमें क्षेत्रों के जर्जर एलटी लाइन,फीडरो की मेंटीनेंस,ट्रांसफार्मरों की रिपेयरिंग सहित पेड़ों की कटाई-छटाई का काम पूरा किया गया है। इन्ही कार्यों का जायजा लेने के लिए आज बीकेटी, जानकीपुरम सहित कई उपकेंद्रों का दौरा कर कार्यों की समीक्षा की।साथ ही उपभोक्ताओं को चौबीसों घंटे बिजली की आपूर्ति हो सके इसके लिए अनुरक्षण कार्य निरंतर करते रहने के लिए दिशा निर्देश जारी किये हैं।

# अहिबरनपुर में हाई वोल्टज से फुंके घरों के उपकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अनुरक्षण कार्य के बाद कभी हाई कभी लो हो जाता है वोल्टेज
- शिकायत के बाद भी जांच के लिए नहीं आते बिजली कर्मचारी

**अमृत विचार :** ट्रांसगोमती के अहिबरनपुर में गुरुवार को हाई वोल्टज के कारण कई घरों के बिजली उपकरण फुंक गये। इलाके में आरडीएसएस योजना के तहत जर्जर तारों की जगह नई एबीसी लाइन डाली जा रही है।जिसके चलते क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित होने के साथ हाई और लो वोल्टज की समस्या बनी हुई है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार क्षेत्र में तारों को बदलने का कार्य किया जा रहा है। इसके कारण यहां कभी भी वोल्टज हाई या लो हो जाता है। हमारे घरों के फ्रिज,टीवी,माइक्रोवेव सहित कई उपकरण फुंक रहे हैं। उपकेंद्र पर शिकायत भी की गई है, लेकिन कोई बिजली कर्मचारी नहीं आया।

अहिबरनपुर के कर्बलाढ़ाल,मदेयगंज के कई घरों में अचानक वोल्टज हाई हो गया। जिसके कारण कई उपभोक्ताओं के टीवी,फ्रिज और अन्य बिजली उपकरण जल गये। लोगो ने इस बात की जानकारी उपकेंद्र पर दी लेकिन काफी देर तक समस्या बनी रही। कर्बलाढ़ाल निवासी नुसरत अली ने बताया कि इलाके के जर्जर तारों को बदला जा रहा है। इसके कारण यहां आए दिन कोई ना कोई समस्या बनी हुई है। यहां रात दिन कभी भी वोल्टज हाई या लो हो जाता है। कर्मचारियों को फोन कर पूरे मामले की जानकारी दी है, लेकिन कोई भी कर्मचारी इलाके में देखने तक नही आया।

वीरेंद्र कुमार ने बताया कि एबीसी लाइन तो डाली जा रही है। लाइन सही से पड़ रही है कि नहीं ये देखने कोई नही आता है। बिजली की सप्लाई शुरू होने के बाद अचानक वोल्टज हाई हो रहा है। जिसके कारण हमारे घर का टीवी और टुल्लू पंप फुंक गए हैं।आखिर इन सबका जिम्मेदार कौन है जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

एसडीओ अहिबरनपुर के अनुसार मेरे संज्ञान में इस तरह की कोई सूचना नही है। अगर क्षेत्र में हाई वोल्टज हुआ है,तो उसे चेक कराया जायेगा।

### कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति रही बाधित

**अमृत विचार, लखनऊ:** राजधानी के कई क्षेत्रों में गुरुवार को घंटों बिजली गुल रही। जानकीपुरम विस्तार में अनुरक्षण कार्य के चलते दिनभर बिजली की आवाजाही बनी रही। शहर के सरोजनीनगर इलाके सहित अहिबरनपुर के मदेयगंज के उपभोक्ताओ को आज फिर बिजली की आवाजाही के कारण खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अलीगंज के बड़ा चांदगंज,नेहरूवॉल वाटिका,हाइडिल कॉलोनी के साथ पुरनिया सेक्टर-के और अलीगंज के चांदगंज गार्डेन में घंटों बिजली गुल रही। स्थानीय निवासियों के हर दिन बिजली की सप्लाई घंटों बाधित हो रही है। जिसके चलते बच्चों की पढ़ाई सबसे अधिक प्रभावित हो रही है।उपकेंद्र पर अधिकारियों को इससे अवगत कराया गया। बावजूद ये रोज कई घंटो के लिए बिजली की सप्लाई को बंद कर रहे है।वही अहिबरनपुर एसडीओ ने बताया कि अनुरक्षण कार्य के चलते बिजली की सप्लाई को बंद किया जाता है। कार्य के पूरा होते ही इलाके की बिजली की सप्लाई को सामन्य कर दिया जाता है।

# रिफंड के बदले घूस के आरोपी बाबू को क्लीन चिट

- आवंटी ने आवास विकास के बाबू पर लगाया था 10,000 रुपये लेने का आरोप
- आवंटी ने सीयूजी नंबर से जुड़े बैंक खाते में ऑनलाइन डाले थे 5,000 रुपये
- प्रथम दृष्टया शिकायत सही मिलने पर बाबू को किया गया था मुख्यालय से सम्बद्ध

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद में आवंटी से घूस लेने और अनियमितता करने के आरोपी बाबू को जांच में क्लीन चिट मिल गई है। शिकायत के बाद प्रथम दृष्टया आरोप सही आए जाने पर बाबू को मुख्यालय अटैच कर दिया गया था। बाबू पर रिफंड दिलाने के बदले 10,000 रुपये घूस मांगने का आरोप था।

परिषद ने वृंदावन योजना सम्पत्ति कार्यालय में तैनात रहे बाबू रवि सिंह को प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर 25 मई 2023 को वृंदावन योजना सम्पत्ति कार्यालय से हटाकर मुख्यालय के पेंशन अनुभाग में सम्बद्ध कर दिया था। विभागीय जांच के लिए उप आवास आयुक्त लखनऊ जोन को नामित किया था। जांच रिपोर्ट में आरोप सिद्ध न होने का हवाला दिया गया है। इसके आधार पर अपर आवास आयुक्त एवं सचिव ने 20 फरवरी 2024 को विभागीय जांच समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया है। आवास विकास में भ्रष्टाचार के मामलों की विभागीय जांच पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि ले-देकर जांच समाप्त हो जाती हैं। ऐसे मामले बहुत कम हैं जिसमें कोई आरोपी जांच में दोषी सिद्ध हुआ हो।

### यह था मामला

शिकायतकर्ता ओमप्रकाश की भतीजी श्वेता ने आवास विकास की वृंदावन योजना के सेक्टर 13 में ईडब्ल्यूएस फ्लैट संख्या 13 बी- 24/एस 22 की पहले आओ पहले पाओ योजना के तहत 7 फरवरी 2022 को ऑनलाइन बुकिंग कराई थी। परिषद के बैंक खाते में 63,201 रुपये भी जमा कर दिए। तत्कालीन बाबू ने प्रपत्र देखने के बाद ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र जमा करने के लिए कहा। ईडब्ल्यूएस श्रेणी में न होने से उन्होंने धनराशि वापसी के लिए रिफंड की औपचारिकता पूरी कर दी। कई महीने चक्कर लगाने के बाद ओमप्रकाश बाबू रवि सिंह से मिले। आरोप था कि बाबू ने बिना कटौती के रिफंड के लिए 10,000 रुपये घूस मांगी। ओमप्रकाश ने 5,000 रुपये बाबू के सीयूजी नंबर से जुड़े बैंक खाते में जमा कर दिया। इसके 5,000 रुपये और मांगे। इस पर आवास विकास में लिखित शिकायत दर्ज करने के साथ बाबू के खाते में घूस के पैसे देने के साक्ष्य भी दिए थे।

### फर्जी तरह से आवास बांटे, रुकी वेतन वृद्धि

**अमृत विचार, लखनऊ:** मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत में चार लोगों को प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) फर्जी तरह से आवंटित किए गए। जांच में फर्जीवाड़ा उजागर होने पर तत्कालीन सचिव के वेतनवृद्धि पर रोक लगा दी गई। जबकि अन्य पर कार्रवाई की संस्तुति की गई। पिछले वर्ष ग्राम राती में ग्रामीणों की शिकायत पर सीडीओ ने आवास की जांच डीपीआरओ हिमांशु शेखर से कराई। जांच में पाया कि जिन चार लाभार्थियों को आवास दिए गए वह अपात्र हैं। फर्जी अभिलेख लगाकर शपथ पत्र में तथ्य छिपाकर दर्शाए। चयन समिति को भी भ्रमित किया गया। जांच में तत्कालीन सचिव, प्रधान, सहायक विकास अधिकारी व दो अन्य सचिव की लापरवाही उजागर हुई। तत्कालीन सचिव ने जियो टैगिंग तक नहीं कराई। ऐसे में दोषी पाए जाने पर तत्कालीन सचिव के वेतन वृद्धि पर रोक लगा दी गई। जबकि अन्य पर कार्रवाई की संस्तुति के लिए डीपीआरओ ने सीडीओ को लिखा है।

### लखनऊ-अयोध्या हाईवे की बाजारों पर बनेंगे विलेज हॉट

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ-अयोध्या हाईवे स्थित ग्रामीण क्षेत्रों की बाजारों में विलेज हॉट बनाए जाएंगे। जहां, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं हाथ से बने उत्पादों की बिक्री करेंगे। विलेज हॉट समूह की आजीविका में सहायक साबित होंगे। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत ग्रामीण परिवारों को एक वर्ष में 100 दिन का रोजगार देना है। 100 दिन के रोजगार में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह को भी लाभान्वित करना है। इस क्रम में समूह की महिलाओं के लिए लखनऊ-अयोध्या हाईवे स्थित ग्रामीण बाजारों में विलेज हॉट बनाए जाएंगे। निर्माण मनरेगा के तहत किया जाएगा।

## युवती से बदसलूकी का विरोध करने पर नेवी अधिकारी भाई को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृष्णानगर इलाके में मोबाइल सेंटर के सामने स्कूटी खड़ा करने पर दुकानदार ने युवती से बदसलूकी की। इसका विरोध करने पर दुकानदार ने अपने साथियों संग नेवी अधिकारी पर हमला बोल दिया। पीड़ित की तहरीर पर कृष्णानगर कोतवाली में दुकानदार सहित चार पर एफआईआर दर्ज की गई है।

प्रभारी निरीक्षक कैलाश दुबे के मुताबिक, हिंदनगर की रहने वाली युवती बुधवार को भतीजे की दवा लेने गई थी। आरोप है कि अस्पताल के नजदीक मोबाइल सेंटर के पास गाड़ी खड़ी कर दी।

तभी दुकानदार करन ने इस पर अपशब्द कहे। भतीजे की दवा लेकर घर पहुंची और भाई को पूरी घटना बताई। इस पर भाई बहन से बदसलूकी को लेकर दुकानदार करन के पास पहुंचा। आरोप है कि दुकानदार ने साथी अमित, संदीप व अन्य अज्ञात लोगों के संग युवती के भाई पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। चीख सुन लोगों को आता देख आरोपी भाग निकले। इसके बाद भाई को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवती का भाई नेवी अफसर है। तहरीर के आधार पर हमलावरों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# अकबर नगर में 24 शोरूम व दुकानें ध्वस्त

## एलडीए की टीम ने 10 जेसीबी व पोकलैंड की मदद से आठ घंटे तक मलबे को भी कराया बराबर



अकबर नगर में तोड़े गए शोरूम के मलबे से सामान बीनते बच्चे। अमृत विचार



गृहस्थी के सामान को लोडर पर रखती महिला, व अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** अकबरनगर में कुकरैल बंधे और नदी पर बने 24 शोरूम व दुकानों का नामोनिशान मिट गया है। मंगलवार को उच्च न्यायालय का आदेश आते ही एलडीए ने 24 दुकानों को ध्वस्त कर दिया था।

बुधवार को देर शाम एलडीए की टीम ने 10 जेसीबी व पोकलैंड की मदद से आठ घंटे तक चली कार्रवाई में मलबे को बराबर कर दिया। जिनकी दुकानों टूट चुकी हैं उन्होंने मलबे से बचा सामान कबाड़ी को बेच दिया। कई दुकानदार व शोरूम संचालक अपना सामान निकालकर सुरक्षित जगह पर ले जाते रहे। अभी 77 दुकानें और शोरूम ध्वस्त किये जाने हैं। न्यायालय से आदेश जारी होते ही एलडीए इन्हें ध्वस्त करेगा।

अकबरनगर में लगभग 1200 मकान, शोरूम, दुकानें और कॉम्प्लेक्स ध्वस्त किये जाने हैं।

# विस्थापितों को आवास देने के लिए पंजीकरण बंद

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- पात्र विस्थापितों को एलडीए देगा प्रधानमंत्री आवास
- अब तक 60 लोगों को एलडीए वसंतकुंज योजना में दिये जा चुके हैं प्रधानमंत्री आवास

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अकबरनगर में कुकरैल बंधे और नदी पर बने मकानों के विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास देने के लिए पंजीकरण बंद कर दिया है। प्राधिकरण अब केवल पात्र विस्थापितों को ही आवास देगा।

अभी तक लगभग 60 लोगों को प्राधिकरण हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास आवंटित कर चुका है। एलडीए लगभग तीन महीने से विस्थापितों को मकान देने के लिए पंजीकरण करा रहा था।

उच्च न्यायालय से 21 दिसम्बर को मकान व दुकानों के ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने के बाद अकबरनगर के निवासी पंजीकरण कराने नहीं आ रहे थे। उच्च न्यायालय ने एलडीए को वहां रहने वालों के पुनर्वास के आवेदन के लिए चार सप्ताह का समय दिया था। इसके बावजूद लोग पंजीकरण कराने नहीं पहुंचे। इसके बाद जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला प्रशासन, नगर निगम, एलडीए, डूडा और पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर पात्र विस्थापितों का चयन करने के टीम बनाई गयी थी। जिसमें लगभग 276 पात्र परिवार चिन्हित किए गए थे। इसके बाद से एलडीए ने आवास के लिए नये पंजीकरण कराना बंद कर दिया है। अब न्यायालय के आदेश के बाद अवैध बने मकानों का ध्वस्तीकरण किया जाएगा।

### याचिकाकर्ता को राहत नहीं, चार तक सामान हटाने का मौका



**अमृत विचार, लखनऊ:** अकबरनगर के 24 दुकानदार व शोरूम संचालकों को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली है। मंगलवार को उच्च न्यायालय से अपील खारिज होने के बाद एक याचिकाकर्ता विष्णु स्वरूप चौरसिया की अपील पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई में कोई राहत नहीं मिली है। यह जानकारी प्राधिकरण के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी भूमि पर किये गए सभी व्यावसायिक एवं आवासीय निर्माण को अवैध करार दिया है। साथ ही 4 मार्च की रात 12 बजे से पहले स्वयं सामान हटा लेने का मौका दिया है। अपर सचिव ने बताया कि इसके बाद एलडीए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करेगा।

**सार्थक प्रयास** | एमआईईटी के छात्र के शोध से सहारे तैयार हुई बिजली

# गांवों को रोशन कर रहे 'गोशाला के नंदी'

जीशान कदीर, लखनऊ,

**अमृत विचार :** फसलों के लिए मुसीबत बने छुट्टा सांड अब बिजली तैयार करने में लगाए जाएंगे। एमआईईटी के छात्र की मदद से इस पर काम भी शुरू कर दिया गया है। सांडों के जरिये तैयार बिजली से गोशाला और दो गांव रोशन हो रहे हैं। शोधार्थी छात्र का कहना है कि शासन से स्वीकृत मिलते ही प्रदेश की सभी गोशालाओं में सांडों के सहयोग से बिजली तैयार की जाएगी।

देश में बैलों के जरिये कोल्हू चलाकर सरसों व गन्ने की पेराई और पनचक्की चलाने का काम होता आया है। मशीनीकरण के कारण बैलों पर निर्भरता न के बराबर हो गई। पशुपालक गोवंश को छुट्टा छोड़ने लगे। मेरठ निवासी एमआईईटी के शोधार्थी सुशील चौहान ने कोल्हू की तरह चलने वाले यंत्र से बिजली उत्पादन शुरू किया।



कोल्हू जैसे यंत्र के सहारे बिजली तैयार करते गोशाला के सांड। अमृत विचार

**इस तरह से तैयार हो रही बिजली:** नया शोध कोल्हू की तरह ही है। इसमें बीच के स्थान पर गेयर बॉक्स को डिजायन किया गया है। अल्टरनेटर लगा है। इसमें तारों की वाइंडिंग से जुड़ा स्टेटर भी है, जो चुंबकीय क्षेत्र तैयार करता है। इन्हीं व्यवस्थाओं के सहारे सांड/ बैलों के घुमाये जाने पर बिजली उत्पन्न होती है। एक बैल/सांड की जोड़ी प्रति घण्टे 8 यूनिट से अधिक बिजली तैयार करती है।

**हादसे ने दिखाई राह :** सुशील बताते हैं एक बार राजस्थान से घर लौट रहे थे। रास्ते में उनकी कार हादसे की शिकार हो गई। हादसा छुट्टा जानवर के कारण हुआ। सुशील और जानवर दोनों चोटिल हो गए। तभी से मन बना लिया कि छुट्टा जानवरों की मदद करेंगे। इससे हादसे भी नहीं होंगे।

### एक घंटे में आठ यूनिट बिजली का उत्पादन

सुशील के मुताबिक बिजली उत्पादन के लिए गोशालाओं में सांड की मदद ली। इंक्यूबेशन सेण्टर पर बिजली तैयार करनी शुरू की। एक जोड़ी जानवरों को एक घंटे तक कोल्हू में चलाया। इससे आठ यूनिट बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। बिजली ने गौशाला के अलावा दो गांव के लोगों के घरों को रोशन कर रहे हैं। सुशील प्रदेश की सभी गोशालाओं में इस तरह से बिजली तैयार करना चाहते हैं, ताकि जानवरों को छुट्टा न छोड़ा जाए। इससे हादसे व फसलों के नुकसान को भी रोका जा सकता है।

**हादसों में उप्र का आंकड़ा सर्वाधिक:** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार, देश में हुई दुर्घटनाओं में सबसे अधिक आंकड़ा उप्र का है। बीते वर्ष में मृत्यु होने वाले राहगीरों की संख्या 24,711 रही है। जिसमें छुट्टा जानवरों की चपेट में आने वाले 44 .5 प्रतिशत लोग शामिल हैं।

## फिर औचक निरीक्षण दो कर्मी मिले नदारद

**अमृत विचार, लखनऊ:** समाज कल्याण निदेशालय में कर्मचारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। निदेशक की चेतावनी के बाद भी दो कर्मी बिना सूचना के कार्यालय समय में गायब थे। दोनों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

बता दें कि दो सप्ताह पूर्व समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने निदेशालय का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण में आठ कर्मी कार्यालय से बिना किसी सूचना के गायब थे। उनको सख्त चेतावनी दी गई थी कि भविष्य में ऐसा हुआ तो कार्रवाई होगी। गुरुवार की सुबह फिर औचक निरीक्षण हुआ तो दो कर्मी समय से कार्यालय नहीं पहुंचे थे और कोई सूचना भी नहीं दी थी। निदेशक ने दोनों को तलब किया। निदेशक ने बताया कि दोनों को नोटिस जारी किया गया है

# नगर विकास की 3,501 परियोजनाएं हुईं लोकार्पित

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- 170 निकायों को मिली 654.07 करोड़ रुपये की परियोजनाएं

**अमृत विचार :** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने गुरुवार को 654.07 करोड़ रुपये लागत की 3501 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। साथ ही कान्हा गौशाला योजना के अंतर्गत 34.80 करोड़ रुपये की 31 परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

नगर विकास मंत्री ने जल निगम फील्ड हास्टल 'संगम' में कार्यक्रम के दूसरे चरण में 41 जिलों की 170 निकायों में पांच नगर निगमों, 31 नगर पालिका परिषदों, 134 नगर पंचायतों में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। एके शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत 235.22 करोड़ रुपये की सड़क, नाली, फुटपाथ की 1219 परियोजनाएं, 42.63 करोड़ रुपये की जल निकासी की 191 परियोजनाएं, 19.82 करोड़ रुपये की विद्यालय मरम्मत व ऑगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण की 149 परियोजनाओं का लोकापर्ण हुआ। 4.68 करोड़ रुपये की मुख्य व्यापारिक क्षेत्र के सौन्दर्यीकरण की 13 परियोजनाएं, 11.74 करोड़ रुपये की पार्क व हरित क्षेत्र की 44 परियोजनाएं, 6.68 करोड़ रुपये की मुख्य चौराहों का सौन्दर्यीकरण की 33 परियोजनाएं, 10.73 करोड़ रुपये की स्ट्रीट लाइट की 42, 3.95 करोड़ रुपये की लाभार्थीपरक सेवाओं की 09 परियोजनाएं शामिल हैं।

## एक नजर

### लविवि में यौन उत्पीड़न पर कार्यशाला

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। जागरूकता कार्यक्रम का विषय कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 पर था। विधि सहायता केंद्र की सदस्य गरिमा भारद्वाज द्वारा अधिनियम और उसके महत्व के बारे में बताया गया। रिया गौतम ने विशाखा और अन्य बनाम राजस्थान राज्य के मामले में ऐतिहासिक फैसले का वर्णन किया।

### बीबीएयू में छात्रावास का शिलान्यास

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा ओबीसी व एससी छात्र - छात्राओं के लिए बनाये जाने वाले छात्रावास का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने की।

# आरटीई : निजी स्कूलों को मिलेगी बकाया फीस

## बेसिक शिक्षा विभाग ने वित्त नियंत्रक को भेजा पत्र, 300 करोड़ का बजट होगा जारी

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई के तहत शैक्षिक सत्र 2023-24 तक निजी स्कूलों की बकाया फीस अब मिल जायेगी। बेसिक शिक्षा निदेशालय की ओर से इस संबंध में वित्त नियंत्रक को फीस का ब्योरा सहित पत्र भेज दिया गया है। अब निजी स्कूलों के खाते में पैसा पहुंचना शुरू होगा। निदेशालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक ये बजट अभी तक बकाया फीस भुगतान के लिए है।

वहीं शैक्षिक सत्र 2024-25 का बजट अभी बाद में आयेगा। अधिकारियों ने बताया कि बकाया फीस भुगतान होने के बाद नये सत्र में प्रवेश के पात्र बच्चों को अगर निजी स्कूल प्रबंधन प्रवेश देने से इनकार करते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी और आरटीई अधिनियम के उल्लंघन के तहत एफआईआर भी दर्ज कराई जायेगी।

दरअसल, पिछले सत्र में राजधानी सहित प्रदेश भर के 33 हजार गरीब बच्चों को प्रवेश नहीं मिल सके हैं। जिसके बाद इस बार निदेशालय ने आरटीई के तहत प्रवेश न देने वाले विद्यालयों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है।



अमृत विचार में प्रकाशित खबर

**▸▸ नए सत्र में प्रवेश न देने वाले निजी विद्यालयों के खिलाफ एक्शन प्लान तैयार**

"महंगाई कितनी बढ़ी है ऊपर से प्रति बच्चा फीस बढ़ोतरी तक नहीं की गई है। पुरानी दर पर बजट मिलेगा तो उससे क्या हो जायेगा। आरटीई अधिनियम का उल्लंघन तो विभाग ही कर रहा है। निजी विद्यालयों पर सिर्फ दबाव बनाने से काम नहीं चलेगा। वास्तविकता को समझना होगा। हमारे पास कोई सरकारी शिक्षक नहीं है। निजी स्कूलों के साथ मनमानी हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।
–अनिल अग्रवाल, अध्यक्ष, अनएडेड स्कूल एसोसिएशन

**आज से आरटीई दूसरे चरण के लिए शुरू होंगे आवेदन :** आरटीई के तहत प्रवेश के लिए आवेदन का दूसरा चरण 1 मार्च से शुरू हो जायेगा। इस बीच पहले चरण में चयनित बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया जारी रहेगी। दूसरे चरण में एक मार्च 2024 से 30 मार्च 2024 तक तथा सत्यापन तिथि निर्धारित है। वहीं एक अप्रैल 2024 से 7 अप्रैल 2024 तक, लॉटरी 8 अप्रैल 2024 निकाली जायेगी। इसके बाद प्रवेश प्रक्रिया 17 अप्रैल 2024 तक पूरी करनी होगी।

### सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड के स्कूलों की सबसे अधिक मनमानी

आरटीई अधिनियम का उल्लंघन करने में सबसे अधिक सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों की ओर से की जाती है। इन दोनों बोर्ड से मान्यता प्राप्त हाई प्रोफाइल विद्यालय अपने यहां गरीब बच्चों को प्रवेश देने से बचते हैं। इस संबंध में कई बार अलग अलग मंडलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों की ओर से विद्यालयों की सूची भेजी गई लेकिन जेडी की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। जबकि इन विद्यालयों की एनओसी रद्द करने का अधिकार जेडी माध्यमिक को होता है, लेकिन कार्रवाई तो दूर की बात कभी एक पत्र जारी कर इन स्कूल प्रबंधनों को चेतावनी भी नहीं दी गई।

### नए सत्र में दो लाख से अधिक बच्चों को स्कूल भेजने की तैयारी

शैक्षिक सत्र 2024-25 में लखनऊ सहित प्रदेश भर में दो लाख से अधिक बच्चों को निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस संबंध में समग्र शिक्षा अभियान की टीम भी सक्रिय है। बेसिक शिक्षा अधिकारियों को भी निर्देश दिए गये हैं कि आरटीई के तहत आवेदन करने वाले अभिभावकों को प्रवेश से जुड़ी सभी जानकारी मुहैया कराई जाये।


कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र व अतिथि। अमृत विचार

## एमिटी में बदलती तकनीकी व्यवस्था पर जोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** बदलती तकनीकी के साथ-साथ कला कर्म के रूप भी बदलते रहे हैं। कला की दुनियां अब मूर्त संसार से आगे निकलकर डिजिटल और वर्चुअल हो चली है। विषय पर चर्चा को लेकर एमिटी स्कूल ऑफ फाइन आर्टस एमिटी विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कला की असीमित संभावनाएं, नवाचार, सहयोग एवं संवाद विषय पर आधारित सम्मेलन का आयोजन राज्य ललित कला अकादमी के सहयोग से किया गया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता बीएचयू के विजुअल आर्टस विभाग के सह प्रवक्ता डॉ. मनीष अरोणा, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, कुरुक्षेत्र के ओएसडी प्रो. डीएस कपूर, उप प्रति-कुलपति, एमिटी विवि परिसर सेवानिवृत विंग कमांडर डॉ. अनिल कुमार तिवारी, निदेशिका एमिटी स्कूल ऑफ फाइन आर्टस प्रो. पूजा वर्मा और निदेशिका एमिटी स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज डॉ. कुमकुम रे ने संबोधन किया। कार्यक्रम के दौरान विंग कमांडर डॉ. अनिल कुमार तिवारी ने कला के क्षेत्रों को विस्तार दिया। मुख्य वक्ता डॉ. मनीष अरोणा ने वेबसाइट और मोबाइल ऐप बनाने पर जोर दिया। सम्मेलन के दौरान रिसर्च पेपर रीडिंग सत्र आयोजित किए गए।

# यूपी बोर्ड : विज्ञान व गणित में 4,050 ने छोड़ी परीक्षा

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षा में गुरुवार को 4050 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी है। इसमें सुबह की पाली में हाईस्कूल की विज्ञान व इण्टरमीडिएट में अरबी, फारसी, लेखाशास्त्र विषय की परीक्षा हुई।

जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि सुबह पाली में कुल 61,662 परीक्षार्थी पंजीकृत थे इसमें 58,569 परीक्षार्थी उपस्थित रहे वहीं अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3,093 है। इसी तरह से द्वितीय पाली हाईस्कूल में कृषि एवं इण्टरमीडिएट- जीव विज्ञान एवं गणित की परीक्षा आयोजित हुई। डीआईओएस के मुताबिक पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 25,051 है। इसमें 24,094 उपस्थित रहे। वहीं 957 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस तरह से कुल 4,050 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी है।

**सचल दलों की सक्रियता का दिखा असर :** जिला स्तर पर गठित सचल दल की 6 टीमों के दौरे का भी असर दिख रहा है। केन्द्रों पर औचक निरीक्षण होने से परीक्षा में नकल की गुंजाइश नहीं दिख रही है।


राजकीय जुबिली कॉलेज में परीक्षा देते हुए परीक्षार्थी व मौके पर मौजूद अधिकारी।

**▸▸ यूपी बोर्ड 10वीं व 12वीं की प्रथम व द्वितीय पाली में परीक्षा आयोजित**

डीआईओएस ने बताया कि द्वितीय पाली की परीक्षा में कुल 25 परीक्षा केन्द्रों का गहनता से निरीक्षण किया गया। वहीं प्रथम पाली में जनपद के कुल 22 परीक्षा केन्द्रों की स्थिति देखी गई। किसी भी केन्द्र पर गड़बड़ी नहीं पाई गई। वहीं मंडल में जेडी माध्यमिक डॉ प्रदीप कुमार की ओर से गठित चारो सचल दल भी इंटर के गणित पेपर में सक्रिय दिखे। मंडलीय विज्ञान प्रगित अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने जय सुभाष महाबली इंटर कॉलेजा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्था दुरुस्त पाई गई।

**जरूरत से ज्यादा न निकाले उत्तर पुस्तिका :** जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने गुरुवार को कोरी उत्तर पुस्तिकाओं के वितरण की भी व्यवस्था को परखा। उन्होंने इस दौरान कॉपियों की सुरक्षा व्यवस्था भी देखी। डीआईओएस ने इस दौरान निर्देश दिया कि कॉपी की जितनी आवश्यकता है उतना ही बाहर निकाला जाए बाकी अंदर सुरक्षित ही रखा जाये। अभी तक भेजी गई कॉपियों का ब्योरा भी चेक किया गया।

**इंटरमीडिएट की गणित परीक्षा में उलझे परीक्षार्थी :** दूसरी ओर इंटरमीडिएट द्वितीय पाली में परीक्षार्थियों ने अमृत विचार से बातचीत करते हुए कहा गणित में सवाल काफी कठिन आये थे। इसमें कई सवाल थे जो काफी घुमाकर पूछे गये थे। परीक्षार्थी अनुज वर्मा ने बताया कि जिसने नियमित प्रयास किया होगा उसने पेपर आसानी से हल कर लिया होगा। अनुज ने बताया कि उनको पांच मिनट का मौका और मिलता तो पूरा पेपर हल हो जाता। आखिरी में एक सवाल छूट गया है। इसी तरह से निमिष मिश्रा ने बताया कि जो सवाल पहले आ रहे थे उनको हल कर लिया जो नहीं आ रहे थे उनको बाद में समझकर हल करने का प्रयास किया।


परीक्षा केन्द्र पर कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति का रजिस्टर चेक करते जेडी माध्यमिक शिक्षा डॉ. प्रदीप कुमार, साथ में अन्य। अमृत विचार

### जेडी ने परखी कक्ष निरीक्षकों की उपस्थित

केन्द्रों पर लगातार कक्षनिरीक्षकों की कम उपस्थित को ध्यान में रखते हुए जेडी माध्यमिक डॉ प्रदीप कुमार ने निरीक्षण के दौरान कक्षनिरीक्षकों की उपस्थिति को प रखा। इस दौरान उन्होंने अधिकांश केन्द्रों के उपस्थिति रजिस्टर भी चेक करते हुए आदेश दिया कि जो कक्षनिरीक्षक लापरवाही करे उसके विरूद्ध तत्काल कार्रवाई की जाये। जेडी ने मंडल के अन्य जनपदों के जिला विद्यालय निरीक्षकों से परीक्षा स्थिति का जायजा लिया।

# राज्य कर विभाग ने जीता प्रतिष्ठित स्कॉच ऑर्डर ऑफ मेरिट अवॉर्ड

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य कर विभाग ने प्रतिष्ठित स्कॉच ऑर्डर ऑफ मेरिट अवॉर्ड जीता है। यह अवॉर्ड विभाग द्वारा संचालित आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) बेस्ट रिटर्न स्कूटनी प्रोजेक्ट के लिए मिला है। उक्त अवॉर्ड की घोषणा स्कॉच ग्रुप द्वारा 29 फरवरी को आयोजित वर्चुअल सेरेमनी के दौरान की गयी। इसमें देशभर के विभिन्न प्रदेशों के विभागों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

यह अवॉर्ड राज्य कर आयुक्त मिनिस्ती एस की ओर से अपर आयुक्त राज्य कर रिया केजरीवाल ने प्राप्त किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रमुख सचिव नितिन रमेश गोकर्ण एवं आयुक्त मिनिस्ती एस. के निर्देशन में यह अवॉर्ड विभाग ने अर्जित किया है। उत्तर प्रदेश ऐसा पहला राज्य है जो रिटर्न स्कूटनी के लिए नवीनतम डाटा विश्लेषण और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक पर आधारित सिस्टम का प्रयोग कर रहा है। इस सिस्टम के प्रयोग से राज्य कर अधिकारियों द्वारा विविध जीएसटी रिर्टनों में मात्र एक नोटिस व्यापारी को जारी की जाती है। यह मॉडल न केवल अधिकारियों के लिए बल्कि व्यापारियों के लिए भी सुविधाजनक, पारदर्शी एवं समय व ऊर्जा बचाने वाला है।

**▸▸ रिटर्न स्कूटनी के लिए एआई तकनीक का प्रयोग करने वाला पहला राज्य बना यूपी**

## एमएसपी पर छात्रों का 'पक्ष-विपक्ष'

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में एमएसपी को कानूनी अधिकार बनाना आर्थिक रूप से व्यवहार्य है, विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एमए अर्थशास्त्र के कुल 18 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पक्ष और विपक्ष ने बात कही। एमएसपी को राजनीतिक लाभ के साधन के रूप में उपयोग किया जाता है, छोटे किसान सबसे बड़े पीड़ित हैं क्योंकि वे उत्पादन की लागत को कवर करने में सक्षम नहीं हैं। छात्रों ने एम एस स्वामीनाथन समिति की अनुशंसा के अनुसार सी 2 पर एमएसपी निर्धारित करने का समर्थन किया। ऐसे में प्रथम स्थान द्वितीय सेमेस्टरकी तनीषा तिवारी को मिला। प्रियांशु मिश्रा द्वितीय और सोनल गुप्ता को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। पुरस्कारों का वितरण प्रतिकुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विनोद सिंह, प्रो. रोली मिश्रा और शची राय ने किया।

## आज आएगा पीएचडी का परीक्षाफल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लविवि में आयोजित हुई पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया का परिणाम शुक्रवार को आएगा। अभ्यर्थी वीवी की वेबसाइट के एडमिशन पेज के पीएचडी पेज पर सूची देख सकते है।

## वंचित समाज के विद्यार्थियों ने आंचलिक विज्ञान नगरी का किया भ्रमण

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर मुक्ति फाउंडेशन ने विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन के मद्देनजर विद्यार्थियों को आंचलिक विज्ञान नगरी का भ्रमण कराया गया। विद्यर्थियों ने यहां विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों का अनुभव हासिल किया।

आंचलिक विज्ञान नगरी में विद्यार्थियों ने विज्ञान के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकी जानकारी के साथ-साथ उनके उपयोग की जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों को प्रयोगशालाओं और प्रदर्शनीय कक्षाओं का भ्रमण कराकर उन्हें नवीन वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अनुभव भी दिलाया गया। इस भ्रमण ने विद्यार्थियों को विज्ञान के महत्वपूर्ण सिद्धांतों को समझने में मदद मिली। श्री डी शो के माध्यम से विज्ञान की नई तकनीक भी यहां समझाई गई। मुक्ति फाउंडेशन ने इस भ्रमण के जरिये वंचित समाज के विद्यार्थियों को न भूलने वाला अनुभव दिया। फाउंडेशन का मानना है कि इस भ्रमण से वंचित समाज के बच्चों को सक्षम और जागरूक समाज में प्रवेश करने का मौका मिलेगा।

## सार-संक्षेप

### सतत विकास को प्राप्त करने में युवाओं की भूमिका पर चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लविवि में आयोजित कार्यक्रम में शामिल क्रिएट के सीईओं ने कहा कि विकास प्रयासों की प्रभावशीलता और दक्षता सुनिश्चित करने में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. दयानंद टंडन छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि छात्र ही विकास कार्यों की प्रभावशीलता और दक्षता सुनिश्चित करते हैं। विश्व युवा केन्द्र के वरिष्ठ अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि विकास लक्षण के निर्माण की भूमिका पर बल दिया। कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग के समस्त शिक्षक शोध छात्र एवं 140 छात्र-छात्राएं एवं एनसीसी के कैडेट्स उपस्थित थे।

### योग का अर्थ आत्मा से मिलन : डॉ. बुद्धिसागर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग की ओर से योग और समुदाय एक शक्तिशाली रिश्ता विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान योग दर्शन और योग के लाभों पर बल दिया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के डॉ. बुद्धिसागर शामिल हुए। उन्होंने बताया कि योग के 8 मार्गों के सहारे जीवन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि के बारे में जानकारी दी गई। विभागाध्यक्ष दिनेश कुमार ने भी छात्रों के बीच योग अभ्यास पर जोर दिया।

### सामूहिक आयोजन में 11 कन्याओं का विवाह

**अमृत विचार, लखनऊ :** डालीगंज व्यापारी सेवा संघ के तत्वावधान में निराला नगर स्थित माधव सभागार और सरस्वती विद्या मन्दिर में गुरुवार को 11 कन्याओं का सामूहिक लाडली विवाह उत्सव का आयोजन किया गया। निर्धन व निराश्रित कन्याओं के सामूहिक विवाह में प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री और सांसद डॉ. दिनेश शर्मा तथा लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा ने पहुंचकर नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। सामूहिक लाडली विवाह उत्सव एवं डालीगंज व्यापार मण्डल के मीडिया प्रभारी संजय हैहयवंशी ने बताया कि यह दूसरा सामूहिक विवाह है। इस समारोह में निर्धन-निराश्रित बेटियों को सुहाग की सभी चीजों के साथ घर गृहस्थी का सभी सामान भी भेंट किया गया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर, त्रिलोक चन्द्र अग्रवाल, गोविन्द चन्द्र अग्रवाल, डॉ. राकेश कुमार अग्रवाल, गोविन्द कृष्ण अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, इन्दर प्रसाद अग्रवाल, दीपक जैन, पृथ्वी गुप्ता और मुकेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### दरगाह हजरत अब्बास में हुए निर्माण कार्यों पर जताई खुशी

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंजुमन कमर-ए-बनी हाशिम की ओर से रुस्तम नगर स्थित दरगाह हजरत अब्बास में हुए जलसे में दरगाह प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष मौलाना कल्बे जवाद और दरगाह के मुतवल्ली मीसम रिजवी का स्वागत किया गया। कुरान की तिलावत से शुरू हुए इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के सदस्य और मकसदे हुसैनी के अध्यक्ष मौलाना रजा हुसैन रिजवी, मौलाना शफीक हुसैन आब्दी, मौलाना मोहम्मद अली, मौलाना तफ्सीर हुसैन, मौलाना हैदर मेंहदी, मौलाना अख्तर हुसैन और कश्मीरी मोहल्ला वार्ड के पार्षद लईक आगा के अलावा मातमी अंजुमनों के सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर धर्मगुरुओं ने दरगाह हजरत अब्बास में हुए निर्माण कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि दरगाह के मुतवल्ली दूसरे मुतवल्लियों के लिए मिसाल हैं। मौलाना कल्बे जवाद ने कहा कि दरगाह की इमारत जर्जर स्थिति में थी जिसे मौजूदा मुतवल्ली ने बेमिसाल तरीके से शानदार बना दिया। दरगाह के मुतवल्ली मीसम रिजवी ने बताया कि दरगाह में जो निर्माण कार्य चल रहे हैं वह लोगों के चंदे से हो रहे हैं। दरगाह की एफडी बैंक में सुरक्षित है। इस मौके पर मीसम रिजवी का सम्मान भी किया गया।


दरगाह हजरत अब्बास में मीसम रिजवी को किया गया सम्मानित

### मार्च को महिला माह के रूप में मनाएगा नव अंशिका फाउंडेशन

**अमृत विचार, लखनऊ :** नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से मार्च के महीने को महिला माह के रूप में मनाएगा। इस साल मार्च का महीना शुक्रवार को शुरू हो रहा है इस नाते मार्च के पांचों शुक्रवार को मिशन शक्ति को समर्पित कार्यक्रम शक्तिस्वरूपा उत्सव के रूप में मनाये जायेंगे। इसमें विभिन्न वर्गों से सम्बन्ध रखने वाली यूपी की बेटियों को शामिल किया जायेगा।


प्रतियोगिता में छात्रों द्वारा बनायी गयी कृलाकृतियों का अवलोकन करते लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, साथ में अन्य।

# निष्प्रयोज्य वस्तुओं से छात्रों ने दिखायी प्रतिभा

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,**

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के गांधी पार्क में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निष्प्रयोज्य वस्तुओं से काम की वस्तुएं तैयार की गईं। छात्रों के विशेष कार्य का अवलोकन कुलपति द्वारा प्रोत्साहित करते हुए किया गया।

प्रतियोगिता का आयोजन दोपहर बाद शुरू हुआ। जिसमें तरह - तरह की निष्प्रयोज्य वस्तुओं को छात्रों द्वारा लाया गया। विशेष व्यवस्थाओं के बीच बेकार वस्तुओं को अच्छा प्रारूप मिला। ऐसे में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू ने कलाकृतियों को देखा और सभी को प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनन्या सिंह ने प्राप्त किया। दूसरे पर मारिया खातून और तीसरे स्थान पर गरिमा सिंह रहीं। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्रों के साथ पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में निर्णायक मण्डल की भूमिका में प्रो. गीतांजलि मिश्रा, प्रो. आकांक्षा सिंह एवं प्रो. आर पी सिंह उपस्थित रहे।

**▸▸ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनन्या सिंह ने प्राप्त किया**

# लोकपाल ने छात्रों से किया संवाद, निकले हल

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के अटल सभागार में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के लोकपाल प्रो. नवीन खरे रहे।

विश्वविद्यालय की ओर से कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. एहतेशाम अहमद द्वारा की गई। कार्यक्रम में छात्रों एवं छात्राओं के द्वारा विश्वविद्यालय के लोकपाल के साथ परिसंवाद स्थापित किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी समस्याओं को व्यक्त किया। ऐसे में लोकपाल ने विश्वविद्यालय के छात्रों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं को सुना एवं उन्हें लिपिबद्ध कर भविष्य में समाधान की दृष्टि से अपने विचार भी प्रकट किये। कार्यक्रम में विवि के विभिन्न विभागों के आचार्य, सहायक आचार्य एवं सहचार्य भी उपस्थित रहे।


छात्रों को संबोधित करते लोकपाल प्रो. नवीन

**▸▸ भाषा विवि के अटल सभागार में संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन**

## कॉन्क्लेव में अडानी फाउण्डेशन होगा शामिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लविवि के मालवीय सभागार में कैरियर चॉइस अनवील्ड नेविगेटिंग न्यू होराइजन फॉर सक्सेस पर कैरियर एवं गाइडेंस सेल ने हैप्पी थिंकिंग लैबोरेटरी के सहयोग से एक कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा।

विवि के कुलपति प्रो. एके राय ने बताया कि कॉन्क्लेव के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अभिषेक लखटकिया रहेंगे। सीईओ अडानी फाउंडेशन और सीईओ, इन्वेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश भी मौजूद रहेंगे। निदेशिका डॉ. वैशाली सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम में छात्रों को अपने करियर के सही चुनाव का अवसर प्राप्त होगा।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**
मेरा नाम SATYA WATI सर्विस रिकार्ड में गलत लिख गया है। सही नाम SATYA VATI W/O Late Shiv Bahadur Singh निवासी ग्राम मझिगवां करन, पोस्ट चौहनिया थाना हरचंदपुर, जिला रायबरेली 229303 होना चाहिए।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे मुंशी व कामिल की मार्कशीट मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ में मुंशी का रोल न. 841/1998 व कामिल का रोल न. 3078/2006 है। वास्तव में कही खो गई है। मो. सलीम पुत्र मेहंदी लाल निवासी बनबीर पुर पो. सदरपुर तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि वैभव दीक्षित पुत्र विष्णु कुमार दीक्षित निवासी कितूली थाना जगतपुर मै प्रयागराज अपने निजी कार्य से गया हुआ था। तभी बस में मेरा बैग छूट गया जिसमें मेरे हाई स्कूल की अंक पत्र सन 2020 अनुक्रमांक 1213345 कहीं वास्तव में खो गया है।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं वैभव दीक्षित पुत्र विष्णु कुमार दीक्षित निवासी कितूली थाना जगतपुर मै प्रयागराज अपने निजी कार्य से गया हुआ था। तभी बस में मेरा बैग छूट गया जिसमें मेरे इंटरमीडिएट की अंक पत्र सन 2022 अनुक्रमांक 2225902575 वास्तव में कहीं खो गया है

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र अंकित पाल को उसके गलत कृत्यों से परेशान होकर अपनी व अपने पूर्वजों की समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं और भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत्यों के लिए स्वंय जिम्मेदार होगा मुझसे व मेरे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। अशोक कुमार पुत्र कढ़ीलेराम निवासी ग्राम गदियाखेड़ा मव तिलन मलिहाबाद लखनऊ। हाल पता मोहन रोड बुद्धेश्वर काकोरी लखनऊ। मो न व 8573926290

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मुझे ओमप्रकाश गुप्ता व घनश्याम गुप्ता दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाता है। ये दोनों ही नाम मेरे हैं। ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र विश्वनाथ गुप्ता निवासी-रमईपुर कलां, पोस्ट-सरेनी, तहसील-लालगंज, जनपद-रायबरेली।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं जन्मेजय बुधौलिया पिता का नाम विनोद कुमार तथा माता का नाम वंदना है। मेरे हाई स्कूल अंक पत्र में माता पिता का यही नाम दर्ज है। मेरे इंटर के अंक पत्र में माता का नाम वंदना बुधौलिया पिता का नाम विनोद बुधौलिया कर दिया है। दोनो नाम मेरे माता पिता के है। माता का नाम वंदना पिता का नाम विनोद कुमार के नाम से जाना जाए। जन्मेजय बुधौलिया समदनगर महोबा।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे समस्त मूल प्रमाण पत्र व बी यू एम एस की डिग्री वास्तव में कही खो गई है। डॉ0 शबनम परवीन पत्नी अहसान पुत्री कत जमील अहमद निवासनी सी 2483 मिनी एल आई जी राजाजीपुरम थाना तालकटोरा जिला लखनऊ।

**कानपुर नगर निगम**
**कार्यालय मार्ग प्रकाश विभाग**

**अति अल्पकालीन सामान्य निविदा सूचना**


कानपुर नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग के अन्तर्गत कान्ट्रेक्ट से सम्बन्धित विद्युत कार्य हेतु विद्युत ठेकेदारों से नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति दिनांक 18.12.2023 एवं 27.02.2024 के अनुसार 02 कार्यो हेतु अति अल्पकालीन सामान्य निविदा निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी नगर निगम की वेबसाइट www://kmc.up.nic.in/ से प्राप्त कर सकते है।

| | |
|---|---|
| निविदा डाले जाने की तिथि व समय | 04.03.2024 अपरान्ह 2:00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र की बिक्री की अन्तिम तिथि व समय | 03.03.2024 दोपहर 1:30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | 04.03.2024 सांय 4:00 बजे |

निविदा विवरण निर्धारित प्रारूप में उल्लिखित कार्य का विवरण, आगणन लागत, निविदा की अर्नेस्टमनी, निविदा मूल्य तथा समयावधि आदि का विवरण तथा निविदा की शर्ते उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

प्र0मु0अभियन्ता (मा0/प्र0) नगर निगम कानपुर
नगर आयुक्त नगर निगम कानपुर
Ro no.401
दिनांक: 29.02.2024

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।



नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।

★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।

★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।



साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,

9839163047 / 9956384848

## एक नजर

### 387 लोगों को मिला निशुल्क परामर्श

अमृत विचार, लखनऊ : कैंट विधानसभा के भोला खेड़ा में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 387 लोगों को परामर्श दिया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के निर्देश पर डॉ. कैलाश नारायण सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के तत्वावधान में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। शिविर का शुभारंभ एमएलसी मुकेश शर्मा ने किया। इस दौरान मान सिंह, हरशरण लाल गुप्ता, अशोक तिवारी, प्रवीण गर्ग, मनोज लोधी आदि मौजूद रहे।

### ईपीएफओ में ऑनलाइन भरें संयुक्त घोषणा पत्र

अमृत विचार, लखनऊ : ईपीएफओ ने प्रोफाइल व केवाईसी में सुधार के लिए ऑन लाइन व्यवस्था शुरू कर दी है। अब कोई भी सदस्य घर बैठे आसानी से यह काम कर सकता है। उसे कहीं जाने की जरूरत नहीं है। भविष्य निधि सदस्य 11 पैरामीटर में परिवर्तन के लिए एक ही बार में आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए जो प्रक्रिया दी गई। उसके अनुसार सदस्य को सबसे पहले www.epfindia.gov.in पर लॉग इन करना होगा। इसके बाद सर्विस फॉर इम्प्लाई पर जाना होगा। इसके बाद भविष्य निधि के सदस्य को यूएएन/ऑनलाइन सर्विस मेंबर पोर्टल स्क्रीन लॉगिन करनी होगी। फिर मैनेज टैब-ज्वाइंट डिक्लेरेशन को चुनना होगा, जिसके बाद सदस्य आईडी और पीएफ खाता नंबर पर जाना है। इसके बाद सभी दस्तावेजों को यहां अपलोड करना होगा। सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सबमिट करना होगा। इसका नोटिफिकेशन खाते से जुड़े मोबाइल नंबर पर आ जाएगा।

# नहीं हटा अतिक्रमण, कैसे सुगम हो उद्योग की डगर

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट न होने से उद्यमियों को हो रही परेशानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक के दौरान मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब व अन्य। अमृत विचार

**▸▸ मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक में मंडलायुक्त के समक्ष रखी गईं समस्याएं**

**अमृत विचार:** चिनहट और तालकटोरा औद्योगिक क्षेत्र में उद्योग की डगर में अतिक्रमण बाधक बन रहा है। साथ ही जल निकासी न होने के कारण उद्यमियों को समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं।

गुरुवार को मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब के समक्ष व्यापारियों ने अपनी समस्याएं रखीं। मंडलायुक्त ने नाली, सड़क और जल निकासी की समस्या तत्काल दूर करने के लिए नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही निरीक्षण करने को भी कहा। जबकि तालकटोरा औद्योगिक क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के लिए जिला उद्योग केंद्र, नगर निगम और पुलिस को समन्वय बनाकर कार्रवाई करने को कहा। दूसरी ओर कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर उन्नाव औद्योगिक क्षेत्र के बंथर और शेषपुर नरी के निकट लंबी दूरी तक कोई कट न होने के कारण औद्योगिक इकाईयों को आवागमन में परेशानी हो रही है। उद्यमियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट बनाने की मांग की। मंडलायुक्त ने एनएचआई को स्थलीय परीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए है। मंडलायुक्त ने औद्योगिक क्षेत्र अमौसी और सरोजनीनगर में अवस्थापना सुविधाओं के विकास और कृष्णानगर तालकटोरा से समदा खेड़ा संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण के लिए प्रस्ताव दिया गया। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्रवाई करने को कहा।

रायबरेली में यूपीसीडा के प्रबंधन के तहत औद्योगिक आस्थानों (लालगंज, सालोन, महराजगंज, परसदेपुर, छतोह) के समुचित विकास के लिए जिला उद्योग केंद्र को अधिकृत कराने के संबंध में यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि कार्यवाही अंतिम चरण में है। मंडलायुक्त ने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार के लिए अधिक से अधिक ऋण दिया जाए। साथ ही निरस्त किए गए आवेदनों की समीक्षा की जाए और पात्रों को ऋण दिलाया जाए। बैठक में बताया गया कि रायबरेली में औद्योगिक स्थान बछरावों में सड़क नाली आदि सुविधाओं के उच्चीकरण के लिए 3.49 करोड़ रुपये स्वीकृति हुए हैं।

# अब सिलकॉन से बनेगी कृत्रिम आंख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



मैक्सिलोफेशियल प्रोस्थॉन्टिक्स पर आयोजित कार्यशाला में उपस्थित चिकित्सक। अमृत विचार

**▸▸ सिलिकॉन का उपयोग कर अंग बनाने की तैयारी**

**अमृत विचार :** रेटिनोब्लास्टोमा जैसे गंभीर कैंसर से जूझ रहे लोग जो अक्सर सर्जरी के दौरान अपनी आंख की आसपास की सुंदरता को खो देते हैं। कई बार मरीज की आईब्रो या आस-पास की स्किन हटानी पड़ जाती है जो व्यक्ति को कुरूप बना देती है।

यह जानकारी केजीएमयू के प्रोस्थोडॉन्टिस विभाग के संकाय सदस्य प्रो. कमलेश्वर सिंह ने साझा की। वह कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि अब केजीएमयू में ऐसे मरीजों के लिए सिलिकॉन का उपयोग कर कृत्रिम आंख व उसके अंग बनाने की तैयारी में है। यह ऑर्बिटल प्रोस्थेसिस की मदद से संभव हो सकेगा।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को केजीएमयू के डेंटल विभाग में बैंकॉक, थाईलैंड यूनिवर्सिटी महिदोल के सहयोग से मैक्सिलोफेशियल प्रोस्थॉन्टिक्स पर अंर्तराष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस दो दिवसीय कार्यशाला में इंटरनेशल स्टूडेंट्स, संकाय सदस्यों, सेना कर्मियों और निजी अस्पतालों के करीब 100 से अधिक डॉक्टर भाग ले रहे हैं। कार्यशाला का फोकस कृत्रिम अंग के निर्माण में बुनियादी बातों और प्रगति दोनों पर था, जो उन मरीजों के लिए पुनर्निर्माण सर्जरी का एक महत्वपूर्ण पहलू है जो आंखें हटाने की प्रक्रिया से गुजर चुके हैं। इस दौरान बैंकॉक, थाईलैंड से आए मैक्सिलोफेशियल प्रोस्थोडॉन्टिक्स के क्षेत्र के बारह प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने व्याख्यान और व्यावहारिक कार्यशालाओं के माध्यम से अपने ज्ञान और विशेषज्ञता को साझा किया। इन विशेषज्ञों ने कृत्रिम अंग बनाने की जटिल प्रक्रिया में कीमती राय साझा की, जिससे मरीजों के जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार करने को लेकर है।

# हर्जाना समेत धनराशि भरेगी बैंक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ बिना सहमति के दो बार में निकले 51.88 लाख रुपये**

**▸▸ मिलीभगत पर 10 लाख रुपये देना होगा हर्जाना**

**अमृत विचार :** जालसाजी से बैंक आफ बड़ौदा के खाते से दो बार में 51,88,337 रुपये निकल गए। इसमें बैंक कर्मियों और जालसाजों की मिलीभगत सामने आई। मामला राज्य उपभोक्ता आयोग पहुंचा तो बैंक पर 10 लाख रुपये का हर्जाना लगाया गया है।

कानपुर रोड आशियाना निवासी सोमनाथ चटर्जी का बैंक आफ बड़ौदा नरही में बैंक खाता था। उसमें से दो बार में जालसाजों ने 51,88,337 रुपये निकाल लिए। उन्होंने बैंक और साइबर सेल में शिकायत की लेकिन, सुनवाई नहीं हुई। इस खेल में बैंक कर्मियों की जालसाजों से मिलीभगत बताई। कहीं सुनवाई नहीं हुई तो वह राज्य उपभोक्ता आयोग गए। जहां, मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति व अध्यक्ष अशोक कुमार ने की और आदेश दिए किए बैंक संबंधित बैंक 51,88,337 रुपये 60 दिन के अंदर 10 प्रतिशत ब्याज के साथ अदा करेगी। साथ ही मानसिक पीड़ा और उत्पीड़न पर 10 लाख रुपये हर्जाना लगाया। इसके अलावा 25 हजार व्यय का देना होगा। जो 60 दिन के अंदर भुगतान न करने पर ब्याज बढ़ाकर 15 प्रतिशत से वसूला जाएगा।

### कैंसर से बचाव के लिए किया जागरूक

अमृत विचार, लखनऊ : एसजीपीजीआई निदेशक प्रोफेसर आरके धीमन और एण्डोक्राइनोलाजी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में महिला शक्ति और कैंसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।यह कार्यक्रम स्तन और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जागरूकता और प्रारंभिक पहचान समिति ने जेएचपीईआईजीओ के सहयोग से आयोजित किया। इस कार्यक्रम में सेंटर फॉर ग्लोबल हेल्थ, नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट (एनसीआई), संयुक्त राज्य अमेरिका में क्लिनिकल रिसर्च के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. ओफिरा गिन्सबर्ग विशिष्ट अतिथि थीं, जो वैश्विक महिला स्वास्थ्य शोधकर्ता हैं।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह व अन्य। अमृत विचार

### फाइलेरिया उन्मूलन के लिए तीन करोड़ ने खाई दवा

अमृत विचार, लखनऊ : फाइलेरिया उन्मूलन के लिए संचालित सर्वजन दवा सेवन अभियान में बुधवार तक दो करोड़ 95 लाख 76 हजार 242 लोगों ने दवा का सेवन कर लिया है। कुल तीन करोड़ 55 लाख 69 हजार 434 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य है। अभियान अभी पांच मार्च तक चलेगा। अपर निदेशक डॉ भानु प्रताप सिंह कल्याणी ने समीक्षा बैठक में बताया कि अभियान में 56 हजार 728 स्वास्थ्यकर्मी, 28 हजार 364 टीमें और सात हजार पर्यवेक्षक लगाए गए हैं।

# आचार संहिता का शहर के विकास कार्यों पर न पड़े असर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**▸▸ परियोजनाओं के सभी टेंडर कराये जाएं पूरे**

**▸▸ मंडलायुक्त ने वर्चुअल बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** चुनाव आचार संहिता का असर शहर के विकास कार्यों पर न पड़े। आचार संहिता लागू होने से पहले विकास कार्य एवं परियोजनाओं के सभी टेंडर पूरे करा लिए जाएं। यह बातें मंडलीय टाउन एरिया में परियोजनाओं व वित्तीय स्थिति के सम्बन्ध में आयुक्त सभागार कार्यालय में गुरुवार को आयोजित वर्चुअल बैठक में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने कहीं। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त से आवंटित धनराशि डंप न रहे। जिन परियोजनाओं का टेंडर हो चुका है उन कार्यों के लिए वर्क आर्डर जारी कर दिया जाए। स्वच्छत भारत मिशन निधि की धनराशि से नगर निकायों में साफ-सफाई उपकरण व वाहनों की खरीदारी की जाए। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सीवरेज व जल निकासी पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व साफ-सफाई के साथ रोड स्वीपिंग सुबह बजे से शुरू हो जानी चाहिए। जंग लगे वाहनों और उपकरण के साथ खुले में कूड़ा नहीं दिखना चाहिए।

बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन रणविजय यादव, मंडल के समस्त अपर जिलाधिकारी और अधिशाषी अधिकारी उपस्थित रहे।

# भिक्षाटन छोड़कर स्कूल जाने वाले बच्चों की मुख्य सचिव ने ली क्लास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ 550 से अधिक बच्चे भिक्षावृत्ति से हुए दूर, कर रहे पढ़ाई**

**अमृत विचार :** भिक्षावृत्ति से निकालकर मासूम बच्चों को शिक्षा दिलाने की पहल धीरे-धीरे रंग ला रही है। ऐसे बच्चों से गुरुवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र रूबरू हुए। मुख्य सचिव ने बच्चों को शिक्षा के जरिए बेहतर भविष्य बनाने की बात कही। उनको पढ़ाई के लिए प्रेरित किया।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'शिक्षा की क्लास मुख्य सचिव के साथ' कार्यक्रम का आयोजन उम्मीद संस्था ने नगर निगम के सहयोग से किया था। मुख्य सचिव ने कहा कि आज बदलाव के स्वरूप में जो यह वटवृक्ष हम सब को दिखाई दे रहा है यह सब उम्मीद के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने कहा कि भिक्षावृत्ति से जुड़े लोगों के पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार स्माइल योजना हर जिले में चला रही है। इसी का परिणाम है कि ये बच्चे शिक्षित हो रहे हैं। इस दौरान उम्मीद संस्था की उपसचिव आराधना सिंह, अध्यक्ष बलवीर सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### लापरवाही पर दो एडीओ पंचायत को आरोप पत्र

अमृत विचार, लखनऊ : मलिहाबाद और सरोजनी नगर के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को विकास कार्यों में लापरवाही और जारी स्पष्टीकरण में मनमानी भारी पड़ गई। दोनों को उप निदेशक पंचायत ने आरोप पत्र जारी किया है। उप निदेशक पंचायत गिरीश चंद्र को जूम मीटिंग में मलिहाबाद के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के कार्यों की प्रगति खराब पाई। इसी तरह सरोजनी नगर के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) की ग्राम पंचायतों में प्रगति खराब मिली। व्यक्तिगत शौचालय के रेट्रोफिटिंग सर्वे 13659 के सापेक्ष 3554 का किया गया। जबकि 14 ग्राम पंचायतों में कोई भुगतान नहीं किया। इससे ठोस व तरल संबंधित कार्य नहीं हुए।

# बीकेटी आईटीआई का स्वरूप बदला जाएगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ जर्जर हो चुका है बक्शी का तालाब आईटीआई, 368 छात्र पढ़ रहे हैं**

**▸▸ जर्जर भवन की मरम्मत के लिए मांगे थे एक करोड़, मिले 35 लाख**

**अमृत विचार:** जर्जर हो चुकी बक्शी के तालाब आईटीआई का स्वरूप बदलेगा। हालांकि आईटीआई की मरम्मत के लिए एक करोड़ दस लाख रुपये मांगे गए थे मगर 35 लाख रुपये मिले हैं।

समाज कल्याण विभाग की ओर से गोरखपुर और बक्शी का तालाब में आईटीआई का संचालन किया जा रहा है। बक्शी का तालाब आईटीआई में 368 और गोरखपुर में 90 छात्र अध्यनरत हैं। बक्शी का तालाब आईटीआई का प्रशासनिक भवन तो ठीक हैं मगर मुख्य भवन बहुत ही जर्जर है। इसकी मरम्मत के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था और एक करोड़ दस लाख रुपये मांगे गए थे। अभी सिर्फ 35 लाख रुपये मिले हैं। वहां मरम्मत का काम शुरू हो गया है। इसके बाद गोरखपुर की जर्जर आईटीआई का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि बक्शी का तालाब में काम शुरू करा दिया गया है। शेष बजट शासन से मांगा जाएगा। उन्होंने बताया कि मोहान रोड स्थित पालीटेक्निक और उक्त दोनों आईटीआई में छात्रों के लिए सात लाख रुपये की पाठ्य पुस्तकें भिजवाई गई हैं।

# निर्वाचन आयोग की टीम ने दलों से की निष्पक्ष-शांतिपूर्ण मतदान पर चर्चा



समीक्षा बैठक के लिए जाते मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल व टीम के अन्य सदस्य। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों की समीक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की 13 सदस्यीय टीम गुरुवार को तीन दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंची। आयोग की टीम ने यहां राष्ट्रीय एवं राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के साथ बैठक की। इस दौरान निर्वाचन आयोग की टीम ने सभी पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ एक-एक करके वार्ता की। इस दौरान चुनाव में आने वाली व्यवहारिक दिक्कतों को समझने के साथ सुधार के सुझाव भी लिए गए। बैठक में आयोग के प्रतिनिधियों ने राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए जरूरी संसाधनों की व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की अगुवाई में निर्वाचन आयोग की टीम ने अपने दौरे के पहले दिन की शुरुआत भारत निर्वाचन प्रणाली के विकास पर आधारित प्रदर्शनी की शुरुआत से की। टीम ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की।

### तैयारियों की समीक्षा

प्रदर्शनी की शुरुआत करने के बाद भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राज्य पुलिस नोडल अधिकारी प्रशांत कुमार एवं सीएपीएफ नोडल अधिकारी एल. आर. कुमार, सेंट्रल सीएपीएफ नोडल अधिकारी सतपाल रावत, अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था अमिताभ एस. के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों की समीक्षा की।

इससे पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल के साथ आयोग की टीम का एयरपोर्ट पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप्र., नवदीप रिणवा ने स्वागत किया। उसके बाद भारत निर्वाचन आयोग की टीम एयरपोर्ट से सीधे योजना भवन पहुंची, जहां मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल और आयोग की टीम ने 'निर्वाचनः बढ़ते कदम' विषय पर आधारित प्रदर्शनी देखने के साथ शुरुआत की। इस प्रदर्शनी में समय के साथ भारतीय निर्वाचन प्रणाली में हुए विकास को दर्शाया गया है।

### पहले आम चुनाव से लेकर वीवीपैट तक की यात्रा

प्रदर्शनी में 1951 में हुए आजाद भारत के पहले आम चुनाव से लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा 2013 में वीवीपैट अपनाने तक की पूरी यात्रा को प्रदर्शित किया गया है। साथ ही 489 सीटों पर हुए पहले आम चुनाव में 53 राजनीतिक दलों और 1874 उम्मीदवारों ने प्रतिभाग किया था, इसका भी जिक्र है। 1982 में केरल की फरूर विधानसभा में ईवीएम के उपयोग समेत समय के साथ निर्वाचन व्यवस्था में जोड़ी गई नई व्यवस्थाओं जैसे नोटा का प्रावधान, रंगीन पीवीसी इपिक, मतदान केंद्रों पर बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को भी दिखाया गया है।

**इन दलों से की चर्चा:** आयोग की टीम ने राष्ट्रीय एवं राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों में आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, इंडियन नेशनल कांग्रेस, अपना दल (सोनेलाल) और समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधियों से वार्ता की।

# कल्याण साथी एप करेगा अध्यापकों का मूल्यांकन

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**▸▸ अभ्युदय योजना से छात्रों को दी जाती है आईएएस और पीसीएस परीक्षा की कोचिंग**

**▸▸ समाज कल्याण विभाग की योजना का लाभ लेने वाले 19 छात्रों का हुआ था चयन**

**▸▸ बेहतर शिक्षा मिल सके इसके लिए कल्याण साथी एप से मानीटरिंग की जाएगी**

**▸▸ अध्यापक कैसी शिक्षा दे रहे हैं और किस समय पर आ रहे हैं, इसकी हो सकेगी जांच**

**अमृत विचार :** कल्याण साथी कमांड सेंटर और कल्याण साथी मोबाइल एप से शिक्षकों का मूल्यांकन किया जाएगा। इस एप से पता चलेगा कि शिक्षक किस समय आ रहे और कक्षा में कितना समय छात्रों को दे रहे हैं। मानकों पर खरे न उतरने वाले शिक्षकों को बाहर कर दिखा जाएगा। अभी एप को तकनीकी रूप से विकसित किया जा रहा है इसलिए योजना को धरातल में उतरने में अभी कुछ समय लगेगा।

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से ग्रामीण क्षेत्र और निर्बल आय वाले परिवारों के मेधावी बच्चों को आईएएस, पीसीएस, इंजीनियरिंग, मेडिकल आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। प्रदेश के 75 जिलों में 27 हजार से अधिक छात्र ऐसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। 1944 विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को तैयारी कराने का जिम्मा दिया गया है। इन कोचिंग की तैयारी से 19 छात्रों का चयन हाल ही में यूपीपीसीएस के परीक्षा के जरिये डिप्टी कलेक्टर, डिप्टी एसपी, डिप्टी जेलर, ट्रेजरी आफिसर आदि पदों पर हुआ था।

| कोर्स | छात्रों की संख्या |
|---|---|
| सिविल सर्विस | 12,872 |
| नीट | 6,274 |
| जेईई व आईआईटी | 2,143 |
| सीडीएस व एनडीए | 1,918 |
| बैंकिंग एवं अन्य | 4,428 |

"कल्याण साथी मोबाइल एप को अपग्रेड किया जा रहा है। एप को इस तरह विकसित किया जा रहा है जिससे मानीटरिंग की जा सके। साथ ही एप के माध्यम से मातहतों को निर्देश भी जारी किए जा सकेंगे।

–कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण

कल्याण साथी कमांडर सेंटर और कल्याण साथी मोबाइल एप का समाज कल्याण निदेशालय में शुभारंभ किया गया। एप के माध्यम से बायोमैट्रिक उपस्थिति की तैयारी है। इससे पता चलेगा कि कोचिंग में कितने छात्र और शिक्षक पहुंचे। छात्रों को परीक्षाओं के लिए कैसी तैयारी कराई जा रही है। मानकों के अनुरूप तैयारी न कराने वाले शिक्षकों को बाहर किया जाएगा।

# चुनावी बैठक को लेकर रहेगा मार्ग परिवर्तन

**अमृत विचार, लखनऊ:** विधानसभा में शुक्रवार को प्रदेश के सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के बीच चुनाव से जुड़ी मीटिंग होनी है। एडीसीपी ट्रैफिक अजय कुमार ने बताया कि मीटिंग के चलते सुबह 9 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक विधानसभा के आसपास डायवर्जन लागू रहेगा।

**इधर जाने से बचे:** डीएसओ चौराहे से सिसेंडी चौराहे के बीच का नहीं जा सकेंगे, बल्कि अटल चौराहे से बापू चौराहे होते हुए जा सकेंगे।

बापू भवन चौराहे से सिसेंडी एनएक्सी होते हुए लाल बत्ती चौराहे तक जा सकेंगे। यह रास्ता वन वे रहेगा। वहीं लाल बत्ती से एनएक्सी की तरफ अंदर नहीं आ सकेंगे।

## एक नजर

### रेकी के बाद वारदात को अंजाम देने वाले दो गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ: चोरी की बाइक से बंद मकानों की रेकी के बाद वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिरों को मड़ियांव पुलिस गिरफ्तार किया है। इसके बाद पुलिस ने मामले का खुलासा कर शातिरों को जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र के मुताबिक गिरफ्त में आए शातिरों की पहचान मड़ियांव निवासी इनायत अली और मोहम्मद कलीम के रूप में की है। कलीम के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत बाराबंकी में मुकदमा चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शातिरों के पास से चोरी की गई बाइक भी बरामद की गई है। शातिर चुराए गए वाहनों को कम दाम में बेचते थे।

### ससुराल पक्ष पर लगाया गंभीर आरोप

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर थाने में एक महिला ने पति सुधीर यादव समेत अन्य पारिवारिक सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि ससुराल में अतिरिक्त दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया जाता था। विरोध करने पर उसे यातनाएं भी दी जाती थी। आरोप है कि पति द्वारा उसका गर्भपात करा दिया। इसके अलावा देवर ने उससे छेड़खानी की है।

### आम के पेड़ काट रहे युवक को पकड़ा

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा थानाक्षेत्र अन्तर्गत लोनहा में अवैध रूप से आम के वृक्षों को काट रहे एक युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है। जबकि उसके पांच अन्य साथी भागने में सफल रहे। प्रभारी निरीक्षक हेमंत राघव ने बताया कि पकड़े आरोपी की पहचान सादुल्ला नगर निवासी सलमान के रूप में हुई है। उसकी निशानदेही पर सादुल्ला नगर निवासी अनीश, लइक, साजिद, कल्लू और भल्लू पर भी एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# शहर में फैला जाली नोटों का कारोबार

## सात माह में आरबीआई की करेंसी चेस्ट से मिले 581 जाली नोट

विनय शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की तरफ लगातार करेंसी चेस्ट से जाली नोट मिलने की शिकायत दर्ज कराई जा रही है। बावजूद इसके विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों की लापरवाही का खामियाजा आरबीआई को भुगतान पड़ रहा है। बीते सात माह में विभिन्न बैंकों की एटीएम मशीनों के करेंसी चेस्ट से कुल 581 जाली नोट मिले हैं। जाली नोट मिलने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

**सात माह में मिले 581 जाली नोट**-आइबीआई के सहायक प्रबंधक सतबीर सिंह ने महानगर कोतवाली में करेंसी चेस्ट से जाली नोट मिलने लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक की करेंसी चेस्ट में जनवरी माह में 53 नकली नोट जमा हुई। खास बात यह रही कि 100 और 50 के अलावा दो हजार के 27 नकली नोट जमा हुई। इस तरह सात माह में विभिन्न बैंकों के एटीएम के करेंसी चेस्ट से कुल 581 जाली नोट निकल चुके हैं। जिनमें कभी नोटों की संख्या कभी कम तो कभी ज्यादा होती है।

**बैंकों की लापरवाही का नतीजा भुगत रहा आरबीआई**




बैंक प्रबंधन की लिखित शिकायत पर महानगर कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसे लेकर जांच चल रही है, जल्द ही जाली करेंसी में सम्मिलित होने वाले लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा। –नेहा त्रिपाठी, एसीपी, महानगर

**आरबीआई को हो रहा आर्थिक नुकसान**-बैंकों की लापरवाही के कारण करेंसी चेस्ट से जाली नोट निकलने पर आरबीआई को आर्थिक नुकसान हो रहा है। दरअसल बैंकों के एटीएम करेंसी चेस्ट से जाली नोट निकलने के बाद ग्राहक इन्हें बैंक शाखा को वापस कर देता है, जिसे बैंक शाखाओं की ओर से आरबीआई को भेज दिया जाता है। आरबीआई की ओर से इतनी ही रकम की जाली नोटों के बदले असली नोटों को संबंधित बैंक को अदा करना पड़ता है।

**गिरोह नहीं पता नहीं लगा पा रही पुलिस**-आईआरबी के सहायक प्रबंधक सतबीर सिंह के मुताबिक लगभग हर माह करेंसी चेस्ट से जाली नोट निकलने के मामले सामने आ रहे हैं। जाली नोटों को परीक्षण के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा गया है, ताकि स्याही, कागज आदि के आधार पर इनके निर्माताओं की जानकारी मिल सके। बैंक की विशेष टीम को भी लगाया गया है, पर अब तक इन जाली नोटों का कारोबार करने वाले गिरोह की कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

**सात माह में जाली नोट**

| दिनांक | माह | नोट |
|---|---|---|
| 17 | अगस्त | 76 |
| 26 | सितम्बर | 24 |
| 31 | अक्टूबर | 99 |
| 09 | नवम्बर | 91 |
| 28 | दिसम्बर | 100 |
| 16 | जनवरी | 138 |
| 28 | फरवरी | 53 |

**सात वर्षों में हुई प्राथमिकी**

| वर्ष | प्राथमिकी |
|---|---|
| 2018 | 01 |
| 2019 | 08 |
| 2020 | 03 |
| 2021 | 07 |
| 2022 | 16 |
| 2023 | 06 |

# नीलामी के दौरान मिट्टी कारोबारी ने की ठेकेदार से मारपीट

संवाददाता, काकोरी

**अमृत विचार :** केंद्रीय उपोषण बागवानी संस्थान रहमान खेड़ा में नीलगिरी वृक्ष (यूकेलिप्टस) के 728 पेड़ों की नीलामी प्रक्रिया के दौरान एक मिट्टी कारोबारी ने ठेकेदार से मारपीट की थी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर ठेकेदार ने मिट्टी कारोबारी व उसके साथी के खिलाफ काकोरी थाने में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की थी हालांकि देर शाम तक दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत टिकरीखुर्द गांव निवासी ठेकेदार अजय कुमार लकड़ी कटान की ठेकेदारी करते हैं। लिखित

**ठेकेदार ने काकोरी थाने में लिखित शिकायत देकर की कार्रवाई की मांग**

**दबंगई के बल पर करवाता है अवैध खनन**

ठेकेदार अजय ने बताया कि माल, काकोरी क्षेत्र में मिट्टी कारोबारी दबंगई के बल पर अवैध खनन करवाता है। स्थानीय पुलिस को भी इस बात की जानकारी है। बावजूद इसके जिम्मेदार मिट्टी कारोबारी पर कार्रवाई करने से बचते हैं।

शिकायत में पीड़ित ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे रहमान खेड़ा स्थित केन्द्रीय उपोषण बागवानी संस्थान में नीलगिरी वृक्ष की नीलामी प्रक्रिया में वह शामिल था। आरोप है कि टेंडर प्रक्रिया में काकोरी के भलिया गांव निवासी एक मिट्टी कारोबारी भी मौजूद था। पीड़ित ने बताया कि मिट्टी कारोबारी ने पहली बोली लगाई। जिसके बाद उसने बोली लगाई।

आरोप है बोली लगाने से नाराज मिट्टी कारोबारी उसको अपशब्द कहने लगा। इसका विरोध करने पर आरोपी ने साथियों के संग मिलकर पीड़ित की पिटाई कर दी। हालांकि, संस्थान के कर्मचारियों के हस्तक्षेप से मामला रफा-दफा हो गया। जिसके बाद पीड़ित घर जाने लगा। तब मिट्टी कारोबारी के एक साथी ने उस पर तमंचा तानकर जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद ने बताया कि ठेकेदार ने खनन माफिया व उसके साथियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी थी लेकिन देर शाम दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

# शराब के नशे में धुत दबंगों ने की रेस्टोरेंट में तोड़फोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** महानगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रहीमनगर में शराबियों ने रेस्टोंरेट मैनेजर से मारपीट कर तोड़फोड़ की। रेस्टोरेंट स्टाफ ने दबंगों के खिलाफ महानगर कोतवाली में शिकायत की है।

महानगर निवासी मो. जियाउल रहीम नगर स्थित एक रेस्टोरेंट के मैनेजर हैं। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि सोमवार रात करीब साढ़े दस बजे कैलाश भट्ट अपने 15 साथियों के साथ रेस्टोरेंट में पहुंचा। सभी लोग नशे में थे और हंगामा करने लगे। जिसके बाद रेस्टोरेंट कर्मियों ने उसे समझाने का प्रयास किया तब कैलाश ने रेस्टोरेंट के मालिक को फोन लगाकर जियाउल से बात करा दी। मालिक ने जियाउल से कहा की ये लोग नशे में लग रहे हैं, अन्य ग्राहकों को दिक्कत न हो इसलिए इन्हें खाना पैक कर के दे दो। आरोप है इतना सुनते ही कैलाश और उसके साथी भड़क गए उन्होंने वेटर राजेश सिंह और दुर्गेश यादव को पीटना शुरू कर दिया। विरोध पर रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इसके बाद धमकाते हुए वहां से चले गए। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से हमलावरों की पहचान हो गई है। उनकी तलाश की जा रही है।

**पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर शुरू की जांच**

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ:** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत धर्मावत खेड़ा के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार अनीश कुमार (28) की मौत हो गई। पुलिस परिजनों को हादसे की जानकारी देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्नाव जनपद के असोहा थाना क्षेत्र निवासी अनीश कुमार गुरुवार दोपहर बाइक से गोसाईंगज से घर लौट रहा था। धर्मावतखेड़ा गांव के पास अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। पुलिस ने उसे नजदीकी सीएचसी में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# थाने से नहीं हुई कार्रवाई, कमिश्नर से गुहार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गुडंबा थाने की पुलिस एक पीड़ित बुजुर्ग मां की फरियाद सुनने को तैयार नहीं है। पीड़िता रोजाना अपने अपहृत बच्चे की तलाश में थाने के चक्कर काट रही है।

जानकीपुरम 1/78 सेक्टर-एच की रहने वाली पीड़िता मंजू देवी का बेटा आलोक तिवारी उम्र 18 वर्ष जानकीपुरम में ही शनिदेव मंदिर के पास गैस एजेंसी पर मजदूरी करता था। आलोक बीती 15 जनवरी को गैस एजेंसी पर काम करने गया जहां से वह गायब हो गया। तब से आज तक वह अपने घर नहीं लौटा है।


आलोक

बाद में पता चला कि मोहल्ले में रहने वाले एक युवक से आलोक का विवाद था। कुछ पता न चलने पर प्रार्थिनी ने गुडंबा थाने में सूचना दी। लेकिन बेटे की तलाश का कोई ठोस प्रयास नहीं किया। कई दिन चक्कर काटने के बाद गुडंबा पुलिस ने 19 जनवरी को गुमशुदगी तो दर्ज की लेकिन फिर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया। अब पीड़िता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस कमिश्नर से मदद की गुहार लगाई है। पीड़िता ने बताया कि वह दूसरों के घरों में काम करके परिवार पाल रही है।

## गाड़ी बुकिंग का झांसा देकर ग्राहक से ठगी

**अमृत विचार, काकोरी :** कार शोरूम के मालिक ने अपने रिलेशनशिप मैनेजर पर फर्जी बुकिंग फर्म से गाड़ी बुक कर ग्राहक के 10 हजार रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद के मुताबिक काकोरी निवासी कुलभूषण सक्सेना का घुरघुरी तालाब के पास कार शोरूम है। उनके शोरूम के रिलेशनशिप मैनेजर कृष्ण यादव है, जो कार बेचते हैं। आरोप है कि कृष्ण यादव ने एक फर्जी बुकिंग फर्म पर कंपनी की मुहर लगा कर गाड़ी की बुकिंग के नाम पर 10 हजार रुपये हड़प लिए। जब गाड़ी की डिलिवरी का समय पूरा होने पर ग्राहक ने उनके कार्यालय पहुंचा और शिकायत की। आरोप है कि पूर्व में भी कृष्ण यादव जालसाजी कर चुका है, मगर इसकी शिकायत नहीं की गई थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।


समता मूलक चौराहे से पेपर मिल जाने वाली रोड पर कार में लगी आग को बुझाता दमकल कर्मी। अमृत विचार

# विवादित जमीन को लेकर प्रॉपर्टी डीलर को मारी थी गोली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

**बीकेटी पुलिस ने चार हमलावरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

**अमृत विचार :** बीकेटी थानाक्षेत्र अंतर्गत कोटवा गांव में विवादित प्लॉट पर कब्जेदारी को लेकर हत्यारोपी लवकुश यादव ने अपने तीन साथियों के संग मिलकर प्रॉपर्टी डीलर आनन्द यादव पर जानेलवा हमला किया था। देर रात पुलिस ने हमलावरों को गिरफ्तार किया। गुरुवार को डीसीपी नार्थ अभिजीत आर शंकर ने गोलीकांड का पर्दाफाश हमलावरों को जेल भेज दिया है।

डीसीपी नार्थ अभिजित आर शंकर के मुताबिक, पुलिस ने लवकुश यादव, सोनू यादव, रवि शंकर रावत व सुरेंद्र कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी लवकुश यादव ने बताया कि विवादित जमीन की कब्जेदारी को लेकर प्रॉपर्टी डीलर आनन्द यादव से उसका विवाद था। पूर्व में भी जमीन को लेकर उसकी कहासुनी हुई थी। बुधवार को प्रॉपर्टी डीलर दोस्तों के संग प्लॉट पर पहुंचा था। इसी विवाद में प्रॉपर्टी डीलर पर जानलेवा हमला किया गया। डीसीपी ने बताया कि लवकुश के खिलाफ गुडंबा थाने में हत्या समेत अन्य थानों में कुल छह मुकदमे दर्ज है। 2018 में रवि शंकर के खिलाफ जानकीपुरम थाने में हत्या की कोशिश समेत अन्य धाराओं में अपराधिक मामला दर्ज है। पुलिस ने हमलावरों के पास से वारदात में प्रयुक्त एक लाइसेंसी बंदूक, पांच कारतूस, एक खोखा, एक देसी तमंचा, एक स्कार्पियों कार बरामद किया हैं। जांच में आया कि अवैध तमंचा और लाइसेंसी बंदूक आरोपित लवकुश यादव की है। उसने बताया कि उसकी कई लोगों से रंजिश चल रही है, इसी वजह से उसने हरदोई से देसी तमंचा खरीदा था।

## सार-संक्षेप


विद्युत समस्याओं की सुनवाई करते विधायक योगेश शुक्ला साथ में अधिकारी।

### रिटायर्ड सैनिक के प्लॉट से निकाल दी विद्युत लाइन

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** ग्रामीणों की विद्युत समस्याओं को सुलझाने के बजाए समस्याओं को खुद ही पैदा कर रहे विभागीय अधिकारियों की ब्रहस्पतिवार को कलाई खुल गई। जब एक वायु सेना से सेवानिवृत्त बुजुर्ग मो .मैथिउल्लन निवासी एयरफोर्स रोड़ ने विधायक योगेश शुक्ला को शिकायती पत्र देकर बताया कि विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने उनके खरीदे गए प्लाट में खम्भे लगाकर 11 हजार विद्युत लाईन निकाल दी है। उन्होंने इसकी लिखित शिकायत बीकेटी एसडीओ अशोक मौर्य से की परंतु आज तक विद्युत लाईन नहीं हटाई गई है। विद्युत शिकायतों के समाधान कार्यक्रम में विधायक योगेश शुक्ला समेत मुख्य अभियंता इंजीनियर सुनील कपूर, अधीक्षण अभियंता एके राय, अधिशासी अभियंता दिनेश पाल, उपखंड अधिकारी बीकेटी अशोक मौर्य, उपखंड अधिकारी न्यू कैंपस रत्नेश कुमार, उपखंड अधिकारी इटौंजा विजय तिवारी उपस्थित रहे।

### बंद मकान में घुसे चोर, समेट ले गए लाखों का सामान

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीबीडी थानाक्षेत्र अंतर्गत भैसोरा गांव में अगल–बगल के दो बंद मकानों में घुसे चोरों ने लाखों का सामान पार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अजय नारायण सिंह के मुताबिक, भैसोरा गांव निवासी इलेक्ट्रिक व्यापारी प्रमोद कुमार गत 30 जनवरी को पिता धर्मदेव के देहांत पर सपरिवार पैतृक गांव गए थे। पीड़ित ने बताया कि पिता पुलिस विभाग में दरोगा थे। बुधवार को पड़ोसियों ने उनके घर का दरवाजा खुला पाया। इसके बाद चोरी की आशंका पर पीड़ित को सूचना दी। आनन–फानन में घर पहुंचे प्रमोद ने बताया चोर दीवार फांदकर मकान में घुसे थे। जिसके बाद चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर चार लाख की ज्वैलरी, 42 इंच का एलईडी टीवी, सिलाई मशीन और अन्य कीमती सामान उठा ले गए हैं। छानबीन में पता चला की बिहार गए पड़ोसी के मकान का भी ताला टूटा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि 23 फरवरी की रात बाइक सवार दो चोर दीवार फांदकर मकान में घुसते दिखाई दे रहे हैं। वहीं चोर दोपहर में दो बार रेकी करते भी दिख रहे हैं। चोरी का सामान भी ले जाते दिखाई दे रहे हैं।


फीता काटकर होम्योपैथ संस्थान का उद्घाटन करते राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल।

### राज्य मंत्री ने किया हेल्थ साल्यूशन का उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** गंभीर बीमारियों के इलाज के लिये महानगर मे केयर हेल्थ साल्यूशन के नाम से एक होम्योपैथ संस्थान का उदघाटन उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल ने किया। पिछली तीन पीढ़ियों से होम्योपैथ के सहारे लोगों का इलाज करने वाले इस परिवार की चौथी पीढ़ी के सदस्य डॉक्टर आशीष रस्तोगी ने आज से इस चिकित्सकीय संस्थान की शुरुआत की। इस अवसर पर डॉक्टर आशीष रस्तोगी ने कहा कि उनका प्रयास है कि ऐसी बीमारियों से रोगियों को निजात दिला सकें जिसका कोई स्थायी इलाज एलोपैथ या दूसरी चिकिस्ता पद्धतियों के पास नहीं है। इस संस्थान का उदघाटन करते हुये राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि कुछ बीमारियां ऐसी है जिसका इलाज सिर्फ होम्योपैथ में ही संभव है इसलिये आम लोगो को होम्योपैथ के महत्व को समझना चाहिये।

### घर बैठे कमाई का झांसा देकर ऐंठे 2.84 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर जालसाजों ने युवक को ऑनलाइन कमाई का झांसा देकर फंसाया। फिर टास्क पूरा करने के लिए 2 .84 लाख रुपए ट्रांसफर करावा लिया। रुपए लगाने के बाद पीड़ित को मुनाफे की रकम वापस नहीं मिली। ठगी की जानकारी होने के बाद पीड़ित ने मडियांव थाने में मुकदमा दर्ज कराया हैं।मड़ियांव के इंक्लेव प्रियदर्शिनी योजना निवासी शरद द्वीक्षित के मोबाइल गत 22 फरवरी को एक मैसेज आया, जिसमें एडी–2 ब्रांड मीडिया प्रा, लि .फारच्यूना कम्पलेक्स दौदागर पुणे एवं टेलीग्राम पर ऑनलाइन जॉब का ऑफर आया। ऑफर में अधिक मुनाफा कमाने के लिए टास्क पूरा करने का चैलेंज दिया गया। पीडित ने बताया कि उसने छह मदों में 2 .84 लाख रुपए लगा दिये, लेकिन कंपनी की तरफ से न तो मुनाफे की रकम लौटाई गयी और न ही कंपनी के लोगों ने बातचीत की। ठगी की अहसास होने के बाद पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि साइबर सेल की मदद जांच की जा रही हैं।

# बाइक की ठोकर से सड़क पर पलटा ई-रिक्शा, चार घायल

संवाददाता, मलिहाबाद

**माल थानाक्षेत्र अंतर्गत शेखवापुर तिराहे पर हुई दुर्घटना**

**अमृत विचार :** माल थानाक्षेत्र अंतर्गत शेखवापुर तिराहे पर गुरुवार को बाइक की ठोकर लगते ही ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया। इस दुर्घटना में चार लोग जख्मी हो गए। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने घायलों को नजदीकी सीएसची में पहुंचाया। जहां से उन्हें केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया।

माल प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक हरदोई के रैसो गांव निवासी श्याम बहादुर कनौजिया गुरुवार शाम बाइक से घर लौट रहे थे। माल-रहीमबाद रोड पर शेखवापुर तिराहे के गहदो आ रहे रिक्शे ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। इस दुर्घटना में बाइक सवार श्याम बहादुर, ई रिक्शा पर सवार गहदो थाना रहीमाबाद के तालिम, हरदोई के बलसारा निवासी रुद्रपाल सिंह, व गहदो निवासी राहुल जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को राहगीरों की मदद से नजदीकी सीएचसी में पहुंचाया। जहां तालीम और राहुल को प्राथमिकी उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। जबकि श्याम बहादुर व रुद्रपाल सिंह के सिर पर गहरी चोट आने से उन्हें केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया गया है।

# पीएसी जवान पर दुष्कर्म का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**तालकटोरा थाने में पीएसी जवान पर दर्ज कराई रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** फेसबुक के जरिए पीएसी जवान ने एक युवती से दोस्ती की। भरोसा जीतने के बाद पीएसी जवान युवती को घुमाने हरिद्वार लेकर पहुंचा। जहां उसने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर दुराचार किया। तालकटोरा थाने में यह आरोप लगाते हुए युवती ने पीएसी जवान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र मिश्र के मुताबिक, माल थानाक्षेत्र की रहने वाली युवती (24) ने सहारनपुर जनपद के पहासु मनिहारन निवासी पीएसी जवान अनुज पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया कि फेसबुक के जरिए पीएसी जवान से उसकी दोस्ती हुई थी। 2023 को पीएसी जवान पीड़िता से मिलने लखनऊ आया। इसके बाद आरोपी युवती को घुमाने के लिए हरिद्वार लेकर पहुंचा। जहां रुड़की के एक होटल में ले जाकर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। आरोप है नवम्बर 2023 में प्रेम सम्बंधों का हवाला देते हुए दुष्कर्म किया। शादी का दबाव डालने पर पीएसी जवान उसकी अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

### छात्रा से दुष्कर्म की कोशिश प्राथमिकी दर्ज

**अमृत विचार, निगोहां :** निगोंहा थाने में एक छात्रा ने पड़ोसी पर दुष्कर्म की कोशिश किए जाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया कि इंजीनियरिंग की छात्रा है। बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपने कमरे में पढ़ाई कर रही थी। तभी पड़ोसी धीरज उसके कमरे में आ गया। अकेला पाकर पड़ोसी जोर–जबरदस्ती करने लगा। चीखने–चिल्लाने पर पड़ोसी ने उसकी पिटाई कर दी। हंगामा बढ़ने पर धीरज उसे जान से मारने की धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पड़ोसी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

## पुरोहित ने सिपाही से बताया जान का खतरा

**अमृत विचार, निगोहां :** निगोंहा थाने में तैनात सिपाही सोनू जाटव से पुरोहित विवेक शुक्ला ने अपनी जान का खतरा बताते हुए गुरुवार को आलाधिकारियों से मुलाकात कर शिकायत की है। पुरोहित का आरोप है कि निगोहां पुलिस उसे फर्जी मुकदमे में जेल भेजना चाह रही है। गौरतलब है कि 27 फरवरी को निगोहां थाने में तैनात सिपाही सोनू जाटव की शादी रामपुरगढ़ के रहने वाले ओमप्रकाश की बेटी से थी। रात करीब डेढ़ बजे सोनू ने पुरोहित विवेक शुक्ला पर जल्दी मंत्रोच्चारण कर शादी सम्पन्न कराने का दबाव डाला था। पुरोहित के इंकार करने पर सिपाही सोनू ने उसकी पिटाई कर दी थी। इसके बाद पुरोहित ने सिपाही के खिलाफ निगोहां थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि लड़की के पिता ने पुरोहित के खिलाफ तहरीर दी है।

# वरिष्ठ सहायक पर रिश्वत लेने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**मेडिकल बिल पास कराने के नाम पर ली थी रकम, विभागीय जांच में सही मिला मामला**

**भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय के प्राविधिक सहायक ने हजरतगंज में दर्ज कराया मुकदमा**

**ऑडियो और अन्य दस्तावेज के मिलने के बाद की जाएगी आगे की कार्रवाई**

**अमृत विचार :** भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय की निदेशक की वरिष्ठ सहायक और रिटायर्ड चपरासी पर मेडिकल बिल पास कराने के नाम पर घूस लेने का आरोप लगा। विभाग के प्राविधिक सहायक प्रमोद ने गुरुवार को हजरतगंज कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

हजरतगंज प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह के मुताबिक, सेवानिवृत्त साइक्लो स्टाइल आपरेटर चंद्र प्रकाश की तरफ से भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय में शिकायत की गई। लिखित शिकायत में बताया कि मेडिकल बिल पास कराने के लिए कई बार निदेशक से मिलने का प्रयास किया लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। आरोप है कि वरिष्ठ सहायक प्रतिभा वर्मा ने काम करने की जिम्मेदारी ली थी, लेकिन निदेशक से उसकी मुलाकात नहीं कराती थी। चंद्र प्रकाश ने पिता के मेडिकल बिल पास करवाने के लिए कहा। आरोप है कि प्रतिभा इस काम के पांच हजार और सेवानिवृत्त सहयोगी शिव चरण ने 20 हजार रुपये मांगे। रुपये देने के बाद से शिव चरण ने फोन उठाना बंद कर दिया। जबकि बिल को दो हिस्सों में देने पर भी शासन की तरफ से पास होने की बात कही। इस पर दो हिस्सों में बिल उपलब्ध करवा दिए गए। यही नहीं चंद्र प्रकाश ने आडियो क्लिप भी दी। उसमें किसको कितने रुपये जाएंगे। यह सभी बाते हैं। इस मामले की विभागीय जांच करवाई गई। उसमें दोनों ही दोषी पाए गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आडियो और अन्य दस्तावेज के मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## किशोरी का अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना थानाक्षेत्र अंतर्गत किशोरी से जबरन सम्बन्ध बनाने का दबाव देते हुए उसका वीडियो वायरल कर दिया गया। किशोरी के परिजनों ने यह आरोप लगाते हुए सम्बन्धित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के मुताबिक, कक्षा नौ की छात्रा ने स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा 11वीं के छात्र पर सोशल मीडिया पर उसकी आपत्तिजनक वीडियो अपलोड करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि छात्र ने अगस्त माह में छात्रा से दोस्ती कर उसे कॉल और वीडियो कॉल करता था। इसी दौरान उसने अपने मोबाइल पर उसकी अश्लील वीडियो और फोटो बना ली थी। जिसे लेकर वह उससे अवैध सम्बन्ध स्थापित करने के लिए ब्लैकमेल करता था। जब उसकी बात नहीं मानी तो उसकी इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाकर उसकी अश्लील वीडियो व फोटो की वायरल कर दिया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# अमौसी एयरपोर्ट पर लाखों की विदेशी सिगरेट बरामद

संवाददाता, सरोजनीनगर

**चोरी-छिपे बैंकॉक से लाई गई थी सिगरेट, जब्त**

**अमृत विचार :** चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बुधवार की शाम कस्टम अधिकारियों ने जांच के दौरान दो यात्रियों के कब्जे से 13.39 लाख रुपये की सिगरेट बरामद करने का दावा किया है। अधिकारियों के मुताबिक पकड़ी गई सिगरेट बैंकॉक से लाई गई थी। जिन्हें दो यात्री अपनी बैग में छिपा कर लाए थे।

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक बुधवार को बैंकों से 6:50 बजे चलकर चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर देर शाम तकरीबन 9 बजे पहुंची थाई एयर एशिया की फ्लाइट (एफडी-146) से उतर दो यात्रियों पर कस्टम अधिकारियों को आशंका हुई। जिस पर कस्टम अधिकारियों ने उन्हें रोककर उनकी तलाशी ली। अधिकारियों के मुताबिक यात्रियों के बैग से विदेशी सिगरेट के 394 पैकेट बरामद हुए। पकड़ी गई सिगरेट की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 13.39 लाख रूपये बताई जा रही है। कस्टम अधिकारियों ने इन सिगरेटों को जब्त कर लिया है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले ही कस्टम अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर टांडा के रहने वाले 13 तस्करों के पास से 20 लाख रुपये का सोना बरामद किया था।

## एक नजर

### लोहिया पार्क में कलरोथॉन 3 मार्च को

**अमृत विचार, लखनऊ :** नवाबी शहर में कला प्रेमियों के लिए उत्सव "कलरोथॉन" का आयोजन 3 मार्च रविवार को किया जा रहा है। इसमें हर उम्र के लोग शामिल होकर अपनी चित्रकारी के इंद्रधनुषी रंग बिखेर सकते हैं। ये जानकारी एक प्रेसवार्ता में शालीमार कॉर्प के डायरेक्टर कुणाल सेठ, प्रसिद्ध वैज्ञानिक मिलिंद राज, अहमद शरीफ, शम्स वारसी संस्थापक और सह-संस्थापक मैनेजिंग ट्रस्टी कलरोथॉन फाउंडेशन और डॉ. वंदना सहगल डीन एंड प्रिंसिपल (फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग, एकेटीयू) ने दी। आयोजकों ने कहा कि कलरोथॉन उत्सव 10वें साल में है। यह सिर्फ एक इवेंट नहीं, बल्कि रंगों का एक उत्सव है जो भावनाओं, विचारों और अभिव्यक्तियों को उजागर करता है। कलाकारों, चित्रकारों और स्केचिंग के शौकीन लोगों के लिए, यह एक कैनवास है जहाँ अपनी कल्पनाओं को रंगों दे सकते हैं। लाइव प्रदर्शन, प्रसिद्ध कलाकारों के साथ बातचीत और व्यावहारिक पेंटिंग सत्र का आयोजन किया गया है। शालीमार ग्रुप कलरोथॉन 2024 का प्रयोजक है।

# उमंगों के ट्रैक पर दौड़ कर महिलाएं पहुंची यादों की गलियों में

## साड़ी दौड़ प्रतियोगिता में आसमां प्रथम, संगीता को दूसरा और सविता को मिला तीसरा स्थान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** साड़ी के पल्लू को पहले कमर में खोंसा..फिर बालों को ठीक किया। जैसे ही इशारा हुआ महिलाओं ने तेजी से दौड़ना शुरू किया। किसी के पैरों में जूते थे कुछ नंगे पांव ही दौड़ पड़ी। यह नजारा गुरुवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम के मुख्य द्वार पर दिखाई पड़ा, जहां से महिलाओं के लिए साड़ी दौड़ आयोजित की गई थी। इसमें उन गृहणियों ने हिस्सा लिया, जिनका खेल जगत से कोई लेना देना नहीं था।

दौड़ शुरू के बाद कुछ महिलाएं थोड़ी दूर पर जा कर रुक गई तो कुछ की रफ्तार धीमी हो गई। दौड़ खत्म होने के बाद महिलाओं ने बताया कि घरों में बचपन में खूब दौड़ लगाई। फिर विवाह के बाद घर के काम से फुरसत ही नहीं मिली। आज एक बार फिर से बचपन के साथ स्कूल के दिनों की यादें ताजा हो गई।





केडी सिंह बाबू स्टेडियम से दौड़ लगाती महिलाएं और युवतियां। अमृत विचार

विजेता युवतियां

**केडी सिंह बाबू स्टेडियम से शुरू हुई यह दौड़**

केडी सिंह बाबू स्टेडियम से शुरू हुई यह दौड़ हजतरगंज चौराहा, निशातगंज होते हुए विभिन्न रास्तों से होते हुए वापस केडी सिंह बाबू स्टेडियम के मेन गेट पर ही खत्म हुई। बताते चलें कि सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत मोहनलालगंज के सांसद कौशल किशोर के नेतृत्व में सभी विधानसभाओं में महिलाओं की खेल में भागीदारी बढ़ाने को अनूठी दौड़ आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में आज केडी सिंह बाबू स्टेडियम के गेट से यह दौड़ आयोजित की गई। 5 किमी की महिला साड़ी दौड़ को सांसद कौशल किशोर ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौड़ में अधिकांश महिलाएं मोहनलाल गंज क्षेत्र की रही।

पुरस्कार समारोह में विधायक मोहनलालगंज अमरेश रावत, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी लखनऊ अजय सेठी जी, ब्लॉक प्रमुख सरोजिनी नगर सुनील रावत, ब्लॉक प्रमुख सिधौली रामबक्स रावत, प्रवीण अवस्थी, मजहर अब्बास, सदाशिव मिश्रा, जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी, सतीश रावत, श्यामलाल तूफानी, विनीत तिवारी, करुणा सरस्वती प्रतिमा सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### विजेताओं को दिया गया नकद पुरस्कार

18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए आयोजित की गई इस दौड़ में बख्तौरी खेड़ा निवासी आसमां ने प्रथम, संगीता ने द्वितीय और कुर्सी हिंडोरा निवासी सविता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम पुरस्कार पर विजयी महिला को 51 हजार रुपये, द्वितीय स्थान के लिए 41 हजार और तृतीय पुरस्कार के रूप में 31 हजार रुपए की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई। विजेताओं को चेक और प्रमाणपत्र केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने प्रदान किया। इसके बाद अगले दस प्रथम स्थान पर रहने वाली प्रतिभागियों कोमल, पूजा निषाद, अंजू, माधुरी, अर्चना, मानसी, शिवानी, शशि, अनीता, सरोली प्रत्येक को 51 सौ रुपए की धनराशि प्रदान की। इसके बाद दस दौड़ पूरी करने वाली महिलाओं में खुशबू, मानसी, गुड़िया, अमिता साहू, सरोज रावत, मोनी, शीतल, आयुषी गौतम, ज्योति, आशा पाल प्रत्येक को 41 सौ रुपए प्रदान किये गए। इसके बाद दस विजयी महिलाओं में शामिल अंशी देवी, शैलपुत्री, पूजा यादव, शिवानी, सोनी राजवंशी, काजल मौर्य, अंशिका रावत, आरती देवी, ज्योति को 31 सौ रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। मनीषा चौहान, रागिनी सिसोदिया, पल्लवी यादव, जूली, मोहिनी, रोशनी, स्वाति गौड़, नेहा, मोहिनी, मधु प्रत्येक को 21 सौ रुपए और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कुल 353 महिलाओं को नकद पुरस्कार दिए गए।

## पहुंचने लगी नए सत्र की किताबें

**अमृत विचार, लखनऊ :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024-25 में बच्चों को दी जाने वाली निशुल्क किताबें सभी जिलों में पहुंचने लगी है। इस बार 1 अप्रैल से बच्चों को किताबें मिलनी शुरू हो जायेंगी। निदेशालय के अधिकारियो ने बताया कि सभी जिलों में किताबें पहुंच रही हैं। इस बार बच्चों को समय से किताबें देने की तैयार की गई है।

**उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड**

**तिथि विस्तार** इस मण्डल कार्यालय द्वारा आमंत्रित की गयी निम्न ई-निविदाओं में को अरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है, अब निविदा अपलोड करने की तिथि 15.03.2024 के 17:00 बजे तक एवं निविदा खुलने की तिथि 16.03.2024 के 15:00 बजे तक निश्चित की जाती है। (1) अल्पकालीन ई-निविदा संख्या – वि0पारे0मं0- द्वि0/ल0/88/2023-24 (2) अल्पकालीन ई-निविदा संख्या- वि0पारे0मं0- द्वि0/ल0/89/2023-24 **कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत पारेषण मण्डल-द्वितीय पारेषण भवन, विभूति खण्ड, निकट मंत्री आवास, गोमती नगर, लखनऊ-226010 'राष्ट्र हित में बिजली बचायें' पत्रांक: 586/ETC-II/L/वि0पारे0मं0-द्वि0/ल0/निविदा सं0 88-89/ 2023-24 दिनांक: 29.02.2024**

# शिया कॉलेज ने जयपुरिया को 54 रन से दी मात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शिया पीजी कॉलेज ने अमित सिंह चौहान ट्रॉफी के लिए आयोजित चंद्रभान गुप्त मेमोरियल अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में जयपुरिया लखनऊ को 54 रन से हराया।

चंद्र भानु गुप्त मैदान पर आयोजित प्रतियोगिता में शिया कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 188 रन बनाए।

जवाब में जयपुरिया लखनऊ की टीम 19.3 ओवर में 134 रन पर लुढ़क गई। अभिषेक रोशन ने 34, सुमोक्ष द्विवेदी ने 25 व असीम सिंह ने 24 रन बनाये लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। शिया पीजी कॉलेज से यासिर तारिक ने 4 जबकि शादमान ने 2 विकेट चटकाए। दूसरे मैच में मुमताज पीजी कॉलेज बनाम विद्यांत पीजी कॉलेज के बीच मैच में विद्यांत पीजी कॉलेज के न आने के चलते मुमताज पीजी कॉलेज को वॉक ओवर दे दिया गया।

# लखनऊ में लगेगा कबड्डी खिलाड़ियों का मेला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में जल्द ही कबड्डी खिलाड़ियों का मेला लगेगा। पहली बार राज्य पुरुष कबड्डी सुपरलीग की मेजबानी लखनऊ को मिली है। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुद्देशीय हाल में 8 से 10 मार्च तक होने वाले आयोजन में प्रदेश की 17 टीमों को प्रवेश दिया गया है। मेजबान होने के कारण लखनऊ लीग में भाग लेने वाली 17वीं टीम होगी।

लखनऊ कबड्डी एसोसिएशन के सचिव अनूप शुक्ला के अनुसार कबड्डी की सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में शुमार सुपरलीग के आयोजन की तैयारियां की जा रही है। इसमे भाग लेने वाली लखनऊ टीम का कैंप एक मार्च से बाबू स्टेडियम में शुरू होगा।

लखनऊ कबड्डी एसोसिएशन की देखरेख में होने वाली लीग के लिए हुए अंतर जोनल मुकाबले में 16 टीमों ने क्वालिफाई किया। इसके अंतर्गत जोन ए से शामली, सहारनपुर, बिजनौर, मुजफ्फनगर, जोन बी से गाजियाबाद, यूपी पुलिस, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर, जोन सी से एनई रेलवे, बलिया, आजमगढ़, अमेठी हॉस्टल और जोन डी से वाराणसी, गाजीपुर, भदोही, जौनपुर की टीमें शामिल रही। आठ से दस मार्च तक जारी शेड्यूल के अनुसार इन टीमों को पूलों में बांटा गया है।

पूल ए में शामली, यूपी पुलिस, आजमगढ़, जौनपुर, पूल बी में गाजियाबाद, गाजीपुर, बिजनौर, अमेठी हॉस्टल, पूल सी में एनई रेलवे, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर और पूल डी में वाराणसी, बलिया, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर व मेजबान लखनऊ का चयन किया गया है।

**लखनऊ की टीम**

आदर्श शर्मा, अजय कुमार, सौरभ चौधरी, सिद्धार्थ मणि त्रिपाठी, अभिषेक कुमार, हर्षित कुमार, निखिल कुमार, सचिन कुमार, सौरभ कुमार, लुकमान, गोलू यादव, रामकिशन।

# अर्पित और ओमकार ने जीते दोहरे स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अर्पित यादव व ओमकार यादव ने शिया पीजी कॉलेज के खेलकूद उत्सव शियाड स्पोर्ट्स फेस्ट-2024 के पहले दिन एथलेटिक्स में दोहरे स्वर्ण पदक अपने नाम किए। महाविद्यालय परिसर में आयोजित प्रतियोगिताओं में अर्पित यादव ने 100 मीटर, 200 मी.दौड़ में अर्पित यादव, 400 मीटर और 800 मीटर दौड़ में ओमकार यादव ने पहला स्थान हासिल किया। पहला स्थान हासिल करने वाली 4 गुणा 100 मीटर रिले रेस की टीम में भी अर्पित और ओमकार शामिल रहे।

इससे पूर्व शियाड स्पोर्ट्स फेस्ट-2024 का उद्घाटन महाविद्यालय प्रबंधक सै.अब्बास मुर्तजा शम्सी ने ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि छात्र-छात्राओं की शिक्षा के साथ खेलों के प्रति प्रतिभा इस तरह के खेल आयोजन से निखर कर सामने आती है। महाविद्यालय लगातार खेल संसाधनों में बढ़ोत्तरी कर रहा है ताकि देश को प्रतिभावान खिलाड़ी मिल सके। प्रतियोगिता का शुभारंभ छात्र-छात्राओं के मार्च पास्ट से हुआ। किंग नसीरुद्दीन क्रिकेट स्टेडियम छात्र-छात्राओं के जोश और उत्साह और तालियों की आवाज से खिलाडियों में उमंग का माहौल बना रहा।

**महाविद्यालय प्रबंधक सै.अब्बास मुर्तजा शम्सी ने किया स्पोर्ट्स फेस्ट-2024 का उद्घाटन**

खेल प्रतियोगिता के पहले दिन 100 मीटर दौड़ में अर्पित यादव पहले, विशाल कुमार दूसरे व मोहम्मद अजीज व समीर तीसरे स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में भी अर्पित यादव ने पहला स्थान हासिल किया। विशाल कुमार दूसरे व समीर तीसरे स्थान पर रहें। 400 मीटर दौड़ में ओमकार यादव पहले, अजय रावत दूसरे व शुभम त्रिपाठी तीसरे स्थान पर रहे। 800 मीटर दौड़ में ओमकार यादव पहले, मनन दीक्षित दूसरे व प्रियांश ओझा तीसरे स्थान पर रहे। 4 गुणा 100 रिले रेस में अर्पित यादव, ओमकार यादव, विशा कुमार व समीर की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। प्रियांश ओझा, मो.आरिज, कम्बर मेंहदी, आदर्श सिंह की टीम दूसरे एवं समीर इफान, यश यादव, मो.मोहसिन, राम अवस्थी की टीम तीसरे स्थान पर रहे। शॉटपुट में औन फरमान ने पहला, विश्व प्रताप सिंह ने दूसरा व अजीत सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो में अजीत सिंह पहले, इरफान खान दूसरे व अना सिद्दीकी तीसरे स्थान पर रहे।

जैवलिन थ्रो में मो.फैज पहले, रामकृष्ण दूसरे व आसिफ अली तीसरे स्थान पर रहे। लांग जंप में प्रांजल पाण्डेय पहले, अब्बास रिजवी दूसरे व विशाल कुमार तीसरे स्थान पर रहे। हाई जंप में यश यादव पहले, विशाल कुमार दूसरे व प्रांजल पाण्डेय तीसरे स्थान पर रहे।

# 2 मार्च से शुरू होगा लखनऊ पुस्तक मेला

**अमृत विचार, लखनऊ :** चारबाग स्थित रवीन्द्रालय लॉन में 2 मार्च से नौ दिवसीय लखनऊ पुस्तक मेला शुरू होगा। कला, संस्कृति और साहित्य थीम वाले इस पुस्तक मेले के सांस्कृतिक मंच पर रोजाना पुस्तकों के विमोचन, पुस्तक चर्चा काव्य समारोह और आध्यात्मिक चर्चा के कार्यक्रम होंगे। लखनऊ पुस्तक मेले के संयोजक मनोज सिंह चन्देल ने बताया कि पुस्तक मेले के उद्घाटन के अवसर पर कला और साहित्य से जुड़ी विशिष्ट हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। इस मेले में डिजिटल टेक्नालाजी से जुड़े प्रकाशन देखने को मिलेंगे। उन्होंने बताया कि पुस्तक मेले के लिए दस हजार वर्गफुट का वाटर प्रूफ पंडाल तैयार किया जा रहा है। मेला निदेशक आकर्ष चंदेल ने बताया कि मेले में कवि सम्मेलन-मुशायरे का आनन्द लेने के साथ लोगों को लेखकों-कवियों के साथ बात करने का मौका भी मिलेगा। पुस्तक प्रेमियों के लिए यहां बुक लवर्स लाउंज होगा। सह संयोजक व उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ के संयुक्त सचिव टीपी हवेलिया ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात नौ बजे तक जारी रहने वाले इस मेले में पुस्तक प्रेमियों को बहुत कुछ नया देखने को मिलेगा।

**कार्यालय उप निदेशक (निर्माण)**
**राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद् उत्तर प्रदेश**
**तृतीय तल, किसान मण्डी भवन, विभूति खण्ड, गोमती नगर लखनऊ**

पत्रांक: नि0ख0/लखनऊ/ई-निविदा/2024-2332 दिनांक: 29.02.2024

**अति-अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित सम्पर्क मार्गों के निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा (E-Tendering) के माध्यम से परिषद आदेश पत्रांक-मु०अभि०- (पंजी०-नि0-1168-भाग-4)/2023-217 दिनांक 29.05.2023 के क्रम में मण्डी परिषद में पंजीकृत एवं वित्तीय रूप से सुदृढ फर्म/ठेकेदारों से दिनांक 11.03.2024 को अपरान्ह 5:00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा https://etender.up.nic.in पर दिनांक 01.03.2024 की अपरान्ह 4.00 बजे से दिनांक 11.03.2024 की अपरान्ह 1:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 11.03.2024 को अपरान्ह 1.30 बजे खोली जायेंगी। तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने के फलस्वरूप वित्तीय बिड खोली जायेगी। तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने हेतु निर्धारित तिथि को सार्वजनिक अवकाश पड़ जाने की स्थिति में तकनीकी एवं वित्तीय बिड अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा का मूल्य (जी. एस. टी. सहित) (रु0 में) | धरोहर धन-राशि (रु0 लाख में) | कार्य की अनुमानित लागत (रु0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जनपद – रायबरेली | | | | | | |
| 1 | सं०मा० गोपालगंज से भवानी नगर तक निर्माण कार्य। (लं० 1.70 कि0मी0) 2024_RKUMP_908138_1 | 9700.00 | 4.73 | 54.62 | 03 माह | 'स' |
| 2 | सं०मा० कुन्दनगंज महाराजगंज मार्ग से बाला मार्ग तक निर्माण कार्य। (लं० 1.45 कि0मी0) 2024_RKUMP_908139_1 | 8100.00 | 4.28 | 45.51 | 03 माह | 'स' |
| 3 | सं०मा० सागरपुर चौराहे से ऐलहना हलौर मार्ग तक निर्माण कार्य। (लं० 1.30 कि0मी0) 2024_RKUMP_908140_1 | 10100.00 | 4.85 | 56.85 | 03 माह | 'स' |
| 4 | सं०मा० राजापुर पुल से चन्दन पुरवा तक निर्माण कार्य। (लं० 1.00 कि0मी0) 2024_RKUMP_908142_1 | 7700.00 | 4.18 | 43.53 | 03 माह | 'स' |
| 5 | सं०मा० बाबू खेड़ा से कुन्दनगंज पक्की सड़क तक निर्माण कार्य। (लं० 0.95 कि०मी०) 2024_RKUMP_908145_1 | 5300.00 | 2.96 | 29.56 | 03 माह | 'द' |
| 6 | सं०मा० राम साण्डा से पूरे झाऊ तक निर्माण कार्य। (लं० 1.40 कि0मी0) 2024_RKUMP_908146 _1 | 10100.00 | 4.85 | 57.02 | 03 माह | 'स' |
| 7 | सं०मा० वैखरा से मोहब्बत नगर तक निर्माण कार्य। (लं० 0.00 कि०मी० से 1.00 क0मी0) 2024_RKUMP_908148_1 | 8100.00 | 4.29 | 45.72 | 03 माह | 'स' |
| 8 | सं०मा० सरदार गंज मोड से दाउदपुर गड़ई तक निर्माण कार्य। (लं० 0.70 कि०मी०) 2024_RKUMP_908149_1 | 4000.00 | 2.22 | 22.17 | 03 माह | 'द' |
| 9 | सं०मा० मुराई का बाग सरदार गंज मार्ग से देवगना तक निर्माण कार्य। (लं० 0.68 कि०मी०) 2024_RKUMP_908151_1 | 4200.00 | 2.38 | 23.81 | 03 माह | 'द' |
| 10 | सं०मा० इकछनिया उमरन मार्ग पर हटका ग्राम से पूरे वैसन तक निर्माण कार्य। (लं० 1.00 कि०मी०) 2024_RKUMP_908153_1 | 7400.00 | 4.09 | 41.68 | 03 माह | 'स' |
| 11 | सं०मा० बाधां बैरी गाँव से गंगा गोला घाट तक निर्माण कार्य। (लं० 0.75 कि०मी०) 2024_RKUMP_908154_1 | 5500.00 | 3.09 | 30.83 | 03 माह | 'द' |
| 12 | सं०मा० अहिरा बिरा रोड पर अचकापुर से उमराउन तक निर्माण कार्य। (लं० 1.30 कि0मी0) 2024_RKUMP_908155_1 | 8200.00 | 4.30 | 46.04 | 03 माह | 'द' |
| 13 | सं०मा० रौसी बाजार से आस्था पब्लिक स्कूल तक निर्माण कार्य। (लं० 0.74 कि०मी०) 2024_RKUMP_908156_1 | 4000.00 | 2.25 | 22.50 | 03 माह | 'द' |
| 14 | सं०मा० निर्माणाधीन एक्सप्रेस वे से उतरावा सी०सी० रोड तक निर्माण कार्य। (लं० 0.96 कि०मी०) 2024_RKUMP_908157_1 | 6200.00 | 3.50 | 35.00 | 03 माह | 'द' |
| 15 | सं०मा० दुधवन सांडेसराय मार्ग से सैदापुर तक निर्माण कार्य। (लं० 0.70 कि०मी०) 2024_RKUMP_908159_1 | 4900.00 | 2.77 | 27.65 | 03 माह | 'द' |

**नियम एवं शर्तें :-**

1. ई-निविदा के मूल्य हेतु निर्धारित धनराशि भारतीय स्टेट बैंक, गोमती नगर लखनऊ में उपनिदेशक (निर्माण) मण्डी परिषद, लखनऊ के संचालित खाता संख्या-30394513612 आई0एफ0एस0 कोड-SBIN0009916 तथा धरोहर धनराशि खाता संख्या-30394514140 आई0एफ0एस0 कोड-SBIN0009916 में आनलाइन जमा कराकर जमा रसीद (प्रमाण) ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य हैं।
2. धरोहर धनराशि एवं निविदा मूल्य आनलाइन जमा न किए जाने तथा जमा रसीद ई-निविदा के साथ अपलोड के बिना प्रस्तुत की गयी किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा तथा निविदायें प्रथम दृष्टया ही निरस्त कर दी जायेगी।
3. नवीनतम चरित्र प्रमाण पत्र (टी – 4), नवीनतम हैसियत प्रमाण पत्र (टी-5) एवं शपथ पत्र (टी-6) पर स्वप्रमाणित पासपोर्ट साइज फोटो तथा मण्डी परिषद में पंजीकृत / नवीनीकरण होने का साक्ष्य ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
4. ऐसे निविदादाता जिनका अपराधिक रिकार्ड है वह टेण्डर प्रक्रिया में भागीदारी नहीं कर सकेंगे।
5. निविदा के साथ रू0 100.00 का स्टाम्प पेपर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर हस्ताक्षर सहित अपलोड करना अनिवार्य होगा।
6. जी0एस0टी0 का भुगतान एवं आयकर की कटौती नियमानुसार चालू देयकों से की जायेगी।
7. निविदा मूल्य नान रिफण्डेबुल है।

नोट : समस्त नियम व शर्तें ई – निविदा वेबसाइड http://etender.up.nic.in पर देखी व पढ़ी जा सकती है।

उपनिदेशक (निर्माण)

## सार-संक्षेप



परीक्षार्थियों का स्वागत करतीं शिक्षिकाएं। अमृत विचार

### बाल निकुंज में वार्षिक परीक्षोत्सव की हुई शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाल निकुंज स्कूल्स एंड कॉलेजेज की सभी शाखाओं में गुरुवार से वार्षिक परीक्षा उत्सव शुरू हो गया। समस्त परीक्षार्थियों का स्वागत गीत, रोली-अक्षत, पुष्प वर्षा एवं आरती करते हुए मिष्ठान खिलाकर विद्यालय में प्रवेश द्वारों पर शिक्षकों द्वारा प्रधानाचार्य की उपस्थिति में स्वागत किया गया। समस्त छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान बिखरी हुई थी और खुशी-खुशी, बिना किसी तनाव से परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अपनी-अपनी परीक्षा कक्षा में प्रवेश किया। बाल निकुंज ने अन्य उत्सवों की भांति परीक्षा को उत्सव के रूप में मनाने का फैसला लिया है जिससे बच्चों के मन में किसी प्रकार के तनाव की गुंजाइश न रहे।

### सीएमएस में डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज प्रथम कैम्पस द्वारा आयोजित डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स में विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से विश्व एकता व विश्व शान्ति का अलख जगाया। स्कूल प्रार्थना, सर्वधर्म प्रार्थना, विश्व संसद एवं गीत-संगीत, कव्वाली की मनोहारी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। समारोह में विद्यालय के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वोच्चता अर्जित करने वाले छात्रों एवं वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया। संस्थापिका डॉ. भारती गांधी एवं अतिथि कार्तिकेय सिंह ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया एवं मेधावी छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया।

### साइबर क्राइम टीम ने दो लाख की रकम वापस दिलाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** जालसाजों से ठगी गयी दो लाख की रकम को साईबर क्राइम सेल की टीम ने तत्परता दिखाते हुये वापस दिला दी। प्रभारी निरीक्षक सतीश साहू के मुताबिक, गत 14 फरवरी को कंवल कुमार से साइबर अपराधियो ने अकाउन्ट की केवाईसी अपडेट करने के नाम पर झांसा देकर दो लाख रुपये खाते से निकाल लिये थे। जिसकी जानकारी मिलते ही साइबर सेल की टीम ने सम्बन्धित बैंक व कम्पनियों से सम्पर्क कर संदिग्ध खातों को फ्रीज कर साइबर ठगों से ठगी गयी दो लाख रुपये पीड़ित के खाते में वापस करा दिये है।

# 1 अप्रैल से शुरू होंगे खेलों के प्रशिक्षण शिविर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में विभिन्न बोर्ड की परीक्षाएं 15 से 20 मार्च तक खत्म हो जाएंगी। इसके बाद स्टेडियम में छात्र-छात्राएं विभिन्न खेलों में दाखिला लेने को राजधानी के स्टेडियमों का रुख करेगी। अप्रैल में होने वाली इस भीड़ को देखते हुए राजधानी में स्थानीय प्रशिक्षण कैंप लगाए जाने की तैयारी में जुट गया है। शहर के चारों स्टेडियमों पर कौन से कैंप कहां लगाए जाएंगे, क्षेत्रीय खेल कार्यालय इसका खाका बना रहा है। क्षेत्रीय खेल अधिकारी के अनुसार राजधानी में खेलों को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय प्रशिक्षण शिविरों को बेहतर ढंग से संचालित किए जाने की तैयारी है।

**हॉकी, फुटबॉल, ताइक्वांडो सहित विभिन्न खेलों के लगेंगे प्रशिक्षण कैंप**

**शहर के चारों स्टेडियम संचालित करने को तैयार किया जा रहा खाका**

क्षेत्रीय खेल कार्यालय के अनुसार राजधानी में एक दर्जन से अधिक खेलों के प्रशिक्षण शिविर संचालित किए जाएंगे। इसमें हॉकी, वॉलीबाल, क्रिकेट, ताइक्वांडो, मुक्केबाजी, तैराकी और बैडमिंटन के कैम्प केडी सिंह बाबू स्टेडियम में संचालित किए जाएंगे।

इसी तरह से चौक स्टेडियम में क्रिकेट, हॉकी, फुटबाल और मुक्केबाजी के कैंप संचालित किए जाएंगे। इसी तरह से गोमती नगर विजयंत खंड और मिनी स्टेडियम में हॉकी के कैम्प लगाए जाएंगे। विजयंत खंड में टेनिस और स्क्वैश का कैम्प भी लगाया जाएगा। खिलाड़ी अपने फेवरेट गेम में दाखिला लेने को संबंधित के खेल के प्रशिक्षक से मिल कर फार्म खरीद सकते हैं।

क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अजय सेठी के अनुसार राजधानी में समर सीजन की शुरुआत के साथ ही खिलाड़ियों की भीड़ बढ़नी शुरू हो जाती है। परीक्षाओं के बाद छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक स्टेडियम पहुंचने लगते हैं। सबसे अधिक भीड़ क्रिकेट में होती है। दूसरे नंबर पर तैराकी में दाखिले के लिए भीड़ होती है। इसके लिए कई बार प्रशिक्षण शिविर का समय बढ़ाना पड़ता है। उसके बाद एथलेटिक्स और बैडमिंटन में दाखिले के लिए लंबी लाइन होती है। प्रयास किया जा रहा है सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण के लिए जल्द ही प्रशिक्षकों की तैनाती कर दी जाएगी।

## हिन्दू एक होकर दिखाएं ताकत : चंद्रशेखर

**अमृत विचार, लखनऊ :** सभी जो आज भारत में रहते हैं, वे हिंदू संस्कृति, हिंदू पूर्वजों और हिंदू भूमि से संबंधित हैं, इनके अलावा और कुछ नहीं। कुछ लोग इस बात को समझ गए हैं, जबकि कुछ अपनी आदतों और स्वार्थ के कारण समझने के बाद भी इस पर अमल नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा, कुछ लोग या तो इसे अभी तक समझ नहीं पाए हैं या भूल गए हैं। उनको यह बात तभी समझ में आएगी जब सभी हिंदू एक होकर अपनी ताकत दिखाएंगे, यह बात अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने सदर स्थित एक होटल में महासभा के पदाधिकारियों की बैठक में कही। बैठक के दौरान लखनऊ जिला अध्यक्ष विशाल कनौजिया, धनंजय सिंह, मनोज कुमार, अरविंद नाथ गुप्ता, किशन, मुकेश, ओम प्रकाश सिंह, अमर, श्याम मलहोत्रा, विनोद मलहोत्रा, वंसराज यादव, सुनील यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



गुरुवार को एक होटल में आयोजित समारोह में साझेदारी की घोषणा करते एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के अधिकारी और एलएसजी के खिलाड़ी व पदाधिकारी। अमृत विचार

## एलएसजी हेल्मेट पर दिखेगा एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का लोगो

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईपीएल के इस नए सत्र के लिए एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने लखनऊ सुपरजायंट्स के साथ लीड हेल्मेट पाटर्नर के रूप में साझेदारी की है। गुरुवार को एक होटल में आयोजित समारोह में इस साझेदारी की घोषणा की गई। साझेदारी के अनुसार एसबीआई लाइफ का लोगो लखनऊ सुपरजायंट्स टीम के हेल्मेट पर नजर आएगा। एसबीआई लाइफ के ब्रांड कारपोरेट कम्यूनिकेशन और सीएसआर प्रमुख रवींद्र शर्मा के अनुसार, लखनऊ सुपरजायंट्स के साथ हमारी भागीदारी भावनात्मक स्तर से सुरक्षा की आवश्यकता को रेखांकित करती है। इस अवसर पर एसबीआई लाइफ के एमडी और सीईओ अमित झींगरन, लखनऊ सुपरजायंट्स के सीईओ कर्नल विनोद बिष्ट के अलावा क्रिकेटर अमित मिश्रा और शिवम मावी मौजूद रहे।

## एक नजर

### शासन ने नगर निगम सदन में अमर्यादित टिप्पणी की मांगी रिपोर्ट

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** शासन ने नगर निगम सदन में भाजपा पार्षद राम नरेश रावत के अमर्यादित टिप्पणी करने के मामले में नगर आयुक्त से रिपोर्ट मांगी है। सदन में भीतर व बाहर पार्षद ने महापौर व नगर आयुक्त के बारे में जो कुछ कहा है, उसकी पूरी रिपोर्ट शासन को भेजने के साथ उनके खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश करने की तैयारी है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने सदन की कार्यवाही की रिकॉर्डिंग भी मंगवा ली है। वह शुक्रवार को पूरी रिकॉर्डिंग देखेंगी। इसके बाद अपनी रिपोर्ट बनाएंगी। भाजपा पार्षद राम नरेश रावत ने नगर निगम सदन में बुधवार को अमर्यादित टिप्पणी की थी।

### एग्रोटेक 2024 : डेवलपमेंट मीट ऑन उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर प्रदर्शनी आज से

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** भारतीय कृषि एवं खाद्य परिषद द्वारा "एग्रोटेक 2024-डेवलपमेंट मीट ऑन उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर" विषयक तीन दिवसीय कार्याशाला व प्रदर्शनी एक मार्च शुक्रवार से शुरू होगी। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित होने वाली कार्यशाला का उद्घाटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह दीप प्रज्जवलित कर करेंगे। स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया व आईपीएल बायोलोजिकल्स लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर सांसद अशोक बाजपेयी, एडिशनल चीफ सेक्रेटरी कृषि विभाग डॉ .देवेश चतुर्वेदी, नाबार्ड के सीजीएम एस के डोरा, डॉ .अनीस कुमार शर्मा, टेक्निकल इलेक्ट्रॉनिक्स कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड भी प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।

# आरक्षण व्यवस्था को नष्ट करने पर तुली है भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा आरक्षण की व्यवस्था को तहस नहस करने पर तुली है। इंडिया गठबन्धन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सपा पर है। संवैधानिक संस्थाओ का निष्पक्ष और सशक्त बनाना जरूरी हैं।

सपा मुख्यालय, लखनऊ में गुरुवार को समाजवादी बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी, समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, समाजवादी अल्पसंख्यक सभा और समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिलों के पदाधिकारियों की बैठक डॉ. लोहिया सभागार में हुई। इसमें लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारी पर चर्चा के साथ बूथ स्तर तक संगठनात्मक स्थिति की रिपोर्ट ली गई। बैठक में सभी प्रकोष्ठो के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में अखिलेश यादव के नेतृत्व में भाजपा को 80 लोकसभा सीटों पर हराकर पीडीए की सरकार बनाने का रास्ता प्रशस्त करने का संकल्प लिया। बैठक में समाजवादी सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों की सराहना के साथ भाजपा की जनविरोधी नीतियों पर आक्रोश व्यक्त किया गया।


राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को माला पहनाकर स्वागत करते सपा के कार्यकर्ता।

▶▶ **लोकसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा के साथ बूथ स्तर तक संगठनात्मक स्थिति की ली रिपोर्ट**

#### बैलेट से पता चली हेराफेरी

सपा प्रमुख ने चंडीगढ़ में वोटों की हेराफेरी का उदाहरण देते हुए कहा कि, अगर चुनाव बैलेट से नही हुआ होता तो पता भी नहीं चलता। विधायकों को लालच देकर प्रलोभन और पैकेज देकर तोड़ रही है। भाजपा विधायक खरीद सकती है। लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा का सफाया कर देगी। उन्होंने कहा है कि जो विधायक धोखा देकर गये हैं वे धोखेबाज है। जब क्षेत्रों में जाएगें तब जनता इनसे हिसाब करेगी।

बैठक में पूर्व मंत्री रामगोविन्द चौधरी एवं राजेंद्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल और राजेन्द्र कुमार विधायक विशेषतौर पर उपस्थित थे।

इनके अतिरिक्त समाजवादी बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती, प्रदेश अध्यक्ष संतोष जाटव, समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना इकबाल कादरी, प्रदेश अध्यक्ष मो. शकील नदवी, समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप, समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राहुल भारती और प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर चौधरी आदि मौजूद रहे।

# धान खरीद बंद, 53.67 लाख एमटी हुई खरीद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में गुरुवार को खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 की धान खरीद बंद हो गई। 70 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 5207 केंद्रों पर 7,99,944 किसानों से महज 53,67,516 मीट्रिक टन (76.68 प्रतिशत) धान खरीदा जा सका।

जालौन, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बागपत, हापुड़ में खरीद शून्य रही। पश्चिम के मंडल आगरा, अलीगढ़, झांसी, मेरठ का खरीद फीसद बेहद कम रहा। वजह नवंबर से फरवरी तक खुले केंद्रों पर बढ़ा बाजार भाव हावी रहा। किसानों ने समर्थन मूल्य से अधिक दाम मिलने पर बाजारों में धान बेचा। इस वजह से केंद्रों पर आवक कम हुई। नमी व मानकों का पेंच तो ढुलाई-छनाई के केंद्रों पर खुद दाम चुकाना भी कम खरीद की वजह रही। उठान की नई प्रकिया से भी खरीद प्रभावित हुई। केंद्रों से नियमित धान का उठान न होने के कारण नई खरीद के लिए जगह नहीं रही। इस वजह से तमाम किसान धान नहीं बेच पाए। जबकि पिछले वर्ष 70 लाख मीट्रिक टन में 65 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया था। लखनऊ समेत कई जिलों ने 100 प्रतिशत से अधिक खरीद की थी। हालांकि गुरुवार शाम तक खरीद की तिथि बढ़ाने के निर्देश नहीं आए।

**पश्चिम जिले रहे पीछे, पूर्वी ने की पूर्ति**-कुछ जिलों में क्रय केंद्र समय से पहले खोले गए। इसके बाद भी बाजार भाव अधिक होने के कारण खरीद कम हुई। स्थिति यह रही कि पश्चिम जिलों में खरीद में रफ्तार नहीं आई और सुस्ती के बीच दिसंबर में ही बंद हो गई। लेकिन, क्रय नीति के तहत 29 फरवरी तक केंद्र जरूर सन्नाटे के बीच खुले रहे।

▶▶ **जालौन, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बागपत, हापुड़ में खरीद शून्य**

▶▶ **5207 केंद्रों पर 7,99,944 किसानों ने बेचा धान, बाकी बाजार में बिक्री**

#### इन संस्थाओं ने इतने एमटी खरीदा धान

शाखा विपणन – 25,05,029
भारतीय खाद्य निगम – 49,825
उप्र सहकारी संघ – 11,83,508
यूपी कोआपरेटिव यूनियन – 10,54,198
उप्र उपभोक्ता सहकारी संघ – 4,95,703
मंडी परिषद – 57,151
फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी – 22,097

#### मंडलों पर ये हुई खरीद

लखनऊ 7,52,135, बरेली 6,49,405, मुरादाबाद 4,61,041, अयोध्या 5,78,126, अलीगढ़ 8,659, आगरा 3,942, झांसी 1,328, मेरठ 177, सहारनपुर 5,521, आजमगढ़ 2,12,460, कानपुर 1,80,927, गोरखपुर 5,08,157, चित्रकूट 41,952, देवीपाटन 3,37,793, प्रयागराज 4,52,016, बस्ती 2,89,615, मिर्जापुर 2,67,896, वाराणसी 6,16,357 मीट्रिक टन

### रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

**हरदोई, अमृत विचार :** अनंग बेहटा गांव के बाहर से होते हुए निकली रेलवे लाइन के अप ट्रैक पर गुरुवार की दोपहर एक युवक का शव कई टुकड़ों में पड़ा हुआ देखा गया। उसकी उम्र लगभग 35 साल के आस-पास बताई जा रही है। उसने काली पैंट और टी-शर्ट के अलावा एक हाथ मे कड़ा पहन रखा था। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर जांच शुरू कर दी। बताया गया है कि पुलिस ने कोतवाली देहात के अनंग बेहटा गांव के बाहर रेलवे ट्रैक पर पड़े मिले शव की जामा तलाशी ली। हालांकि इस दौरान पुलिस को कोई ऐसा क्लू हाथ नही लगा जिससे उसकी शिनाख्त हो सकती थी। पुलिस ने फिलहाल शव मर्च्यूरी में रखवा दिया है।

# ज्वैलर्स उठा सकते गोल्ड मेटल लोन का लाभ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऑल इण्डिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन (एआईजेजीएफ) का राष्ट्रीय सम्मेलन एवं नेशनल ज्वैलर्स मीट का आयोजन गुरुवार को कृष्णा नगर स्थित होटल मोमेंटस में किया गया। ज्वैलर्स मीट में सर्राफा कारोबार को बढ़ाने के लिए विशेषज्ञों ने व्यापारियों को तमाम सुझाव दिए। इसमें गोल्ड मेटल लोन का मामला सामने आया। निरंतर घटते-बढ़ते सोने-चांदी के भाव पर व्यापारियों ने सवाल दागे। विशेषज्ञों ने कहा कि गोल्ड मेटल लोन सिर्फ बड़े ज्वैलर्स की विषय वस्तु नहीं है। सरकार की नई नीतियों से छोटे और मंझोले ज्वैलर्स भी औपचारिकताएं पूरी कर इसका सीधा लाभ उठा सकते हैं। इससे उनका व्यापार फलेगा-फूलेगा। ज्वैलरी ब्लॉक इंश्योरेंस ज्वैलर्स के लिए जरूरी है। किसी भी जोखिम से बचने के लिए सभी ज्वैलर्स को इसे कराना चाहिए।

मुख्य अतिथि ज्वाइंट कमिश्नर कस्टम नंदेश सिंह ने चांदी में सीमाशुल्क संबंधित कानून की जानकारी सर्राफा व्यापारियों के साथ साझा की। उन्होंने सर्राफा कारोबार की तकनीकी जानकारियां और सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने संगठन का एप और नई वेबसाइट को व्यापारी पदाधिकारियों के साथ लांच किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा, राष्ट्रीय महामंत्री नितिन केडिया, राष्ट्रीय संगठन मंत्री मणीन्द्र सोनी, मीडिया प्रभारी सागर केसरवानी व उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष मनीष वर्मा एवं प्रदेश संयोजक विनोद महेश्वरी ने बताया कि आभूषण उद्योग के भीतर नेटवर्किंग, सिक्योरिटी, बीआईएस मानक का उपयोग कर सर्राफा व्यापार को आधुनिक तरीके से बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों से आए ज्वैलरी उद्योग के प्रतिनिधियों और उद्योग से जुड़े लोगों का परिचय संगठन की प्रदेश टीम ने कराया। उन्हें मोमेंटो प्रदान कर उनका अभिनंदन किया गया।


एआईजेजीएफ की नेशनल ज्वैलर्स मीट के दौरान मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

▶▶ **जोखिम से बचने के लिए कारोबारी कराएं ज्वैलरी ब्लॉक इंश्योरेंस**


भारतीय प्रेस परिषद की बैठक के दौरान मौजूद निदेशक सूचना शिशिर व अन्य।

### भारतीय प्रेस परिषद की उप समिति ने की बैठक

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** भारतीय प्रेस परिषद, नई दिल्ली के सदस्य गुरिन्दर सिंह की अध्यक्षता में विज्ञापन संबंधी प्रकरणों पर विचार करने के लिए भारतीय प्रेस परिषद के उप समिति की बैठक गुरुवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय सूचना परिसर के सभागार में आयोजित की गयी, जिसमें भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य आरती त्रिपाठी व श्याम सिंह पवार उपस्थित रहे। इस अवसर पर बैठक में विज्ञापन संबंधी प्रकरणों पर विचार-विमर्श किया गया और विज्ञापन संबंधी प्रकरणों की सुनवाई की। समिति ने विज्ञापन मार्गदर्शिका एवं विज्ञापन मान्यता संबंधी प्रकरणो की समीक्षा की। पत्रकार बन्धुओं की समस्याओं का निदान कराये जाने के लिए भी आश्वस्त किया। बैठक में निदेशक सूचना शिशिर, अपर निदेशक अंशुमान राम त्रिपाठी, उप निदेशक प्रेस ललित मोहन सहित संबंधित अधिकारी एवं पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।

### राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने घोषित किये पुरस्कार

**अमृत विचार,, लखनऊ :** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश ने दीर्घकालिक साहित्यक सेवा एवं उत्कृष्ट पुस्तक के लिए वर्ष 2023-24 के पुरस्कार घोषित किये हैं। पुरस्कार के रूप में एक-एक लाख रुपये की धनराशि, अंगवस्त्रम और प्रतीक चिन्ह दिया जाएगा। पुरस्कृत विभूतियों में डॉ. आकांक्षा दीक्षित को अमृत लाल नागर पुरस्कार, अनूप कुमार गुप्ता को पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी पुरस्कार, अनुराग मिश्र 'गैर' को मिर्जा असद उल्ला खां गालिब पुरस्कार, अरुण कुमार 'मानव' को डॉ. विद्यानिवास मिश्र पुरस्कार, हरो लाल 'मिलन' को सुब्रह्मण्यम् भारती पुरस्कार, डॉ. इक़बाल अहमद अंसारी को जोश मलिहाबादी पुरस्कार, महेन्द्र प्रताप अवस्थी 'महेन्द्र भीष्म' को मीर तकी मीर पुरस्कार, मनोज कुमार 'मानव' को सुमित्रानन्दन पंत पुरस्कार, डॉ. मृदुला पंडित को फिराक़ गोरखपुरी पुरस्कार, डॉ. नेहा इक़बाल को अकबर इलाहाबादी पुरस्कार, पूर्णिमा बेदार श्रीवास्तव को डॉ. शिवमंगल सिंह 'सुमन' पुरस्कार, प्रदीप कुमार सिंह को भारतेन्दु हरिश्चन्द्र पुरस्कार, डॉ. प्रतिभा मिन्न कोगया प्रसाद शुक्ल 'सनेही' पुरस्कार, डॉ. राधा विष्ट को डॉ. हरिवंश राय बच्चन पुरस्कार, डॉ. राघवेन्द्र मिश्र 'प्रणय' को जयशंकर प्रसाद पुरस्कार,डॉ. राजेन्द्र पेंसिया को भगवती चरण वर्मा पुरस्कार, राजेश कुमार सिंह 'श्रेयस' को श्याम सुन्दर दास पुरस्कार, डॉ. राकेश कुमार गुप्ता 'चक्र' को प्रताप नारायण मिश्र पुरस्कार, डॉ. राम मनोहर मिश्र को कवयित्री महादेवी वर्मा पुरस्कार, रमाशंकर सिंह यादव को बालकृष्ण भट्ट पुरस्कार, डॉ. सुधाकर अदीब को शरतचन्द्र बट्टोपाध्याय पुरस्कार, डॉ. तनवीर अहमद को अमीर खुसरो पुरस्कार और विजय प्रसाद त्रिपाठी को शिव सिंह 'सरोज' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा दो विशेष पुरस्कार प्राप्त करने वालों में हैं ओम प्रकाश चतुर्वेदी 'पराग' पुरस्कार, डॉ. जय प्रकाश मिश्रा (रु0 21,000/-, अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह) रमनलाल अग्रवाल 'रम्मन' पुरस्कार, हीरालाल (रु0 11,000/- अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह)।

# नाटक एहसास के दर पे जज्बात की दस्तक में हुई संवेदनाओं पर बात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

मंचन

**अमृत विचार :** श्रद्धा मानव सेवा कल्याण समिति की ओर से संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में चल रहे तीन दिवसीय नाट्य समारोह की अंतिम संध्या पर गुरुवार को आकांक्षा थियेटर आर्ट्स के नाटक एहसास के दर पे जज्बात की दस्तक का मंचन किया गया। जॉन गाल्सवर्दी के मूल नाटक द फर्स्ट एंड द लास्ट का गिरीश अभीष्ट द्वारा नाट्य रूपांतरित और निर्देशित इस नाटक में संवेदनाओं पर बड़ी शिद्दत से बात की गई है।

नाटक में ललित सक्सेना मानसिक तौर पर दिशाहीन और संवेदनशील युवा है। वह वेश्यावृत्ति का धंधा छोड़ चुकी बेसहारा महिला वृंदा कपूर से प्यार करता है। वृंदा एक शातिर अपराधी पतंजली पराशर की पत्नी है। पराशर वृंदा के पिता की उम्र का है। एक अप्रत्याशित घटना में वृंदा और ललित के हाथों पराशर की हत्या हो जाती है। ललित का बड़ा भाई किरीट नामी वकील है और विधानसभा चुनाव की तैयारी में लगा है। ललित भाई के पास मदद मांगने जाता है।

किरीट आपराधिक मामलों का विशेषज्ञ वकील है। ललित से उसके अच्छे सम्बन्ध नहीं हैं लेकिन वह जानता है कि अगर इस हत्याकांड में ललित फंस गया तो उसका चुनाव खराब हो जायेगा। भाई को बचाने के लिए वह उस मामूली चोर को फंसाता है जो पराशर की लाश से कुछ चुराकर ले गया था। किरीट चुनाव जीत जाता है लेकिन ललित और वृंदा इस शोक में डूब जाते हैं कि एक कमजोर गरीब हत्या के जुर्म में फंस गया। वह दोनों आत्महत्या कर लेते हैं।

नाटक में अरुण कुमार विश्वकर्मा, बुशरा फातिमा, जारा हयात और सचिन शाक्य ने अपने-अपने किरदार शानदार अंदाज में निभाये। प्रकाश व्यवस्था मोहम्मद हफीज की थी।

### ट्रेनिंग कोर्स फार्म भरवाने के लिए युवक के नाम पर लिया लोन

**अमृत विचार, लखनऊ:** हजरतगंज कोतवाली में प्रतियोगी छात्र ने जालसाजों के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए एक युवती समेत अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह के मुताबिक गोमतीनगर विस्तार निवासी दिव्यांशु सिंह पार्ट टाइम नौकरी तलाश रहे थे। गत 4 जनवरी को उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। फोनकर्ता ने अपनी पहचान हलवासिया कोर्ट में इमारटिक्स लर्निंग प्रालि. की कर्मचारी रिमझिम के रूप में की। बातचीत के दौरान युवती ने बताया कि उनकी कंपनी पहले ट्रेनिंग कोर्स करवाकर नौकरी देती है। इस पर दिव्यांशु कंपनी पहुंचे, जहां जालसाज ने उनसे कोर्स के 90 हजार भरने को कहा। दिव्यांशु का आरोप है कि अभिषेक ने उनके नाम से फाइनेंशियल कंपनी से लोन लेकर रकम अपने खाते में ले ली। किश्त न जमा होने पर उन्हें मामले की जानकारी हुई।

### इस्कान मंदिर में श्रील भक्ति सिद्धांत सरस्वती ठाकुर का जन्मदिवस धूमधाम से मना

**अमृत विचार, लखनऊ:** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित इस्कान मंदिर में इस्कान के संस्थापक श्रील प्रभुपाद के गुरु श्रील भक्ति सिद्धांत सरस्वती ठाकुर का जन्मदिवस बड़ी धूम से मनाया गया। इस्कान के उपाध्यक्ष भोक्ता राम ने बताया कि श्रील भक्ति सिद्धांत सरस्वती ठाकुर का जन्म पुरी में 1874 को केदारनाथ भक्ति विनोद ठाकुर के घर हुआ था। जब यह छह महीने के थे तब जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान रथ इनके घर के सामने आकर रुक गया और तीन दिन तक वहीं रुका रहा। जब इनकी मां इन्हें लेकर रथ के सामने पहुंचीं तो जगन्नाथ के गले में पड़ी माला इनके ऊपर गिर गई। यह दृश्य देखकर इनके पिता जान गए कि यह बालक कृष्ण भावनामृत का प्रचार करने आया है। सात साल की उम्र में ही इन्हें सम्पूर्ण श्रीमद्भागवत याद हो गई। आठ साल की उम्र में ही उन्होंने प्रवचन देना शुरू कर दिया।

शिलान्यास — 6 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत से मंदिर परिसर में होंगे निर्माण

# चंद्रिका देवी मंदिर का सौंदर्यीकरण कराना हमारा सौभाग्य : योगेश

▶▶ **2 करोड़ 56 लाख रुपये से जगमग होगा बीकेटी से चंद्रिका देवी का मार्ग**

संवाददाता, बख्शी का तालाब

**अमृत विचार :** मां चन्द्रिका देवी मंदिर के सौन्दर्यीकरण एवं लाइटिंग कार्य के लिए 8 करोड़ 85 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। गुरुवार को विधायक योगेश शुक्ला ने पूजा अर्चना कर कार्यों की शुरआत करवाई।

विधायक ने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा दी गई इस धनराशि में से मंदिर परिसर के सौन्दर्यीकरण कार्य पर 6 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत से मंदिर परिसर में बने सिंह व द्विवेदी दो मुख्य द्वारों को राजस्थान के लाल पत्थर से निखारा जाएगा, वहीं श्रद्धालुओं को धूप व बारिश तथा मार्ग में जलभराव से बचाने के लिए मार्ग की ऊंचाई बढ़ाकर उसके ऊपर फैवरिक टेनसाइड सीट लगाकर छाया का प्रबंध किया जाएगा। मंदिर परिसर के चारों तरफ 257 मीटर लंबी बाउंड्रीवाल भी बनाई जाएगी। गोमती तट पर एक सुंदर घाट का निर्माण होगा।

बख्शी का तालाब से चंद्रिका देवी मंदिर तक 11 किलोमीटर मार्ग पर स्ट्रीट लाइटों के लिए 2 करोड़ 56 लाख रुपये की धनराशि व्यय की जायेगी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि चंद्रिका देवी मंदिर में विकास कार्य करवाना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि चंद्रिका देवी मंदिर के साथ-साथ कठवारा गांव के किनारे गोमती तट पर स्थित ककरहा शिव मंदिर परिसर को भी 1 करोड़ रुपये की धनराशि से संवारा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए विभाग द्वारा पहले भी 53 लाख रुपये दिए गए थे जिससे वहां कई काम भी हुए है।


पूजा अर्चना करते विधायक योगेश शुक्ला साथ में अन्य। अमृत विचार

#### मंदिर परिसर में जल्द बनेगी मल्टीस्टोरी पार्किंग

विधायक योगेश शुक्ला ने लोगों से कहा कि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अपना वाहन खड़ा करने के लिए काफी समस्या हो रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही हम मुख्यमंत्री से मिलकर मंदिर परिसर में लगभग 10 करोड़ की लागत से मल्टीस्टोरी पार्किंग बनवाने की मांग करूंगा।


**न्यायालय उप जिलाधिकारी सदर लखनऊ**
वाद सं0 – T201810460204011
नियत तिथि– 02.03.2024
सरकार बनाम पंकज कुमार अवस्थी
अर्न्तगत धारा 104/105 उ0प्र0 रा0सं0 2006
ग्राम पारा, परगना व तह0 व जिला लखनऊ
अर्न्तगत धारा 104/105 उ0प्र0 रा0सं0 2006 चूंकि उपरोक्त नामांकित उपरोक्त ने इस न्यायालय में 02/03/2024 के दिवस को सुनवाई हेतु नियत है पक्षों को सूचित किया जाता हैं कि नियत तिथि पर न्यायालय के समक्ष उपस्थिति होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा एक पक्षीय रूप से वाद को निर्वीत कर दिया जायेग
आज्ञा से
उपजिलाधिकारी
सदर तह0
लखनऊ

**न्यायालय उप जिलाधिकारी सदर लखनऊ**
वाद सं0 – T201810460216154
नियत तिथि– 02.03.2024
सरकार बनाम उषा देवी आदि
अर्न्तगत धारा 115 उ0प्र0 रा0सं0 2006
ग्राम पारा, परगना व तह0 व जिला लखनऊ
अर्न्तगत धारा 115 उ0प्र0 रा0सं0 2006 चूंकि उपरोक्त नामांकित उपरोक्त ने इस न्यायालय में 02/03/2024 के दिवस को सुनवाई हेतु नियत है पक्षों को सूचित किया जाता हैं कि नियत तिथि पर न्यायालय के समक्ष उपस्थिति होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा एक पक्षीय रूप से वाद को निर्वीत कर दिया जायेग
आज्ञा से
उपजिलाधिकारी
सदर तह0
लखनऊ

**कार्यालय ग्राम पंचायत दहावा– कसमंडा, सीतापुर**
पत्रांक मेमो/सचिव/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा/निविदा आ./2023–2024 दिनांक 27/02/2024
**निविदा आमंत्रण सूचना–अल्पकालीन**
कार्यालय ग्राम पंचायत दहावा विकासखंड कसमंडा पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मो को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्य की अल्पकालिक मोहरबंद निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो से दिनांक 05/03/2024 को अपरान्ह 4:00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो के सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जाएगी। किसी भी टेंडर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 27/02/2024 से दिनांक 05/03/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत दहावा से प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एनएससी/एएफडीआर के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। जो कार्यालय ग्राम पंचायत दहावा के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तो आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदारों व फर्मो द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गई धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित लागत | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है | सामग्री की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दहावा में जाबिर के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य | 196694.06 | सीमेंट 79 बोरी, मौरंग 3.15 घनमी0 बालू 7.57 घनमी0, गिट्टी 2.87 घनमी0 रोड़ा 6.56 घनमी0, सरिया 1.6 क्विंटल ईट 8538.75 No. | 154780.00 | 200.00 |
| 2 | नन्दू के घर से दहावा बाजार तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 235477.93 | ईट 3302.80 No., सीमेंट 55 बोरी मौरंग 6.24 घनमी0, बालू 2.33 घनमी0 गिट्टी 0.54 घनमी0, रोड़ा 13 घनमी0 सरिया –, इण्टरलाकिंग ईटा 3731– No. | 192577.83 | 200.00 |

जिस निविदादाता का टेंडर सबसे कम दर का होगा उसे टेंडर स्वीकृति दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का दो प्रतिशत जमानत धरोहर की धनराशि एनएससी/ एफडीआर जो ग्राम पंचायत दहावा के पक्ष में बंधक होगा जमा करने पर सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जाएगा।
प्रधान– ग्राम पंचायत दहावा, कसमण्डा–सीतापुर | सचिव– ग्राम पंचायत दहावा, कसमण्डा–सीतापुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत खड़सरा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**
पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक– 29.02.2024
**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**
सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खड़सरा, विकासखंड मोतिगरपुर , जनपद सुलतानपुर एसएलडब्ल्यूएम योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–01.03.2024 से 07.03.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत खड़सरा , विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–07.03.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपय में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज–2 योजना अंतर्गत ठेला/ई–रिक्शा, सोख्ता गड्ढा, खाद गड्ढा, भूमिगत नाली,आरआरसी आदि निर्माण कार्य | 5,96,904 रुपये | बालू, मोरंग, पत्थर (20mm) ईटगिट्टी, सीमेन्ट, ईट, सरिया, लोहे की पाइप, स्टील चद्दर शेड, मिट्टी आदि | 100 |
| 2 | सुनील सिंह के घर से पक्की सड़क तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 2,16,040 रुपये | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री | 100 |

नोट– शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।
(ग्राम प्रधान) ग्रा0पं0– खड़सरा, वि0खं0–मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर | (सचिव) ग्रा0पं0– खड़सरा, वि0खं0–मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत खैरहा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**
पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक– 29.02.2024
**अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन**
सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खैरहा, विकासखंड मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर एसएलडब्ल्यूएम योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–01.03.2024 से 05.03.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत खैरहा , विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–05.03.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज–2 योजना अंतर्गत ठेला/ई–रिक्शा, सोख्ता गड्ढा, खाद गड्ढा, भूमिगत नाली,आरआरसी आदि निर्माण कार्य | 6,22,846 रुपये | बालू, मोरंग, पत्थर (20mm) ईटगिट्टी, सीमेन्ट, ईट, सरिया, लोहे की पाइप, स्टील चद्दर शेड, मिट्टी आदि | 100 |

नोट– शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।
ग्राम प्रधान, ग्रा0पं0– खैरहा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर | ग्राम पंचायत सचिव, ग्रा0पं0– खैरहा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत दौलतपुर वि.ख.जयसिंहपुर, जनपद सुल्तानपुर**
पत्रांक मेमो / नि.का./ मनरेगा/ 2023–24 दिनांक–29.02.2024
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दौलतपुर वि0 ख0 जयसिंहपुर जनपद सुल्तानपुर में मनरेगा योजना से कराये जाने वाले निम्न कार्य हेतु सामाग्री आपूर्ति किए जाने हेतु अनुभवी व पंजीकृत फर्मो से मुहरबंद निविदाये दिनांक 04/03/2024 तक अपरहान 3.00 बजे तक आमंत्रित कि जाती है एवं उसी दिन दिनांक 04/03/2024 को ग्राम पंचायत के कार्यालय में निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधिओ के समक्ष खोली जाएगी कार्य की bill of quantity भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।
कार्य का नाम
1– संजय यादव के घर से नागा बाबा तक नाली निर्माण कार्य
अनु.लागत: 421743 लाख रू0
2. पक्की सड़क से मीरा के घर इं. लां. निर्माण कार्य
अनु ला. 374061 रू0
श्रीमती सुन्दरी देवी, प्रधान, ग्राम पंचायत दौलतपुर, विकास खंड जयसिंहपुर सुल्तानपुर | रामकुमार यादव, सचिव, ग्राम पंचायत दौलतपुर, विकास खंड जयसिंहपुर सुल्तानपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर**
पत्रांक–1099/न0पा0परि0सुल0/2023–24 दिनांक– 29.02.2024
**अल्पकालिक ई–निविदा सूचना**
नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–2025 के लिए टैक्सी, टैम्पो पार्किग शुल्क (संयुक्त) की वसूली के ठेकों हेतु ई–निविदा दिनांक 01. 03.2024 से दिनांक 10.03. 2024 तक आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 11.03.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेगी। सम्बन्धित निविदा ई–प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://www. etender.up.nic.in से डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है एवं अन्य नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सम्बन्धित पटल से प्राप्त की जा सकती है।
अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सुलतानपुर | अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, सुलतानपुर

घाटमपुर के बरौली गांव में ईंट भट्ठे में श्रमिकों की नाबालिग बेटियों के साथ हुई वारदात

# गैंगरेप के बाद चचेरी बहनों के शव पेड़ से लटके मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर/घाटमपुर

- ठेकेदार और साथियों ने गैंगरेप कर बनाया अश्लील वीडियो, जबरन शराब पिलाकर की मारपीट
- गैंगरेप, पॉक्सो समेत कई गंभीर धाराओं में दर्ज की गई रिपोर्ट, तीन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**अमृत विचार :** घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के बरौली गांव में गैंगरेप के बाद बुधवार रात नाबालिग चचेरी बहनों (16 और 14 वर्षीय) के शव पेड़ पर फांसी के फंदे से लटके मिले। दोनों के साथ मंगलवार रात नशे में धुत ईंट भट्ठे के ठेकेदार ने साथियों के साथ मिलकर गैंगरेप किया था। दोनों किशोरियों के अश्लील वीडियो बनाकर जबरन शराब और बीड़ी पिलाकर पीटा भी था। उस दौरान ईंट-भट्ठे में काम करने वाले लोग बाजार करने गए थे। 16 वर्षीय मृतका किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने ठेकेदार रामस्वरूप, रज्जू, संजय, अन्य के विरुद्ध गैंगरेप, पॉक्सो, आत्महत्या के लिए उकसाने, मारपीट, धमकी, आपत्तिजनक वीडियो, फोटो खींचने की एफआईआर दर्ज की है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

घाटमपुर के बरौली गांव में श्रीबालाजी भट्ठे में जिला हमीरपुर के थाना सिसौलर निवासी दो श्रमिक काम करते हैं। वह दोनों फुफेरे भाई हैं। दोनों ने पुलिस को बताया कि भट्ठे में रामस्वरूप ठेकेदारी करता है। मंगलवार शाम को हफ्ते भर का हिसाब हुआ तो पैसे मिलने पर वह और भट्ठे के अधिकतर श्रमिक परिवार बाजार चले गए थे। अपनी-अपनी झोपड़ी में 16 वर्षीय और 14 वर्षीय चचेरी बहनें अकेली थीं। इसी दौरान नशे में धुत ठेकेदार रामस्वरूप, उसका बेटा रज्जू, संजू और एक अन्य झोपड़ी में घुस गए और चचेरी बहनों के साथ गैंगरेप किया। दोनों को मारापीटा, जबरन शराब और बीड़ी पिलाई। अश्लील वीडियो भी बनाया। किशोरियों के पिता ने बताया कि वे लोग बाजार से लौटे तो लड़कियां रो रही थीं। पूछने पर उन्होंने हकीकत बताई।


श्रमिक जब विरोध जताने आरोपियों के पास पहुंचे तो अभद्रता करते हुए भगा दिया। बुधवार को दिन भर सभी पुलिस के पास जाने की सोचते रहे लेकिन डर से नहीं गए। बुधवार शाम दोनों किशोरियां खेलने निकलीं लेकिन लौटीं नहीं। रात 10 बज गया, दोनों नहीं लौटीं तो खोजबीन शुरू हुई। रात में करीब 11 बजे भट्ठे से कुछ दूर एक पेड़ से दोनों के शव लटके मिले। सूचना पर थाने की पुलिस पहुंची। गुरुवार सुबह संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) हरीश चन्दर, डीसीपी रविंद्र कुमार, एसीपी रंजीत कुमार भट्ठे पर पहुंचे। ठेकेदार रामस्वरूप, रज्जू व संजय को गिरफ्तार कर लिया गया है। भट्ठे के मुनीम, भट्ठा मालिक को नजरबंद कर दिया गया है। गुरुवार रात दोनों किशोरियों का पोस्टमार्टम तीन डॉक्टरों के पैनल ने किया। गांव में पुलिस-पीएसी तैनात कर दी गई है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद अन्य कार्रवाई होगी।

# गोंडा में ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराकर आग का गोला बनी कार, दो लोग जिंदा जले

- गोंडा-लखनऊ हाईवे पर हारीपुर के समीप हादसा, एक गंभीर

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार :** बुधवार रात 12 बजे के बाद गोंडा-लखनऊ हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली से टकराने के बाद आग का गोला बन गयी। इस भीषण हादसे में कार चालक समेत दो लोगों की जलकर मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।


आग से जली कार। अमृत विचार

हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। मृतकों की पहचान बिंदेश यादव पुत्र केशव राम (28) निवासी कन्हाईपुरवा पूरे संगम थाना कटरा बाजार व अनुपम पाठक पुत्र माता प्रसाद उर्फ बंबू पाठक (22) निवासी मिझौरा थाना परसपुर के रूप में हुई है।

जबकि घायल सूरज पाठक पुत्र दीनानाथ पाठक (30) कटरा बाजार थाना क्षेत्र के कन्हाईपुरवा पूरे संगम का रहने वाला है। नगर कोतवाली पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है और घटना की जांच पड़ताल में जुटी है। बताया जा रहा है कि ट्राली में रिफ्लेक्टर नहीं लगा था। रिफ्लेक्टर न होने से कार सवार ट्रॉली को देख नहीं सके और हादसे का शिकार हो गए।

## एक नजर

### आचार संहिता उल्लंघन में सुनवाई 6 को, फैसला संभव

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर :** 2017 में विधानसभा चुनाव में आचार संहिता लागू होने पर हैंडपंप लगवाने के आरोप में फंसे सपा विधायक इरफान सोलंकी की गुरुवार को एमपीएमएलए लोअर कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने अब छह मार्च की तिथि निर्धारित की। अगली सुनवाई में आचार संहिता मामले में फैसला आने की उम्मीद है। 2017 विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होने के बाद सपा विधायक की विधायक निधि से ईदगाह कॉलोनी में हैंडपंप लगवाने और उसका प्रचार करने के आरोप में कर्नलगंज पुलिस ने विधायक इरफान सोलंकी समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

### दूल्हे व उसके पिता को बनाया बंधक

**फतेहपुर, बाराबंकी :** बरात के विदा होने के समय वर पक्ष द्वारा हर्ष फायरिंग करने के बाद वधू पक्ष आक्रोशित हो गया। दूल्हे और उसके पिता को बंधक बनाने के साथ बेटी का विदा करने से मना कर दिया गया। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। हालांकि काफी मान-मनौव्वल के बाद बेटी की डोली उठी। वहीं पुलिस ने हर्ष फायरिंग की घटना से इनकार कर दोनों पक्षों में मारपीट में सुलह-समझौता होने की बात कर रही है। मामला फतेहपुर कोतवाली के धौंसार गांव का है। यहां के निवासी मो. उमर की बेटी कमीजा का गुरुवार को निकाह था। बरात सीतापुर जिले के दुघरा गांव से आई थी। यहां पहुंची बरात का स्वागत सत्कार किया गया। उसके बाद निकाह की रस्म पूरी की गयी। विदाई के समय दूल्हे जहीर के मामा शेख फारूक अहमद ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से हर्ष फायरिंग कर दी। इसके बाद वहां भगदड़ मच गई।

### तस्कर जासिम की 11 करोड़ की संपत्ति होगी कुर्क

**संवाददाता, बाराबंकी :** करीब दो दशक से मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गैंगस्टर एक्ट के आरोपी जासिम की 11 करोड़ से अधिक की संपत्ति पुलिस व प्रशासन की टीम कुर्क करेगी। इसको लेकर जैदपुर और सफदरगंज पुलिस द्वारा भेजी गई आख्या पर जिला मजिस्ट्रेट ने अपनी स्वीकृति दे दी है। शीघ्र ही पुलिस व प्रशासन की टीम सिद्धौर कस्बे में स्थित तस्कर के दो भूखंडों को कुर्क करने की तैयारी कर रही है। बाराबंकी पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गैंगस्टर एक्ट के तहत इनके द्वारा अपराध से स्वयं एवं परिजनों के नाम पर अर्जित चल/अचल सम्पत्तियों को डीएम के आदेश पर जब्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। जैदपुर थाने में दर्ज यूपी गैंगस्टर के गिरोह के सरगना राजा कटरा निवासी मुनव्वर के गिरोह के सदस्य असंद्रा थाने के हटिया सिद्धौर निवासी तस्कर जासिम दो दशक से तस्करी में लिप्त था।

# सामने आए केडी सिंह बाबू की कोठी के नौ खरीदार

## 7 मार्च तक कोठी खाली करेंगे किराएदार, 11 को होगी नीलामी, पांच करोड़ से शुरू होगी बोली

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भारत को हॉकी में ओलंपिक का पहला पदक दिलाने वाले देश के पहले और अंतिम हेल्म्स ट्राफी विजेता बाबू केडी सिंह का जिस कोठी में बचपन बीता था वह 11 मार्च को नीलाम हो जाएगी। इस कोठी के 9 खरीदार सामने आए हैं। बोली 5 करोड़ से शुरू होनी है। इसकी सार्वजनिक नीलामी की नोटिस चस्पा कर दी गई है।

अदालत ने संभावित खरीदारों को गुरुवार को कोठी देखने का अवसर प्रदान किया था। कोर्ट के प्रतिनिधि की उपस्थिति में खरीदारी के इच्छुक लोग कोठी देखने पहुंचे। इस विशाल कोठी से न केवल बाबू केडी सिंह की यादें जुड़ी हुई हैं। बल्कि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के समकालीन कवि एवं साहित्यकार उनके


हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू की कोठी। अमृत विचार

बड़े भाई कुंवर राजेंद्र सिंह का बचपन भी इसी कोठी में बीता था।

कुंवर राजेंद्र सिंह ने कई किताबें लिखीं। कोठी का निर्माण उनके पिता राय बहादुर रघुनाथ सिंह ने कराया था। उनके 6 पुत्र थे। जिनमें से कुंवर दिग्विजय सिंह यानी बाबू केडी सिंह पांचवें स्थान पर थे। उनके अन्य पांच भाई कुंवर राजेंद्र सिंह, कुंवर भूपेंद्र सिंह, कुंवर सुखदेव सिंह, कुंवर नरेश सिंह तथा कुंवर सुरेश सिंह का परिवार इस कोठी के दावेदारों में शामिल है। परिजनों के अनुरोध पर ही अदालत ने कोठी की नीलामी के आदेश दिए हैं। अब कोर्ट ने नीलामी की तारीख मुकर्रर कर दी है।

### कोठी को राष्ट्रीय स्मारक बनाने की उठी मांग

अब जबकि कोठी की नीलामी तय हो चुकी है जिले के साहित्यकारों, समाजसेवियों और राजतीतिज्ञों ने इस कोठी को राष्ट्रीय स्मारक बनाए जाने की मांग मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर की है। यह मांग करने वालों में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, सांसद उपेंद्र रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, वरिष्ठ साहित्यकार और राष्ट्रभाषा परिषद के अध्यक्ष अजय सिंह, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, पूर्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत सिंह, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रामनाथ मौर्य, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष भारत लाल सिंह, अधिवक्ता श्रवण सिंह, सलाहुद्दीन व बलराम सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इस संदर्भ में वरिष्ठ साहित्यकार अजय सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को डीएम सत्येंद्र कुमार से मिलकर उनसे केडी सिंह बाबू की कोठी को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने के प्रयास करने का अनुरोध किया। अजय सिंह का कहना है कि प्रभारी मंत्री जितिन प्रसाद ने भी उन्हें आश्वासन दिया है कि कोठी को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने के लिए वह पूरा प्रयास करेंगे। इस संदर्भ में भाजपा नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलेगा।

### विश्व के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी थे केडी सिंह बाबू

केडी सिंह बाबू का अंतरराष्ट्रीय हॉकी जगत में बड़ा नाम है। महज 14 वर्ष की उम्र में देवा मेला के खेल मैदान से अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया था। उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी माना जाता है। उन्हें हेल्म्स थर्ड फाउंडेशन ने उन्हें हेल्म्स ट्रॉफी प्रदान की थी। इसे अंतरराष्ट्रीय जगत में खेल का नोबेल पुरस्कार माना जाता है।

# रायबरेली से प्रियंका को चुनाव लड़ाने की मांग



**संवाददाता, रायबरेली :** जिले में लोकसभा चुनाव से पहले सियासी पारा चढ़ने लगा है। कांग्रेस की पारम्परिक सीट पर एक बार फिर गांधी परिवार के सदस्य को चुनाव लड़ाने की मांग जिले में उठने लगी है। इसके लिए शहर के कई जगहों पर होर्डिंग भी लग गई हैं। प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव का वक्त नजदीक आ रहा है। सियासी दलों के नेताओं के साथ कार्यकर्ता भी अपनी-अपनी पार्टियों में जान फूंकने के लिए मैदान में उतर आए है। अपने-अपने पसंद के नेता को चुनाव लड़ाने के लिए होर्डिंग के जरिये मांग कर रहे है। यूपी में अपनी सियासी जमीन तलाश रही कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पार्टी का बेड़ा पार करने के लिए गांधी परिवार की पारम्परिक लोकसभा सीट से प्रियंका गांधी वाड्रा को चुनाव लड़ने की मांग की है। गौरतलब है कि सांसद सोनिया गांधी के राज्यसभा जाने के बाद रायबरेली में कांग्रेस की तरफ से दावेदारी को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे है। ऐसे में लोग उम्मीद लगा रहे है कि इस बार मां की विरासत उनकी बेटी प्रियंका गांधी संभालेंगी। बीते दिनों राहुल की भारत जोड़ो यात्रा में प्रियंका गांधी तो नहीं आई लेकिन उनको देखने के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता आए थे।

# राष्ट्र निर्माण में महिलाओं का अहम योगदान

**संवाददाता, प्रतापगढ़ :** संडवा चंद्रिका के तेजगढ़ में भाजपा महिला मोर्चा काशी प्रांत की कोषाध्यक्ष प्रतिभा सिंह के संयोजन में अवसान माता पूजन छठा महोत्सव आयोजित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने सपत्नी पूजन कर शुरूआत किया। उन्होंने कहा कि भारत के मिट्टी और यहां के संस्कृति की खुशबू पूरे विश्व में महक रही है। राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। विश्व में ज्ञान की देवी के रुप में मां सरस्वती, राक्षसों के नरसंहार में माता दुर्गा ने तलवार उठाया व सुख समृद्धि के लिए घर-घर माता लक्ष्मी की पूजा होती है। आज चारों ओर महिलाओं का सम्मान हो रहा है। जब भी देश को आवश्कता पड़ी है, महिलाएं डट कर राष्ट्र की एकता व अखंडता की रक्षा की है। प्रधानमंत्री मोदी ने नारी सशक्तीकरण नारी वंदन योजना लाकर महिलाओं को सम्मान दिया है। उन्होंने नारा दिया है कि बेटी बचाओ बेटी पढाओ, जहां नारियों की पूजा होती है वहां देव निवास करते हैं। जहां देव निवास करते हैं वह राष्ट्र मजबूत होता है। रामायण व महाभारत काल में भी नारियों की पूजा होती थी। नारी समाज व राष्ट्र को एक सूत्र में बांधती है।

# राम नाम जपने से जीवन में सब सिद्ध होगा: मुरारी बापू

अयोध्या कार्यालय

- आजकल छोटी-छोटी बातों पर दुखी होना हो गई है आम बात

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के तीर्थ क्षेत्र पुरम में चल रही रामकथा में छठवें दिन गुरुवार को प्रसिद्ध कथावाचक मुरारी बापू ने कहा कि राम का नाम जपो जीवन में सब सिद्ध हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रभु की कथा, प्रभु का रूप, प्रभु का नाम यह सब महामंत्र है। अयोध्यावासी इन दिनों राम के संयोग में है, इसलिए एक महीना कैसे बीत गया पता ही नहीं चला। ऐसा लग रहा है जैसे अयोध्या में रात ही नहीं हो रही है। जब संयोग में होते हैं तो वह दिन कैसे बीत जाते हैं पता ही नहीं चलता। वियोग का


रामकथा कहते कथावाचक मुरारी बापू।

एक-एक दिन भारी होता है। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता हमारी नियति है दुख हम स्वयं बनाते हैं। छोटी-छोटी बातों पर आजकल दुखी होना आम बात हो गई है।

# हम सबको रामलला के दर्शन के लिए रोका गया : मनोज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** यह बहुत दुखद है कि हमारे दल के नेता की ओर से हम सभी को रामलला के दर्शन के लिए रोका गया था। लेकिन आज परिवार के साथ रामलला का दर्शन-पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। मन को असीम शांति की अनुभूति हो रही है। मैंने हमेशा उनका विरोध किया है, जिन्होंने प्रभु राम के बारे में, सनातन के बारे में अनर्गल विलाप किया है। यह देश राम का है, यहां के कण-कण में श्रीराम विराजमान हैं। यह बातें रायबरेली के ऊंचाहार से सपा विधायक मनोज पांडेय ने कहीं। वे गुरुवार को यहां परिवार के साथ रामलला का दर्शन-पूजन करने पहुंचे थे। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के फैसले पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बैठक में मुख्य सचेतक के रूप में मैंने यह मांग की थी कि सभी विधायकों को दर्शन कराया जाए लेकिन अफसोस है कि हम सबको रामलला के दर्शन के लिए रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि रामलला का दर्शन-पूजन कर अपने क्षेत्र की जनता के लिए खुशहाली की कामना की है। रामलला के दर्शन-पूजन करने परिवार के साथ यहां पहुंचे सपा विधायक मनोज पांडेय ने पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह व सीएम की जमकर प्रशंसा की।

## असलहे के बल पर पेट्रोल पंप कर्मी से दो लाख की लूट

**संवाददाता, सुलतानपुर :** जिले में अपराधी खाकी को खुली चुनौती दे रहे हैं। बीती रात जिला पंचायत सभागार में सिपाही को कुछ लोगों ने पीट दिया तो देर रात पल्सर सवार अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने लखनऊ-बलिया हाइवे पर स्थित पेट्रोल पंप से असलहे के बल पर दो लाख रुपया लूट कर फरार हो गए। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस व स्वाट टीम ने जांच पड़ताल की है। सिपाही की पिटाई में पुलिस ने तो रात में ही मुकदमा दर्ज कर लिया, वही लूट की घटना पुलिस मारपीट की घटना बता रही है। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर बरौसा से पहले राघवपुर शुक्ल में इंडियन आयल की रॉयल पेट्रोलियम नाम से पेट्रोल पंप है। जिसका संचालन सुलतानपुर निवासी दिव्यांशु सिंह पुत्र सुशील कुमार सिंह द्वारा किया जाता है। बुधवार की रात पेट्रोल पंप का संचालन बंद होने के बाद मोतिगरपुर थाना क्षेत्र महमूदपुर जंगल निवासी पेट्रोल पंप मैनेजर शिवराम पाल तीन कर्मियों के साथ पंप पर मौजूद थे। रात करीब 10 बजे काली पल्सर से आए नकाबपोश बदमाश ऑफिस में घुस गए।

## सरयू में बनेगा प्रदेश का दूसरा फ्लोटिंग रेस्टोरेंट

**अयोध्या कार्यालय :** राममंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद राम की पैड़ी और सरयू के घाटों को पर्यटकों के अनुकूल बनाने की कवायद तेज हो गई है। राम की पैड़ी पर दर्शक दीर्घा और सरयू के घाट पर पैवेलियन के निर्माण की योजना के बाद अब सरयू नदी में प्रदेश का दूसरे फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई है। गत वर्ष प्रयागराज में यमुना नदी पर प्रदेश के पहले फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का निर्माण कराया गया था। इस पारदर्शी फ्लोटिंग रेस्टोरेंट पर मनोहारी प्रकृतिक छटा के बीच लोगों को जन्मदिन, प्री वेडिंग शूट, संगोष्ठी-सेमिनार और योग सत्र के आयोजन की सुविधा हासिल होगी। योजना को धरातल पर उतारने के लिए पर्यटन विकास निगम लिमिटेड की ओर से प्रक्रिया शुरू की गई है। पर्यटन विकास निगम लिमिटेड की ओर से जल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरयू नदी में प्रदेश के दूसरे फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की योजना बनाई है। योजना के तहत रेस्टोरेंट के निर्माण पर दो करोड़ 24 लाख रुपये और जल क्रीड़ा उपकरणों की स्थापना पर 32 लाख 30 हजार रुपये के खर्च का अनुमान किया गया है।

## वर्ग पहेली-358

**बाएं से दाएं**

1. 1. व्यभिचारिणी स्त्री 2. बिना विवाह किए रखी हुई स्त्री, रखैल, उपपत्नी।

4. 1. सूत्र 2. नियम, नुस्खा 3. विधि; सिद्धांत 4. किसी काम को करने का तरीका, गुर, तरकीब; जैसे- फ़िल्म हिट करने का फ़ॉर्मूला 5. सांकेतिक भाषा में तथ्यों का विवरण 6. औषधि या दवाई के घटक तथा उसे बनाने की विधि 7. मतभेद सुलझाने या समझौता कराने का उपाय।

5. 1. वह कर्मचारी जिसपर किसी कार्य का दारोमदार या पूरा दायित्व हो 2. स्तंभ 3. राज्य का प्रमुख

6. नट, कलाबाज़ी दिखाने वाला व्यक्ति।


**ऊपर से नीचे**

1. धरती पर गिरा हुआ, भूमिसात।

2. 1. नागरमोथा घास की एक जाति 2. एक तृण जिससे चटाई बनाई जाती है 3. गोनरा या गोनी नामक घास।

3. 1. जिसमें ज़ोर या शक्ति हो, ज़ोरवाला, बलशाली 2. तेज़, प्रबल, तीव्र 3. ज़बरदस्त, उत्साहवर्धक 4. आग्रहयुक्त, जैसे- ज़ोरदार अनुशंसा।

5. सामूहिक रूप से नमाज़ अदा करने के लिए मस्जिद से होने वाली पुकार या बुलावा।



### वर्ग पहेली - 357 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 के | ■ | 2 धू |
| ■ | 3 र | ■ | फ़े | ■ | पि |
| ■ | स | ■ | 4 टि | कि | या |
| ■ | धा | ■ | रि | ■ | ■ |
| 5 क | र | छि | या | ■ | 6 दि |
| रे | ■ | ■ | ■ | ■ | खा |
| 7 ल | घु | चे | ता | ■ | ना |

## सुडोकू-75

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 1 | | | | 4 | | 3 |
| | | | 2 | | | 7 | | |
| 5 | 6 | | | 1 | | 9 | | |
| 9 | | 6 | | 3 | | | | 8 |
| | | 4 | | | | 6 | | |
| 1 | | | | 7 | | | | 5 |
| | | 7 | | 4 | | | 2 | |
| | | 2 | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 1 | 3 | 9 | |

### सुडोकू - 74 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 9 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 |
| 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 2 | 3 | 7 | 8 |
| 4 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 5 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 7 | 5 | 9 | 3 | 1 | 6 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 6 |
| 2 | 7 | 8 | 6 | 3 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी पूर्ण रात्रि तक।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 12.48 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष** — आज नए व्यवसाय में आप निवेश कर सकते हैं। धन संबंधित परेशानियां सुलझ सकती हैं। रुके हुए कार्यों को पूरा करने के लिए दिन शानदार है। दूसरों के दबाव में आकर काम न करें। अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे।

**वृष** — आज पारिवारिक जीवन काफी सामान्य रहेगा। अपने विचारों को सदैव सकारात्मक बनाए रखें। शाम के समय परिवार के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से मन हतोत्साहित हो सकता है।

**मिथुन** — आज प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आएंगे। आगामी लक्ष्यों को लेकर थोड़े संशय में आ सकते हैं। संतान को लेकर मन अप्रसन्न हो सकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। शिक्षा में आ रही परेशानियों का निवारण होगा।

**कर्क** — आज जिन लोगों का वजन बढ़ा हुआ है उनको स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। अपने काम में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। ऐश्वर्य के साधनों पर आपका धन खर्च होगा। विवादों को समझदारी पूर्वक सुलझाने में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — आज मनोरंजन में समय बीत सकता है। तकनीकी संबंधी परेशानियों का निवारण होगा। उत्साह और प्रसन्नता के समाचार प्राप्त होंगे। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी। परिवार के हित को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं।

**कन्या** — आज जॉब में आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। पूर्व में लिए गए निर्णयों के कारण हानि हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी पहचान अच्छी बनेगी। मन की चंचलता दूर होगी। आय में अचानक कमी आ सकती है। पार्टनर के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**तुला** — आज आपका मन शांत रहेगा। धन संबंधित समस्या सुलझ सकती है। कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आय के नए साधनों में वृद्धि होगी। भाग्य आपका भरपूर साथ देगा। अचानक आए खर्चों में कमी आएगी।

**वृश्चिक** — आज मानसिक रूप से अशांत महसूस करेंगे। दूसरों से अपनी तुलना न करें। इससे आपमें हीन-भावना घर कर सकती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। दौड़-धूप के कारण आपको समस्या होगी। शरीर में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**धनु** — आज जॉब में काम का दबाव बढ़ने के बावजूद उसे अच्छी संभाल लेंगे। शेयर मार्केट के माध्यम से आपको धन लाभ हो सकता है। विपरीत लिंग के जातकों के प्रति आकर्षित रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है।

**मकर** — आज गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। अटके हुए काम तेजी से पूरे होंगे। इससे आपका मनोबल बढ़ेगा। घर की महिलाओं की सेहत का ध्यान रखें। आप सभी कार्य संभल कर करेंगे। व्यापार में सहकर्मियों पर विश्वास करें।

**कुंभ** — आज बेवजह की चर्चाओं और विवादों से दूर रहें। बुद्धि व विवेक से काम करने से आपको लाभ होगा। मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। सामाजिक क्रियाकलापों में आपकी गतिविधियां बढ़ेंगी। आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं।

**मीन** — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। सेहत थोड़ी कमजोर रहेगी। यात्रा के दौरान आपको परेशानी होने की आशंका है। विवाहेतर संबंधों को लेकर थोड़े असहज हो सकते हैं। टालमटोल की प्रवृत्ति के कारण काम बिगड़ सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
घर में राम गली में श्याम
सुबह : 10.56
सत्य
शाम : 06.31

SONY MAX
एबीसीडी 2
सुबह : 10.44
ता रा रम पम
रात : 07.02

SONY PIX
एक्वामैन
सुबह : 09.08
एज ऑफ ट्रूमारो
रात : 08.50

ZEE CINEMA
कुछ लव जैसा
सुबह : 10.30
जवान
शाम : 04.30

colors CINEPLEX
बेमिसाल
दोपहर : 12.33
रंगून
रात : 09.28

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात-04.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू नजर चेक करवाने गया।
डॉक्टर ने एक नोट देकर पूछा- ये कितने का नोट है।
सोनू ने कहा- बाहर धूप में देखकर आता हूं।
बाहर निकला तो नोट 2000 का था।
बस फिर क्या डॉक्टर आज तक सोनू को ढूंढ रहा है।

चिंटू- तुम्हारी बेटी की सगाई को पूरे दो साल हो गए हैं, विवाह में इतनी देरी क्यों?
पिंटू- दरअसल लड़का एक वकील है, जैसे ही विवाह की तारीख पास आती है, वह कोई न कोई बहाना करके तारीख आगे बढ़ा देता है।

हिंसाबबलमसाधूनां राज्ञा दण्डविधिर्बलम्।
शुश्रुषा तु बलं स्त्रीणां क्षमा गुणवतां बलम्॥

हिंसा दुष्ट लोगों का बल है,दंडित करना राजा का बल है,सेवा करना स्त्रियों का बल है और क्षमाशीलता गुणवानों का बल है।

## संपादकीय

# संदेशखाली और राजनीति

पश्चिम बंगाल की राजनीति में संदेशखाली का विवाद राष्ट्रीय आक्रोश का मुद्दा बना हुआ है। पिछले पखवाड़े तृणमूल कांग्रेस सरकार को संदेशखाली में हुई घटनाओं से असंवेदनशील तरीके से निपटने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। तृणमूल कांग्रेस भाजपा पर मामले को तूल देने के आरोप लगाती रही है,वहीं भाजपा अपराधियों को बचाने के आरोप सत्तारूढ़ दल पर लगा रही है। दरअसल एक अनाज घोटाले में ईडी की कार्रवाई पर टीएमसी कार्यकर्ताओं के प्रतिरोध और उसके बाद ईडी अधिकारियों पर हमले के बाद संदेशखाली में नए-नए खुलासे होते रहे हैं। हिंसा व दबंगई के लिए कुख्यात इलाके में दबंग राजनेताओं द्वारा जमीन कब्जाने और आदिवासी महिलाओं के शोषण के मामले उजागर हुए। 8 फरवरी से स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके समर्थकों के खिलाफ प्रदर्शन शुरू किया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि शाहजहां शेख और उसके लोग महिलाओं का यौन शोषण करते थे। आखिरकार संदेशखाली कांड के मुख्य आरोपी शेख शाहजहां को 55 दिन बाद बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके करीबी अमीर अली गाजी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

टीएमसी की ओर से शुरूआत में यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि शाहजहां सामाजिक कार्यकर्ता था जिसे प्रवर्तन निदेशालय और भाजपा द्वारा गलत तरीके से निशाना बनाया जा रहा था। मुख्यमंत्री के वफादारों ने जोर देकर कहा कि टीएमसी नेताओं के चरित्र पर कोई दाग नहीं है। यहां तक कि छेड़छाड़ और बलात्कार के आरोप लगाने वालों से वीडियोग्राफिक सबूत पेश करने को कहा गया। मांग की गई कि शाहजहां और उसके गुर्गों के खिलाफ आरोप लगाने वाली महिलाएं अपना चेहरा दिखाएं ताकि साबित हो सके कि वे स्थानीय थीं,बाहरी नहीं। लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ,यह स्वाभाविक है कि ममता बनर्जी अपना ध्यान संदेशखाली से और विशेष रूप से स्थानीय टीएमसी नेताओं द्वारा महिलाओं के शोषण से,वह भी पार्टी कार्यालय के अंदर से हटाना चाहेंगी। संदेशखाली के प्रतिकूल प्रभावों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री जवाबी कार्रवाई के अपने आजमाए और परखे हुए तरीकों पर भरोसा करती नजर आ रही हैं। सबसे पहले,उन्होंने लक्ष्मीर भंडार योजना के तहत महिलाओं को भुगतान दोगुना करने सहित कई अतिरिक्त कल्याणकारी लाभों की घोषणा की। राजनीतिक संरक्षण में अपराधियों का फलना-फूलना किसी भी समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ही है। जबकि संगीन अपराध के मुद्दे पर राजनीति करने के बजाय वास्तविक अपराधियों को दंडित कराना ही प्राथमिकता होनी चाहिए। पीड़ितों को न्याय दिलाने में तत्परता दिखानी चाहिए।

# गंगा नदी का अस्तित्व खतरे में



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

राष्ट्रीय नदी के रूप में सम्मानित गंगा देश की एक चौथाई जल की आपूर्ति करती है। हिंदुओं के लिए गंगाजल सर्वाधिक पवित्र है। धर्मग्रंथों के अनुसार मोक्ष दायिनी गंगा में डुबकी लगाने से ही जन्म जन्मांतर के पापों से छुटकारा मिल जाता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मार्च 2023 में उत्तराखंड,उत्तर प्रदेश,बिहार,झारखंड और पश्चिम बंगाल के 94 जगहों से गंगा जल की जांच कराई थी जिसमें पाया गया कि अधिकांश स्थानों पर गंगा का पानी पीने योग्य क्या, नहाने लायक भी नहीं रह गया है। शहर के सीवरेज ने गंगा जल की ऐसी दुर्दशा कर दी है कि गंगा के पानी को फिल्टर तक नहीं किया जा सकता है। पिछले दो वर्षों में पटना के घाटों पर गंगा जल का प्रदूषण 10 गुना अधिक हो गया है। पानी के प्रदूषण,घटते जल स्तर,निरंतर कम होते नदी पाट,सिल्टों के जमाव से नदी सिमट रही है। स्वाभाविक रूप से गंगा नदी धीरे-धीरे मृतप्राय होने की स्थिति में आ रही है।

आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर अभिजीत मुखर्जी के साथ कनाडियन शोधकर्ता सौमेंद्र नाथ भांजा और ऑस्ट्रिया के योशिहीदी वाडा ने 2015 से 2017 के मध्य गंगा नदी पर किए अपने अध्ययन में कहा कि गंगा नदी में हरिद्वार से लेकर बंगाल की खाड़ी तक पानी पीने योग्य नहीं रह गया है। लगभग दो दशकों से गर्मियों के सीजन में गंगा के पानी के स्तर में निरंतर कमी देखी जा रही है। मई महीने में प्रयागराज के पास फाफामऊ में गंगा के पानी का स्तर इतना कम हो जाता है कि लोग इसे आसानी से पैदल ही पार कर सकते थे।

वर्ष 1999 से 2013 के बीच गर्मी के सीजन में गंगा के पानी में प्रत्येक साल 0.5 से 38.1 सेमी तक की कमी दर्ज की गई है। शोधकर्ताओं ने यह भी कहा कि अगले तीस वर्षों तक गंगा में भूजल का हिस्सा लगातार घटता रहेगा। यह सिलसिला जारी रहने की स्थिति में नदी के पर्यावरण पर तो बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ही,गंगा की घाटी में रहने वालों के सामने भोजन का गंभीर संकट भी पैदा हो सकता है। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने वर्ष 1958 से लेकर वर्ष 1972 के बीच गंगा बेसिन की गुप्त तरीके से लगभग आठ हजार सैटेलाइट तस्वीरें ली थीं,जो वर्ष 2018 में पब्लिक की गई। उस समय की तस्वीरों के साथ आज के तस्वीरों के विश्लेषण से पता चलता है कि गंगा नदी ने अपना रंग,रूप और रास्ता अनेक स्थानों पर बदल लिया है। गंगा के बड़े- बड़े और चौड़े बहाव क्षेत्र अब पतली शाखाओं में बदल गए हैं। वर्ष 1965 में हरिद्वार में गंगा नदी

> आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर अभिजीत मुखर्जी के साथ कनाडियन शोधकर्ता सौमेंद्र नाथ भांजा और ऑस्ट्रिया के योशिहीदी वाडा ने 2015 से 2017 के मध्य गंगा नदी पर किए अपने अध्ययन में कहा कि गंगा नदी में हरिद्वार से लेकर बंगाल की खाड़ी तक पानी पीने योग्य नहीं रह गया है।

की मुख्य धारा की लंबाई 3.63 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 6.67 वर्ग किलोमीटर हो गई है, लेकिन नदी का बहाव रोकने वाला किनारा 17.85 वर्ग किलोमीटर से घटकर 7.07 वर्ग किलोमीटर हो गया है। 1965 में बिजनौर में गंगा नदी की मुख्य धारा की लंबाई 15 वर्ग किलोमीटर थी,जो अब बढ़कर 19 वर्ग किलोमीटर हो चुकी है। कानपुर में गंगा नदी की लंबाई 1965 में 15.5 वर्ग किलोमीटर थी,जो अब बढ़कर 17.63 वर्ग किलोमीटर हो गई है,लेकिन कछार का इलाका तेजी से घट गया है। यह 20.62 वर्ग किलोमीटर से घटकर 4.98 वर्ग किलोमीटर हो चुका है। 1976 में प्रयागराज में नदी का कुल क्षेत्रफल 43.88 वर्ग किलोमीटर था,जो अब घटकर 19.02 वर्ग किलोमीटर हो गया है। भागलपुर में गंगा नदी की कई शाखाएं थीं,लेकिन मुख्य धारा काफी ज्यादा चौड़ा है। यहां पर मुख्य धारा की लंबाई 40 वर्ग किलोमीटर थी,जो बढ़कर 45 वर्ग किलोमीटर हो चुकी है यानी चौड़ाई कम होती जा रही है,नदी की लंबाई बढ़ती जा रही है। फरक्का में नदी की मुख्य धारा की लंबाई में काफी ज्यादा अंतर आया है। यह पहले 43.34 वर्ग किलोमीटर था,जो अब बढ़कर 56.85 वर्ग किलोमीटर हो गया है।

वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड के अनुसार गंगा में डॉल्फिन की संख्या 1980 के दशक के 5,000 से घट कर अब 1,800 पर आ पहुंची है। शुद्ध गंगा नदी के पानी की कमी घनी आबादी वाले उत्तरी भारतीय मैदानों की घरेलू जल आपूर्ति,सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकताओं,नदी परिवहन,पारिस्थितिकी आदि को खतरे में डाल सकती है। नदी के पानी में कमी का खाद्य उत्पादन पर सीधा प्रभाव पड़ता है,जो इस क्षेत्र में रहने वाली 100 मिलियन से अधिक आबादी के लिए खतरे का संकेत है। नदी का जल स्तर इस तरह घट रहा है कि हाल में गंगा नदी शुरू की गई क्रूज सेवा एक जगह कम पानी होने के कारण तथा सिल्ट होने के कारण कई दिनों तक एक ही जगह खड़ी रही। रिपोर्ट के अनुसार वाराणसी में गंगा नदी घाट से लगभग सात से दस फीट अंदर की ओर खिसक गई है। यहां गंगाजल का स्तर पूर्व से लगभग छह फीट नीचे गिर गया है। जाहिर है आज गंगा गंभीर संकट से गुजर रही है।

राष्ट्रीय नदी के रूप में सम्मानित गंगा देश की एक चौथाई जल की आपूर्ति करती है। हिंदुओं के लिए गंगाजल सर्वाधिक पवित्र है। धर्मग्रंथों के अनुसार मोक्ष दायिनी गंगा में डुबकी लगाने से ही जन्म जन्मांतर के पापों से छुटकारा मिल जाता है। गंगा को इस विकट स्थिति में पहुंचाने के पीछे शहरों के सीवरों का गंदा पानी,प्लास्टिक थैलियों का निस्तारण,उद्योगों से निकला रासायनिक कचरा, डैम और बैराज का निर्माण,लाशों को जलाना आदि जिम्मेदार है। हिमालय में चीन द्वारा निर्मित विभिन्न डैम परियोजनाओं का असर भी गंगा के जल स्तर पर पड़ रहा है। हिमालयी क्षेत्र में अनियंत्रित और अनियोजित विकास जिम्मेदार है। गंगा प्रदूषण से जैव विविधता पर खतरा उत्पन्न हो गया है जिससे कई जलीय जीव और पर्यावरणीय पदार्थों का अस्तित्व ही समाप्ति के कगार पर है। हरिद्वार में गंगा नदी से पत्थरों को निर्माण कार्य के लिए अवैध रूप से निकाला जा रहा है जिससे गंगा के तटबंधों को नुकसान हो रहा है। पर्यावरण को हो रही क्षति का आंकलन किए बिना उत्तरकाशी,अलखनंदा और भागीरथी नदी पर अनियोजित डैम के निर्माण से गंगा का प्राकृतिक प्रवाह प्रभावित हो रहा है।

कोलकाता में लगभग 26 सीवरों का पानी बिना शोधित हुए गंगा में प्रवाहित हो रहा है। बिहार के भागलपुर में सिंचाई बैराज और प्रदूषण ने गंगा के इको सिस्टम प्रभावित कर दिया है। नदी किनारे स्थित शहरों के सीवर से निकला गंदा पानी नदी को सबसे ज्यादा प्रदूषित कर रहा है। गंगा नदी की सफाई के लिए वर्ष 1985 में पंद्रह वर्षीय गंगा एक्शन प्लान को वाराणसी में लांच किया गया था जिसमें वर्ष 2000 तक गंगा को पूरी तरह प्रदूषण मुक्त करने का लक्ष्य था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार गंगा एक्शन प्लान के अंतर्गत अब तक 36 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं,लेकिन 38 वर्ष के बाद भी गंगा को प्रदूषण की समस्या से छुटकारा नहीं मिला है। निश्चित रूप से इसके लिए सरकारों की दृढ़ इच्छाशक्ति का अभाव ही जिम्मेदार है। वर्ष 2009 में बनी नेशनल गंगा रीवर बेसीन अथारिटी का लक्ष्य था कि वर्ष 2020 तक गंगा को प्रदूषण मुक्त कर इसे संरक्षित करना। मिशन क्लीन गंगा प्रोग्राम के पहले चरण में शहरों में घरों और उद्योगों से निकलने वाले गंदे पानी और कचरे को साफ करने पर ध्यान दिया जाना था।

गंगा के प्रदूषण में लगभग 35 प्रतिशत जिम्मेदार राज्यों उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के सीवरों की निगरानी की जानी थी। गंगा संरक्षण के लिए गंगा नॉलेज सेंटर का गठन किया गया। परंतु 38 वर्षों के प्रयास के बाद भी गंगा में बिना किसी ट्रीटमेंट के 60 प्रतिशत सीवेज की निकासी जारी है। गंगा की स्वच्छता संबंधी पीएम की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय गंगा परिषद भी लगभग निष्क्रिय हो गई है। नमामि गंगे योजना का उद्देश्य गंगा के बिगड़े रंग-रूप को बदलना और प्रदूषण पर रोक लगाना था। वर्ष 2014-15 से लेकर 2020-2021 तक इस नमामि गंगे योजना के अंतर्गत 30 हजार करोड़ रुपए खर्च कर दिया गया,परंतु स्थिति में बहुत सुधार नहीं हो पाया है।

नदियों के पुनर्जीवित करने का सबसे बड़ा उदाहरण टेम्स नदी है,जो वर्ष 1950 तक पूरी तरह सीवर में बदल गई थी। इसमें ऑक्सीजन की मात्रा लगभग समाप्त हो गई थी जिससे जलीय जीवों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा था। गंभीरता को देखते हुए ब्रिटिश सरकार ने वर्ष 1964 में नदी सफाई अभियान चलाया। इस अभियान को सफलता पूर्वक 1970 के दशक के मध्य तक पूरा कर लिया गया। यदि टेम्स नदी को प्रदूषण मुक्त किया जा सकता है तो कोई कारण नहीं कि गंगा को स्वच्छ नहीं बनाया जा सकता है,बस राजनैतिक इच्छाशक्ति एवं सामाजिक सोच बदलने की आवश्यकता है।

## प्रसंगवश

# सामाजिक विवेक और चेतना



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

समाज शब्द सम+अज,सामंजस्य से बना है। समाज शब्द में साथ रहने का भाव निहित है। पारस्परिकता, सहयोग, सामीप्य, सेवा, स्नेह, सम्मान, सहनशीलता, सामंजस्य आदि का भाव। सभी दिशाओं में समान गतिशीलता। समाज में स्वभाव से ही लोग समता के भाव से परस्पर जुड़े हुए होते हैं। पारस्परिकता तभी दृढ़ हो सकती है,जब समानता का भाव हो। समानता का भाव ही न्याय का आधार है,न्याय न हो तो समाज बिखर जाएगा। न्याय से ही समाज में संतुलन बना रहता है। सामाजिक विवेक और सामंजस्य चेतना न हो तो समाज जीवित रह सकता है? भयावह स्थितियों में भी सामंजस्य और समष्टिचेतना ने हार नहीं मानी? यह सच है कि समाज में संघर्ष सदा चलता रहता है और आगे भी चलता ही रहेगा,किंतु समाज तो समायोजन से ही बना है। संघर्ष सच है,किंतु सामंजस्य उससे बड़ा सच है। धर्म का मूल तत्व समन्वय है,सामंजस्य है,सहिष्णुता है,सत्य,शिव और सुंदर है। समाज और सामाजिकता यदि निर्बल हुई तो वैसे ही नए नए सामाजिक दोष,समस्याएं, विसंगतियां,विषमताएं ,अपराध और सामाजिक रोग पैदा होते रहेंगे,जैसे जब शरीर निर्बल होता है तो रोग उसे ग्रस लेते हैं। विचार करना होगा कि इस पारस्परिकता,सहयोग,सामीप्य,सेवा,स्नेह,सम्मान, सहनशीता, सामंजस्य आदि को कोई क्षति तो नहीं पहुंचा रहा? हमें गहराई से पहचान करनी है,समझना है कि कौन-कौन लोग हैं,जो किसी न किसी सिद्धांत के आवरण में सामाजिक भाव पर चोट कर रहे हैं,समानता के भाव पर चोट कर रहे हैं। समानता के भाव में इतनी बड़ी ताकत है कि उन असभ्य और अर्द्धसभ्य कहे जाने वाले कबीलों में जब उपनिवेशवादी ताकतें पहुंची तो तीर कमानों और पत्थर के हथियारों ने बंदूक और बमों के छक्के छुड़ा दिए थे। जहां विषमता होती हैं,वहां अन्याय होता है,अनीति होती है, अत्याचार होता है और सामाजिकता का भाव वहां कुंठित हो जाता है और तब वहां स्वतंत्रता भी खतरे में पड़ जाती है। राज्य समाज की रक्षा के लिए है। ऐसा न हो कि राज्य के लिए समाज को कमजोर बना दिया जाए। राज्य अपने कर्तव्य को भूल न जाए, इस पर समाज को निरंतर सोचना होगा।

# डिजिटल इंडिया मिशन की ओर अग्रसर भारत



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

> आईडीसी के डिजिटल बिजनेस सर्वे से संकेत मिलता है कि आज एक तिहाई से अधिक भारतीय कंपनियों में सीईओ डिजिटल रणनीति को आगे बढ़ाते हैं।

'न्यू इंडिया' के विचार ने हाल ही के वर्षों में सभी भारतीयों में बहुत अधिक आत्मविश्वास और आशावाद को प्रेरित किया है जिसमें से वैश्विक और क्षेत्रीय राजनीतिक परिदृश्य में कई मुद्दों पर आत्मविश्वास पूर्ण स्वतंत्र रुख अपनाने की हमारी क्षमता,ओलंपिक सहित सभी खेलों में असाधारण प्रदर्शन दर्ज कराना, और चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर (विश्व के किसी भी देश के द्वारा पहली बार) कामयाबी के साथ चन्द्रयान उतारना जैसे कई महत्वपूर्ण आयामों में से कुछ एक हैं,जो हमें यह विश्वास करने का कारण देते हैं कि अंततः न्यू इंडिया उभर रहा है।

वर्तमान में भारत का आर्थिक रूपांतरण जिसे डिजिटलीकरण द्वारा महत्वपूर्ण रूप से गति प्रदान की गई है, यह न्यू इंडिया का एक और जगमगाता हुआ उदाहरण है, जो विकसित हो रहा है। दुनियाभर के देशों और संगठनों में कोविड के कारण डिजिटल को अपनाने के लिए मजबूर होने से बहुत पहले ही वर्तमान सरकार ने डिजिटल अर्थव्यवस्था और डिजिटल वितरण मॉडल पर सक्रिय रूप से जोर दिया है। डिजिटल इंडिया मिशन 2015 में शुरू किया गया था। भारत सरकार ने न केवल सार्वजनिक कल्याण के लिए,बल्कि डिजिटल प्लेटफार्म और 'अवसंरचना का भारतीय समूह' (स्टैक) के निर्माण में भी क्रांति की शुरुआत की है,जो अर्थव्यवस्था के विभिन्न घटकों को लाभान्वित करते हुए विकास के लिए भी एक अनूठा मंच प्रदान करता है।

डिजिटलीकरण कृषि,परिवहन, स्वास्थ्य,सेवा और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों को नए व्यवसाय मॉडल की ओर ले जा रहा है,जो सभी मौलिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं। यह डिजिटलीकरण हमारी व्यवस्था में खामियों को दूर कर वितरण में अनियमितताओं को कम करता है और अर्थव्यवस्था के औपचारिकरण को सक्षम बनाता है। जीएसटी के लिए बढ़ता पंजीकरण और जीएसटी संग्रहण में वृद्धि इसकी सफलता को परिलक्षित करता है। व्यापक वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में वित्तीय संस्थान और संगठन संभवतः भारतीय 'स्टैक' को सबसे अधिक मजबूती से अपनाने वाले रहे हैं जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है तथा वित्तीय उत्पादों को अपनाने हेतु सुगम बनाया है।

डिजिटलीकरण के बढ़ते अवसरों के जवाब में हम उद्यमों द्वारा विशेष रूप से बीटूसी डोमेन में डिजिटल प्लेटफार्म और 'अवसंरचना का भारतीय समूह' (स्टैक) का व्यापक उपयोग देखते हैं,जो भारत के नागरिकों को प्रदान किए गए व्यापक लाभों को रेखांकित करता है। वास्तव में डिजिटल के लिए सरकार का जोर इतना आकर्षक रहा है कि भारत में अगस्त 2023 के डिजिटल बिजनेस सर्वे में 25 प्रतिशत मध्यम बड़े उद्यमों ने माना कि डिजिटलीकरण की दिशा में सरकार का जोर उनके द्वारा डिजिटल व्यवसाय मॉडल को अपनाने के प्रमुख कारकों में से एक था। इंटरनेट वितरण केंद्र (आईडीसी) एक डिजिटल व्यवसाय को उस रूप में परिभाषित करता है,जहां मूल्य निर्माण डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर आधारित होता है। इसमें कई पहलू शामिल हैं। जैसे आंतरिक और बाहरी प्रक्रियाएं,ग्राहकों, नागरिकों,आपूर्तिकर्ताओं और भागीदारों के साथ एक संगठन का जुड़ाव तथा कर्मचारियों को आकर्षित एवं प्रबंधित करना तथा उत्पाद सेवाएं और अनुभव प्रदान करना इत्यादि इसमें शामिल है।

आईडीसी के डिजिटल बिजनेस सर्वे से संकेत मिलता है कि आज एक तिहाई से अधिक भारतीय कंपनियों में सीईओ डिजिटल रणनीति को आगे बढ़ाते हैं। जबकि अन्य 25 प्रतिशत उद्यमों ने डिजिटल एजेंडा को आगे बढ़ाने के लिए पिछले दो वर्षों में मुख्य डिजिटल अधिकारी एवं मुख्य डेटा अधिकारी जैसे नए पद कायम किए हैं। उद्यमों को एहसास है कि डिजिटल व्यवसाय मॉडल,परिचालन क्षमता को आगे बढ़ाने,त्वरित निर्णय लेने तथा प्रतिस्पर्धा में आगे बने रहने में मदद करते हैं और सबसे महत्वपूर्ण रूप से ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने में मदद करते हैं।

85 करोड़ इंटरनेट ग्राहकों 63 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन उपयोगकर्ता सहित 1.1 अरब मोबाइल ग्राहकों के साथ 39.8 करोड़ सोशल मीडिया यूजर के साथ भारत में पहले से ही डिजिटल से जुड़ी आबादी है। यह आबादी डिजिटल -4 को अपना रही है। डिजिलॉकर के 13.7 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। यूपीआई के 30 करोड़ सक्रिय उपयोगकर्ता हैं और कोविन ने 1.1 अरब लोगों का पंजीकरण किया है। उद्यमों और उपभोक्ताओं द्वारा डिजिटल को सक्रिय रूप से अपनाने के साथ यह स्पष्ट है कि भारत का डिजिटल की ओर रुख वास्तविक अपरिवर्तनीय और व्यापक है।

## सोशल फोरम

# जलवायु संकट से युवाओं में हताशा



सुशोभित

एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय- जो इन दिनों दुनिया को मथ रहा है, लेकिन हिंदी के गाफ़िल संसार में जिस पर कोई चर्चा नहीं हो रही है- यह है कि आसन्न जलवायु संकट को देखते हुए युवा जोड़ों- चाहे वे विवाहित हों या लिव-इन सहभागी- को संतान उत्पन्न करने का निर्णय लेना चाहिए या नहीं? क्योंकि वे अपने बच्चों को इस बात की गारंटी नहीं दे सकेंगे कि आने वाले 50 सालों में उन्हें जीवन-योग्य पर्यावरण मिल पाएगा।

पश्चिम में यह आंदोलन ज़ोर पकड़ चुका है। 'टाइम' पत्रिका ने हाल ही में इसको रिपोर्ट किया कि जलवायु संकट से युवाओं में हताशा घर कर गई है और वे अपने परिवार को बढ़ाना नहीं चाहते हैं। चीन और जापान के भी युवा संतानोत्पत्ति से कतराने लगे हैं। अगर आप इंगमार बर्गमान या आन्द्रे तारकोव्स्की का सिनेमा देखें तो पाएंगे कि 1960 और 70 के दशक में न्यूक्लियर-वॉर के ख़तरों के कारण भी ऐसी ही मनोदशा यूरोप के लोगों की निर्मित हो गई थी। बर्गमान की एक फिल्म ('वाइल्ड स्ट्रॉबेरीज़') की नायिका इसीलिए मां बनने से इनकार कर देती है। एक अन्य फिल्म ('विंटर लाइट') में एक पुरुष आसन्न सर्वनाश से अवसादग्रस्त होकर आत्महत्या कर लेता है। तारकोव्स्की की फिल्म 'द सैक्रिफ़ाइस' में नायक एटमी-सर्वनाश से अपने बच्चों को होने वाले कष्टों की कल्पना से पूरे समय सिहरता रहता है।

क्या आज जन्म लेने वाले बच्चे 70 वर्षों का अपना जीवनकाल उस तरह से पूरा करेंगे, जैसे हमारे पूर्वजों ने किया था और जैसे शायद हम- यानी उम्र की तीसरी या चौथी दहाई वाले लोग-करने जा रहे हैं- यह इस समय का सबसे बड़ा प्रश्न है।

कहीं ऐसा तो नहीं कि हमारे बच्चे आज से 50 साल बाद हमें कोसें कि हम पृथ्वी की जलवायु संकट संबंधी समस्याओं के बारे में जानते थे, अख़बारों में उस पर लेख आदि छपते थे, लेकिन इसके बावजूद हम उन्हें इस धरती पर लेकर आए और एक यंत्रणापूर्ण जीवन की विरासत सौंप गए? क्या वे अपने माता-पिता को जिम्मेदार अभिभावक समझेंगे?

-फेसबुक वॉल से

# इंदिरा गांधी से मतभेद के बाद विरोधी खेमे का नेतृत्व कर रहे थे मोरारजी भाई



गोपेश मोहन जसवाल
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> 1971 के आम चुनाव से पहले मोरारजी भाई झांसी के सर्किट हाउस में ठहरे थे,जो कि हमारे बुंदेलखंड कॉलेज के बहुत नजदीक था। हम बीए द्वितीय वर्ष के आधा दर्जन छात्र उन्हें देखने सर्किट हाउस के गेट पर खड़े हो गए।

भारत रत्न मोरारजी देसाई भाई का जन्म 29 फरवरी, 1896 को हुआ था। मोरारजी भाई को पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशान-ए-पाकिस्तान' से भी विभूषित किया गया था। मोरारजी भाई अपने जीवन में कुल छब्बीस 29 फरवरी भी नहीं देख पाए कि भगवान को प्यारे हो गए। यह बात दूसरी है कि इस अल्पायु में उन्होंने कुल 99 वसंत अवश्य देख लिए थे। स्वमूत्र चिकित्सा के पक्षधर और भारत में 14 कैरेट के स्वर्णाभूषणों के जन्मदाता,भोजन में अन्न के त्यागी किंतु दूध,मेवे और फलों के अनुरागी,मोरारजी भाई अपनी हठवादिता और गांधीवादी उसूलों (अपने बेटे कांति भाई के कारनामों की अनदेखी करने की कमजोरी को छोड़कर) के लिए प्रसिद्ध हैं।

मोरारजी भाई जब वृहत्तर बंबई प्रांत के मुख्यमंत्री थे तो उनके पास सरकारी कर्मचारी वाहन भत्ते की मांग लेकर गए थे। मोरारजी भाई ने उन्हें टहल कर ऑफिस तक आने-जाने की सलाह दी। जब कर्मचारियों ने घर से ऑफिस की ज़्यादा दूरी का हवाला दिया तो उन्होंने कहा-'कार या मोटर साइकिल-स्कूटर के लिए तो वाहन भत्ता आपको नहीं मिलेगा पर मैं आप सबको सरकार की ओर से मुफ्त साइकिल दिला सकता हूं।' 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद हमारे देश की गिरती हुई अर्थव्यवस्था को सहारा देने की नाकाम कोशिश में मोरारजी भाई ने बदनाम-'गोल्ड कंट्रोल' की नीति लागू की थी। इसके अंतर्गत 22 कैरट के स्वर्ण आभूषणों की जगह 14 कैरट के बदसूरत स्वर्ण आभूषणों ने ले ली थी। हजारों सुनार इस नई अव्यावहारिक नीति के कारण बेरोजगार हो गए थे। उन दिनों हम लोग रायबरेली में रहा करते थे। रायबरेली के एक सुनार रामचंद्र स्वर्णकार का सुनारी का धंधा घाटे में चल रहा था। उसने अपना पुश्तैनी धंधा छोड़कर भुने चने का एक ठेला लगा लिया था। रामचंद्र स्वर्णकार के ठेले पर रखे हुए एक बड़े से बोर्ड पर मोटे-मोटे अक्षरों में उसका अपना नाम अंकित था और साथ में एक सूचना भी दी गई थी-'भुने चने मोरारजी देसाई की कृपा से बने।' 1964 में हमारे पिताजी ने हमारी बहनजी की शादी में मां के घोर विरोध के बावजूद उनके लिए फीकी आभा वाले 14 कैरट के कड़े बनवाए थे,जो कि बहनजी ने अपने जीवन में कभी पहने ही नहीं। इस काले कानून के रद्द किए जाने के बाद मां ने अपनी तरफ से सोना लगाकर बहनजी के इन 14 कैरट वाले कड़ों को 22 कैरट के कड़ों में बदलवाया था। गोल्ड कंट्रोल लागू किए जाने के दिन से मां की और बहन जी की नजरों में ही क्या,हमारी नजरों में भी,मोरारजी भाई खलनायक हो गए थे। 1969 में राष्ट्रपति के चुनाव में मतभेद के बाद मोरारजी भाई इंदिरा गाधी के विरोधी खेमे का नेतृत्व कर रहे थे।

1971 के आम चुनाव से पहले मोरारजी भाई झांसी के सर्किट हाउस में ठहरे थे,जो कि हमारे बुंदेलखंड कॉलेज के बहुत नजदीक था। हम बीए द्वितीय वर्ष के आधा दर्जन छात्र उन्हें देखने सर्किट हाउस के गेट पर खड़े हो गए। हमको देखकर दो आदमी हमारी तरफ लपके तो हम खिसकने लगे, पर यह क्या? उन दोनों ने प्यार से हमको रोका और फिर वो हमको लॉन में बैठे मोरारजी भाई से मिलाने के लिए ले गए। पांच मिनट की इस संक्षिप्त भेंट में मोरारजी भाई द्वारा विद्यार्थियों के नाम संदेश का एक हर्फ भी मुझको याद नहीं है,पर यह याद है कि उनके साथ हमने समोसे, मिठाई और चाय का रसास्वादन किया था। यह बात और है कि मोरारजी भाई का नमक खाकर भी हम कभी उनके सगे न हुए। 1977 से 1979 तक के काल में प्रधानमंत्री के रूप में मोरारजी भाई के ढाई साल बहुत उठा-पटक और रस्साकशी में बीते थे। उनकी परेशानी का सबसे बड़ा सबब थे-1977 के चुनाव में रायबरेली में इंदिरा गांधी को धूल चटाने वाले राज नारायण। वैसे तो अपने निजी जीवन में राजनारायण मोरारजी भाई की स्वमूत्र चिकित्सा के अनुयायी थे,किंतु अपने राजनीतिक जीवन में मोरारजी भाई के अनुशासन का उनमें नामो-निशान तक नहीं था।

राजनारायण ने चौधरी चरण सिंह के साथ मिलकर अपने आराध्य मोरारजी भाई को सिंहासन से उतरवा दिया था। मोरारजी भाई ने राजनीतिक संन्यास में लगभग 16 वर्ष बिताए थे। उनके जीवन में ही कई बार उनके स्वर्गवास का समाचार प्रसारित हुआ था। अंत में जीवन का शतक लगाने से दस महीने पहले ही 10 अप्रैल 1995 को मोरारजी भाई ने विद्यार्थीगण को और कर्मचारीगण को छुट्टी दिलाने के लिए अपनी पारी समाप्ति की घोषणा कर दी। अपनी सनक और अपनी जिद के बावजूद मोरारजी भाई को आज के नेताओं की तुलना में दूध का धुला कहा जा सकता है।

# नहीं मिली ट्यूशन से मुक्ति



अशोक मधुप
वरिष्ठ पत्रकार

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत सभी राज्यों में लागू कर दी। केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति लागू करने के बाद भी छात्रों के बस्ते का बोझ कम नहीं कर सकी। शिक्षाविद और मनोवैज्ञानिक कई बार बस्तों के बोझ को लेकर चिंता जाहिर कर चुके हैं। हमारी पोती अमेरिका में पढ़ती है। कक्षा पांच तक उसे कोई किताब नहीं दी जाती। बस स्कूल में ही क्रिटीविटी सिखाई जाती है। कहानी की दो पुस्तकें घर जाकर पढ़ने को दी जाती हैं ताकि बच्चे की रीडिंग की आदत बढ़े।

भारत का कितना ही महंगा स्कूल हो, कक्षा पांच के बाद छात्र का ट्यूशन पढ़ना उसकी मजबूरी है। घर आकर होमवर्क में दो तीन घंटे लगाने के बाद प्रत्येक विषय के ट्यूशन के लिए उसे एक घंटा देना ही होता है। इस ट्यूशन में आने जाने में भी समय लगता है। पांच टयूशन हुए तो पांच घंटे ट्यूशन में लगेंगे। इस शिक्षा ने बच्चे को पढ़ाई के नाम पर मशीन बनाकर रख दिया। उससे बच्चे का मानसिक और शारीरिक विकास रूक गया। इसके लिए सोचने को न सरकार के पास समय है, न शिक्षाविदों के पास। देखने में आ रहा है कि कुछ अभिभावक आईएएस और आईपीएस बनाने की इच्छा और इरादा बच्चे पर लाद देते हैं। काफी बच्चे पढ़ाई का ये दबाव नहीं बर्दाश्त कर पाते। वे डिप्रेशन में चले जाते हैं। कुछ आत्महत्या तक कर लेते हैं।

ऐसे में सरकार को समान शिक्षा नीति बनाने पर भी सोचना होगा। सरकार को शिक्षा नीति में फिर से विचार करने की जरूरत है। जरूरत है ऐसी शिक्षा की जिसमें बच्चे का समुचित विकास हो। छात्र पर बस्ते का बोझ कम से कम हो। स्कूल से आने के बाद के घर पर बच्चे को ट्यूशन की जरूरत ही न महसूस हो।

## एक नजर

### पाकिस्तान समर्थक नारेबाजी मामले में एक शख्स को लिया हिरासत में

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा के भीतर पाकिस्तान के समर्थन में नारेबाजी करने के आरोप में राज्य के हावेरी जिले के एक व्यक्ति को बृहस्पतिवार को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक ऐसा पता चला है कि हिरासत में लिया गया व्यक्ति हावेरी जिले के बयादागी शहर का रहने वाला है और सूखी मिर्च का एक प्रमुख कारोबारी है, वह राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस नेता सैयद नासिर हुसैन की जीत का जश्न मनाने के लिए विधान सौध में आया था। आवाज के नमूने के आधार पर पुलिस को संदेह है कि मिर्च कारोबारी ने पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए थे। उन्होंने बताया कि आगे की जांच के लिए उसे बेंगलुरु लाया गया है। विधान सौध पुलिस ने कथित तौर पर देश विरोधी नारे लगाने वाले कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मंगलवार रात स्वत: संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया था।

### केजरीवाल को लिखी चिट्ठी में किया गया घटिया भाषा का इस्तेमालः आप

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा है कि उपराज्यपाल की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लिखी चिट्ठी में बेहद ही घटिया भाषा का इस्तेमाल किया गया है और यह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है। श्री भारद्वाज ने कहा कि विधानसभा में उपराज्यपाल वीके सक्सेना के ख़िलाफ़ निंदा प्रस्ताव पर गुरुवार को अपनी बात रखते हुए कहा कि उन्हें हैरानी है कि उपराज्यपाल द्वारा खुद एक राजनीतिक चिट्ठी लिखते समय एक संवैधानिक मर्यादित पद की गरिमा को आघात पहुंचाने की दुहाई दी गई है। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल के कार्यालय को एक पवित्र कार्यालय माना जाता है, लेकिन यह चिट्ठी उस पवित्र कार्यालय पर एक धब्बा है। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल द्वारा श्री केजरीवाल के लिए इतनी गंदी भाषा में लिखी गई यह चिट्ठी संविधान में कतई स्वीकार नहीं की जा सकती।

# शुभकरण सिंह का अंतिम संस्कार 'दिल्ली चलो' मार्च पर फैसला टाला

## सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़प में मारा गया किसान, दो दिन के लिए रोक दिया गया दिल्ली चलो मार्च

**चंडीगढ़, एजेंसी**

हरियाणा और पंजाब की खनौरी सीमा पर हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़प में मारे गए किसान शुभकरण सिंह का अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को पंजाब के बठिंडा जिले में उनके पैतृक गांव में कर दिया गया। खनौरी सीमा पर 21 फरवरी को हुई झड़प में 21 वर्षीय शुभकरण की मौत हो गई थी और 12 पुलिस कर्मी घायल हुए थे। झड़प तब हुई थी जब प्रदर्शनकारी किसानों ने आगे बढ़ने के लिए सुरक्षाकर्मियों द्वारा लगाए गए अवरोधकों को तोड़ने की कोशिश की थी।

खनौरी में 21 फरवरी को शुभकरण की मौत और 12 पुलिस कर्मियों के घायल होने के बाद किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च को दो दिन के लिए रोक दिया गया था। दो दिन बाद किसान नेताओं ने कहा कि प्रदर्शनकारी पंजाब-हरियाणा के खनौरी और शंभू सीमा पर 29 फरवरी तक डेरा डाले रहेंगे और उसी दिन अगले कदम पर फैसला लिया जाएगा। हालांकि, बृहस्पतिवार देर शाम तक किसान संगठनों की ओर से उनके अगले कदम की कोई घोषणा नहीं की गई। फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफ करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के इरादे से संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) ने 'दिल्ली चलो' का आह्वान किया है।



पटियाला में दिल्ली चलो विरोध प्रदर्शन में मारे गए किसान शुभकरण सिंह के पार्थिव शरीर को राजिंदरा अस्पताल से ले जाया गया गृहनगर।

### हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी- आप सरकार हैं आतंकवादी नहीं

किसान आंदोलन में शुभकरण की मौत के मामले में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि आप सरकार हैं आतंकवादी नहीं जो इस प्रकार किसानों पर गोलियां चलाई जा रही हैं। मौत की न्यायिक जांच की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर हाईकोर्ट ने हरियाणा, पंजाब व अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। किसान आंदोलन से जुड़ी विभिन्न याचिकाएं सुनवाई के लिए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालिया व जस्टिस लपिता बनर्जी की खंडपीठ के समक्ष पहुंची थी। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने शुभकरण की मौत के बाद एफआईआर दर्ज करने में हुई एक सप्ताह की देरी के लिए हरियाणा व पंजाब दोनों राज्यों को जमकर फटकार लगाई। हाईकोर्ट ने कहा कि एक सप्ताह तक शव को रखा गया और जांच आरंभ नहीं की गई।

शुभकरण के पार्थिव शरीर को पटियाला स्थित राजेंद्र चिकित्सा अस्पताल से खनौरी सीमा पर ले जाया गया जहां पर किसानों ने उसे श्रद्धांजलि अर्पित की। किसानों ने एंबुलेंस के साथ मार्च किया और शुभकरण की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। किसानों ने संगठन का झंडा श्रद्धांजलि स्वरूप पार्थिव शरीर पर ओढ़ाया। बाद में पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए बठिंडा के बल्लोह गांव ले जाया गया। इस बीच, किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि विभिन्न मांगों को लेकर उनका प्रदर्शन जारी है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, "शंभू और खनौरी सीमा पर आंदोलन जारी है। उन्होंने कहा कि शुभकरण को श्रद्धांजलि देने के लिए एसकेएम (गैर राजनीतिक) और किसान मोर्चा की बैठक तीन मार्च को बठिंडा के बल्लोह गांव में होगी। पंधेर ने लोगों से बड़ी संख्या में इसमें शामिल होने की अपील की। पटियाला के पाटरन पुलिस थाना में पंजाब पुलिस द्वारा हत्या का मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद बुधवार को शुभकरण का पोस्टमॉर्टम किया गया। किसान मांग कर रहे थे कि शुभकरण की मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद ही वे उसके शव का पोस्टमॉर्टम करने की अनुमति देंगे। इस बीच, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बृहस्पतिवार को कहा कि कानूनी विशेषज्ञों से सलाह लेने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि अब यह पता लगाने के लिए जांच की जाएगी कि मौत के लिए कौन जिम्मेदार है और पोस्टमॉर्टम से मौत की सही वजह का पता चलेगा। मान ने कहा कि शुभकरण के परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि और उनकी बहन को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इससे पहले पंजाब के पुलिस महानिरीक्षक सुखचैन सिंह ने कहा कि पुलिस ने शुभकरण मामले में 'जीरो' प्राथमिकी दर्ज की है। 'जीरो' प्राथमिकी संज्ञेय अपराध की शिकायत मिलने पर किसी भी थाने में दर्ज की जाती है।

## श्री कृष्ण जन्मभूमि मामले की अगली सुनवाई 13 को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में दाखिल याचिकाओं पर गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान मुख्य रूप से मुस्लिम पक्ष ने अपने तर्क दिए। मुस्लिम पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता तसनीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बहस की। इसके साथ ही एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष गोयल को पदमुक्त (डिस्चार्ज) करने के लिए सीपीसी की धारा 151 के तहत एक आवेदन दाखिल किया गया, जिसका हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कड़ा विरोध करते हुए कहा कि वह इस आवेदन के खिलाफ आपत्तियां दाखिल करेंगे। मामले की अगली सुनवाई आगामी 13 मार्च को दोपहर 2 बजे से सुनिश्चित की गई है।

# ईडब्ल्यूएस आरक्षण संबंधी कई याचिकाएं हुई खारिज

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचारः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 69000 सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में ईडब्ल्यूएस आरक्षण के मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि अधिनियम का किसी भी कार्यालय ज्ञापन की तुलना में हमेशा अधिक कानूनी मूल्य होता है। अधिनियम के लागू होने के बाद ही संबंधित कार्यालय ज्ञापन को मान्यता प्राप्त हो पाती है।

मालूम हो कि वर्तमान मामले में याचियों ने सामान्य श्रेणी के अंतर्गत सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा- 2019 में भाग लिया था और उसका परिणाम मई 2020 में जारी हुआ। याचियों का तर्क है कि उन्होंने सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र 10% आरक्षण के लिए दिखाया था। याचियों के अधिवक्ता ने कोर्ट को यह बताया कि राज्य सरकार 10% ईडब्ल्यूएस आरक्षण प्रदान करने के लिए बाध्य है, क्योंकि उक्त परीक्षा 103वें संवैधानिक संशोधन के अधिसूचित होने के साथ फरवरी 2019 के कार्यालय ज्ञापन के बाद आयोजित की गई थी। इस पर कोर्ट ने कहा कि सहायक शिक्षकों के भर्ती अधिनियम लागू होने से पहले शुरू की गई थी, इसलिए सरकार उक्त भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण प्रदान करने के लिए बाध्य नहीं है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की पीठ ने शिवम पांडेय और 11 अन्य सहित सैकड़ों याचिकाओं को खारिज करते हुए पारित किया।

# भावनात्मक रूप से मृत वैवाहिक संबंध को जारी रखना मानसिक क्रूरता :कोर्ट

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचारः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विवाह विच्छेद के मामले से जुड़ी एक अपील को स्वीकार करते हुए कहा कि जब विवाह पूरी तरह से अव्यावहारिक और भावनात्मक रूप से मृत हो गया हो तो ऐसे रिश्ते को जारी रखना निश्चित रूप से पीड़ित पर मानसिक क्रूरता मानी जाएगी। भले ही विपक्षी ऐसे भावनात्मक रूप से मृत रिश्ते को जारी रखने पर जोर दे रहा हो।

विवाह विच्छेद का कारण शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता, जाति बंधनों का टूटना, आधुनिकीकरण, पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव है। व्यक्तिवादी दृष्टिकोण के कारण भावनात्मक समर्थन की आवश्यकता नहीं हो रही है। प्रेम विवाह हो या अरेंज मैरिज, दोनों पक्षों में अलग रहने की भावना वैवाहिक विवाद का कारण बनती है। जिन मामलों में विवाह केवल नाम मात्र का है, वहां इसे जारी रखने का कोई लाभ नहीं है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि ऐसे अव्यावहारिक वैवाहिक संबंधों को जारी रखना पक्षकारों पर विशेषकर याची पर मानसिक क्रूरता के अलावा कुछ नहीं है। न्यायालय न्याय चाहने वाले वादकारियों के प्रति जवाबदेह होता है। बदलते समय और अनुभव के साथ ऐसी क्रूर सच्चाई से कानून को तालमेल बैठाना पड़ता है। अतः कोर्ट विवाह विच्छेद के मामलों में विपक्षी द्वारा समझौते की कवायद करने के बावजूद अपूरणीय विवाह के साक्ष्य मिलने के बाद याची को तलाक देने के लिए बाध्य हो जाती है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने कर्नल मनोज कुमार गुप्ता की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। वर्तमान अपील प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, मुरादाबाद द्वारा पारित आदेश को चुनौती देते हुए दाखिल की गई है।

# सामूहिक विवाह में शादी कर लौट रहे दूल्हे की मौत

- ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई दूल्हे की बाइक, मां-दोस्त घायल

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** सामूहिक विवाह में शादी के बाद दूल्हे के परिजन दुल्हन को कार से ले गए जबकि दूल्हा अपनी मां और दोस्त के साथ बाइक से घर जा रहा था। रास्ते में उनकी बाइक आलू लदी ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। हादसे में दूल्हे की मौके पर मौत हो गई जबकि मां और दोस्त घायल हो गए।

थाना इस्लामनगर के गांव चांदपुर निठाया निवासी जितेंद्र (22) पुत्र जसवंत की शादी गुरुवार को बिसौली के मदन लाल इंटर कॉलेज में सामूहिक विवाह समारोह में गांव जलालपुर निवासी प्रियंका के साथ हुई थी। शादी के बाद परिवार के लोग प्रियंका को कार से घर ले गए जबकि दूल्हा जितेंद्र,अपनी मां अनारकली और साथी धारा सिंह के साथ बाइक से घर जा रहा था। पुलिस चौकी बुध बाजार के पास आलू लदी ट्रैक्टर-ट्राली से बाइक टकरा गई और ट्रैक्टर में ही फंस गई। ट्रैक्टर जितेंद्र के ऊपर से गुजर कर पलट गया। बिसौली कोतवाल सुनील अहलावत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, घायलों का इलाज चल रहा है।

## पूर्व सांसद जयाप्रदा की दो याचिकाएं हुईं खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फिल्म अभिनेत्री एवं पूर्व सपा सांसद जयप्रदा की दो अलग-अलग मामलों में जारी गैर जमानती वारंट के खिलाफ दाखिल याचिकाओं को वापस लिए जाने के आधार पर खारिज कर दिया। मंगलवार को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई सुनवाई के दौरान जयप्रदा के अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि वह कुछ नए तथ्यों और दस्तावेजों के साथ नई अर्जी दाखिल करना चाहते हैं। रामपुर की जिला अदालत से दो मामलों में जारी गैर जमानती वारंट के खिलाफ दाखिल याचिकाओं को इसी आधार पर वापस लिए जाने की प्रार्थना की गई।

# हाईकोर्ट ने लगाई फटकार, बिना अनुमति के नहीं मिलेगी पैरोल

**चंडीगढ़, एजेंसी**

**राम रहीम को बड़ा झटका**



गुरमीत राम रहीम को लगातार पैरोल मिलने के मामले में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए हरियाणा सरकार को जमकर फटकार लगाई है। हाईकोर्ट ने कहा कि क्यों केवल राम रहीम को बार-बार पैरोल मिल रही है? बाकी कैदियों को क्यों नहीं लाभ दिया जाता? हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को आदेश दिया है कि अब अदालत की अनुमति के बिना राम रहीम को पैरोल नहीं दी जाएगी।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने याचिका दाखिल करते हुए राम रहीम को बार-बार हरियाणा सरकार द्वारा दी जा रही पैरोल के खिलाफ जनहित याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सरकार द्वारा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को बार बार पैरोल/फरलो देने पर सवाल खड़े किए। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को आदेश दिया है कि अगली सुनवाई पर बताया जाए कि सरकार के पास कितने कैदियों को पैरोल और फरलो की अर्जियां आई हैं और उनमें से कितनों को पैरोल और फरलो दी गई है।

### पिटाई के बाद गला दबाकर की थी यश मित्तल की हत्या

**गजरौला( अमरोहा )।** शहर निवासी इलेक्ट्रानिक्स व्यापारी के बेटे और बीबीए के छात्र यश की हत्या गला दबाकर की गई थी। इसके पहले उसकी पिटाई भी की गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। गला दबाए जाने के बाद ही यश की नाक से खून निकला था। पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार दोपहर यश का शव घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। बेसुध मां बदहवास होकर गिर पड़ीं। शहर की टीचर्स कालोनी निवासी कारोबारी प्रदीप मित्तल के बेटे यश मित्तल की हत्या उसके दोस्तों ने गला दबाकर की थी। यश नोएडा की एक यूनिवर्सिटी में बीबीए का छात्र था। आरोप है कि पुलिस को गुमराह करने को यश के फोन से आरोपियों ने उसके पिता के फोन पर छह करोड़ रुपये की फिरौती के लिए मैसेज भी भेजा था। इसके बाद यश के पिता ने नोएडा के दादरी थाने में अज्ञात के खिलाफ फिरौती मांगने का मुकदमा दर्ज कराया था।

# डीआरडीओ ने किया कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन(डीआरडीओ) ने 28 और 29 फरवरी 2024 को ओडिशा में चांदीपुर के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज से बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (वीएसएचओआरएडीएस) मिसाइल के दो सफल उड़ान परीक्षण किए।

ये दोनों परीक्षण जमीन से संचालित किये जाने वाले हल्के तथा सचल प्रक्षेपक से किये गए। ये परीक्षण विभिन्न अवरोधन परिदृश्यों के तहत उच्च गति वाले मानवरहित हवाई लक्ष्यों को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया। इसके तहत मिशन के उद्देश्यों को पूरा करते हुए लक्ष्यों को मिसाइलों द्वारा अवरुद्ध किया और फिर उन्हें नष्ट कर दिया। गौरतलब है कि बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली की मिसाइल एक मानवीय स्तर पर कहीं पर भी ले जाने में सक्षम वायु रक्षा प्रणाली (एमएएनपीएडी) है, जिसे डीआरडीओ के अन्य प्रयोगशालाओं तथा भारतीय उद्योग भागीदारों के सहयोग से रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) द्वारा स्वदेशी रूप से तैयार और विकसित किया गया है। इस बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली की मिसाइल में अल्प प्रतिक्रिया वाली नियंत्रण प्रणाली (आरसीएस) और एकीकृत वैमानिकी सहित कई नवीन तकनीकों को शामिल किया गया है।

## उत्तराखंड

# बनभूलपुरा हिंसा का वांटेड दिल्ली से गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

### पुलिस की कार्रवाई

- कई राज्यों में फरारी काटने के बाद दिल्ली को बनाया था पनाहगाह
- गुरुवार तड़के सोते समय एसओजी की टीम ने अब्दुल मोईद को दबोचा



**अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा के आखिरी वांटेड और हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक के बेटे अब्दुल मोईद को एसओजी ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। तड़के टीम ने उसके ठिकाने पर दबिश दी। कई राज्यों में फरारी काटने के बाद उसने दिल्ली के एक मुस्लिम बाहुल्य इलाके में छिपने का ठिकाना बनाया था। 8 फरवरी को हुई हिंसा के बाद 21वें दिन उसकी गिरफ्तारी हुई। गुरुवार को अब्दुल मोईद को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

बता दें कि बीती 8 फरवरी को मलिक का बगीचा स्थित नजूल भूमि पर कब्जा कर बनाए गए अवैध मदरसा और प्रार्थना स्थल के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई थी। इस दौरान बनभूलपुरा क्षेत्र में हिंसा भड़की, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों पर उपद्रवियों ने पथराव कर पेट्रोल बम से हमला किया। मामले में नामजद लाइन नंबर 8 आजाद नगर निवासी अब्दुल मोईद पर हिंसा भड़काने के आरोप के साथ यूएपीए भी लगा है। घटना के बाद से ही मोईद फरार चल रहा था।

पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि मोईद की तलाश में पुलिस की छह टीमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब और हिमांचल प्रदेश की खाक छानती रही। जिस भी राज्य में मोईद ठहरा वहां उसने अपने पिता अब्दुल मलिक और अपने रसूखदार दोस्तों का इस्तेमाल किया। उसने अपने अड्डे भी मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में बनाए, ताकि पुलिस उस तक पहुंच न सके। गुरुवार तड़के ही नैनीताल पुलिस व एसओजी की टीम ने दिल्ली से मोईद को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को ही पुलिस टीम उसे हल्द्वानी लेकर पहुंची। एसएसपी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर उसे जेल भेज दिया है। वहीं अब्दुल मलिक से पूछताछ पूरी होने के बाद अब्दुल मोईद की रिमांड के लिए कोर्ट में अर्जी लगाई जाएगी। एसएसपी ने गिरफ्तार करने वाली टीम के लिए ढाई हजार और डीआईजी की ओर से पांच हजार के इनाम की घोषणा की है।

## सलाखों के पीछे होंगी बनभूलपुरा की पत्थरबाज महिलाएं

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा हिंसा में अभी तक जितनी भी गिरफ्तारियां की गई हैं, उसमें एक भी महिला नहीं है। हालांकि घटना के दिन महिलाओं ने भी पुलिस और प्रशासन की टीम पर जमकर पत्थर बरसाए थे। ऐसी महिलाओं को पुलिस ने चिह्नित कर लिया है और कुछ ही दिनों के भीतर इनकी गिरफ्तारी भी कर ली जाएगी।

बता दें कि 8 फरवरी को जब पुलिस सुरक्षा में प्रशासन और नगर निगम की टीम जेसीबी लेकर अतिक्रमण ध्वस्त करने मलिक का बगीचा पहुंची तो पथराव कर दिया गया। एसएसपी ने बताया कि करीब आधा दर्जन महिलाओं को चिह्नित किया गया है जल्द ही इनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

# तलाकशुदा पति-पत्नी के बच्चों की सही परवरिश को हाईकोर्ट में जनहित याचिका

**विधि संवाददाता, नैनीताल**

### लगाई गुहार

- संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 में संशोधन बिल केंद्र के पास लंबित
- बिल पास होने तक हाईकोर्ट से बच्चों की सही परवरिश को दिशा-निर्देश जारी करने की अपील

**अमृत विचार :** उत्तराखंड हाई कोर्ट ने पति पत्नी के विवाह विच्छेद के दौरान बच्चों की परवरिश पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बंध में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने केंद्र सरकार से छह मार्च तक स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। अगली सुनवाई छह मार्च को होगी। मामले के अनुसार अधिवक्ता श्रुति जोशी ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि पति पत्नी के विवाह विच्छेद (तलाक) के दौरान इसका सबसे बुरा प्रभाव उनके बच्चों की परवरिश, शिक्षा, रहन सहन पर पड़ता है। जो प्यार बच्चों को पति-पत्नी के एक साथ रहकर मिल सकता है वह विवाह विच्छेद बाद नहीं मिलता है। जिसकी वजह से बच्चे आगे नहीं बढ़ पाते हैं उनकी परवरिश ठीक से नहीं हो पाती है।

इस संबंध में केंद्र सरकार के विधि आयोग ने रिपोर्ट में कहा है कि विवाह विच्छेद के दौरान बच्चों की परवरिश करने की जिम्मेदारी पति-पत्नी दोनों की होनी चाहिए। इसलिए संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 में संसोधन की आवश्यकता है। यह बिल अभी केंद्र सरकार में लंबित है। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि जब तक यह बिल पास नहीं हो जाता, तब तक न्यायालय बच्चों की परवरिश के लिए दिशा-निर्देश जारी करें।

**चिंता का सबब** पांच साल में सबसे न्यूनतम स्तर पर पहुंचा नैनी झील का जलस्तर

# नैनी झील का जलस्तर 5 फीट पर पहुंचा

● **गौरव जोशी, नैनीताल**

**अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध नैनी झील का जलस्तर इस बार बारिश और बर्फबारी नहीं होने से तेजी से घट रहा है। हालात ये है कि झील का जलस्तर बीते पांच सालों में सबसे न्यूनतम स्तर पर 5 फीट पर पहुंच चुका है। इस वजह से झील के किनारे डेल्टा उभर आए हैं। इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ जल संस्थान के अधिकारियों की भी चिंताएं बढ़ने लगी हैं।

बीते 5 सालों की अपेक्षा इस बार नैनीताल में बारिश और बर्फबारी औसतन कम हुई है। इसकी वजह से नैनीझील को रीचार्ज करने वाली झीलें खाली हैं।



मल्लीताल स्थित बोट स्टैंड के पास झील में उभरने लगे डेल्टा। ● अमृत विचार



"नैनीताल के कैचमेंट एरिया क्षेत्र में अतिक्रमण होना और शहर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सीसी मार्ग के निर्माण के चलते झील का जल स्तर तेजी से गिर रहा है। इस वर्ष बारिश और बर्फबारी न होने का भी असर झील के जलस्तर पर देखा गया है।

–प्रो अजय रावत, पर्यावरणविद

नैनीताल के आसपास करीब 12 से अधिक ऐसे छोटे तालाब हैं जिनमें बरसात के दौरान पानी भरता है और वहां से साल भर पानी नैनीझील में रिसकर आता है। मगर इस बार ये छोटे-छोटे तालाब मलबे से भरे हैं। उधर, नैनी झील में डेल्टा उभरने से इसकी सुंदरता में भी ग्रहण लगने लगा है। अगर आंकड़ों पर नजर डालें तो साल 2019 से लेकर 2024 तक झील का जल स्तर करीब 15 से लेकर 18 फिट तक गिरा है।

| वर्ष | जलस्तर (फीट में) |
|---|---|
| 2019 | 5.58 |
| 2020 | 5.83 |
| 2021 | 5.29 |
| 2022 | 8.38 |
| 2023 | 5.54 |
| 2024 | 5.17 |



### पेयजल आपूर्ति में जल संस्थान करेगा कटौती

नैनी झील के गिरते जलस्तर को देखते हुए जल संस्थान अब पेयजल आपूर्ति में कटौती करने का मन बना रहा है। अब तक शहर में 12 एमएलडी पानी की रोजाना आपूर्ति की जाती है लेकिन जलसंस्थान के अधिशासी अभियंता के मुताबिक अब आने वाले समय में झील के जलस्तर को नियंत्रित किए जाने के लिए रोस्टिंग व्यवस्था की जाएगी। ताकि स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी पेयजल की पूर्ति की जा सके।

## 18 अप्रैल से शुरू होगी गोलज्यू संदेश यात्रा

**हल्द्वानी।** अपनी धरोहर संस्था 18 अप्रैल से गोलज्यू संदेश यात्रा शुरू करने जा रही है। इसकी तैयारियों को लेकर संस्था ने गुरुवार को समीक्षा बैठक की। जिला संयोजकों व मार्गदर्शक मंडल की बैठक संस्था के नैनीताल रोड़ स्थित कार्यालय में हुई। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष विजय भट्ट ने बताया कि यात्रा चंपावत से शुरू होकर चंपावत मूल स्थान में ही संपन्न होगी। 18 अप्रैल को सुबह पूजा शुरू होगी जिसके बाद यात्रा की रवानगी होगी। नेपाल के साथ ही पूरे प्रदेश में यात्रा निकाली जायेगी। यात्रा में चंपावत मंदिर से 2 पुजारी, मंदिर समिति के अध्यक्ष और 2 डांगरिए रहेंगे। संपूर्ण यात्रा का नेतृत्व संस्था अध्यक्ष व संयोजक मोहनराम रहेंगे।

# काशीपुर में चाकू मारकर युवक की हत्या, एक गंभीर

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचारः** दो पक्षों में हुए झगड़े में एक युवक की जान चली गई। वहीं एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक पक्ष के लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। पुलिस ने लोगों को बमुश्किल समझाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

गुरुवार देर रात पच्चावाला निवासी चमन किसी काम से पैदल कुंडेश्वरी मोड़ गया था। लौटने के लिए उसने अपने भाई आकाश को बाइक लेकर आने के लिए कहा। आकाश अपने दोस्त अजय को लेकर पहुंचा। इस बीच चमन के साथ श्यामपुरम निवासी बाइक सवार दो युवक गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर वह मारपीट पर उतारू हो गए। आकाश और अजय ने चमन को बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने अपने साथी भी मौके पर बुला लिए। इस दौरान हमलावर ने आकाश और अजय पर चाकू से वार कर दिया। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर मौके पर भीड़ एकत्र होने पर हमलावर वहां से भाग गए।

घायल अवस्था में दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने आकाश को मृत घोषित कर दिया और अजय को रेफर कर दिया। सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि जांच की जा रही है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल**
गेहूं (आरआर 21) 2360-2800
गेहूँ (के 65) 3500-3800
बाजरा 2200-2300
मक्का 2700-2800
जौ 2900-3000

**चावल प्रति कुन्तल**
चावल सेल्हा 2800-3100
चावल बासमती 7000-8000
चावल मोटा 2800-3000
चावल मंसूरी 3200-3500
चावल शक्कर चीनी 4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600
चावल राजरानी 7000-7500

**दाल दलहन**
चना देसी 6800-7000
चना फार्मी 7200-7500
चना काबली 14500-17000
मटर हरा 6000-6200
मटर सफेद 6100-6500
दाल चना 8000-8400
दाल मटर 6400-6500
उड़द हरा 12000-12500
उड़द काला 9000-9500
दाल उड़द हरी 15500-16000
दाल उड़द काली 10500-11000
दाल उड़द धोवा 12000-12500
मूंग खड़ा 10000-10500
मूंग दाल 10500-11000
मूंग धोवा 12000-13000
मसूर 8800-9000
मलका 9000-9500
दाल अरहर फूल 16000-17000
दाल स्पेशल 13000-14000
राजमा सफेद 13000-14000
राजमा काला 11500-12500

**तेल तिलहन**
अलसी 5310-5510
लाही 4800-5200
काली सरसों 4900-5300
पीली सरसों 5600-5800
तेल सरसों (15 ली) 1475-1900।

# देश में 3 सेमीकंडक्टर संयंत्र होंगे स्थापित

## मंजूरी के बाद दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा-1.26 लाख करोड़ रुपये का होगा निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी



सरकार ने बृहस्पतिवार को 1.26 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। इनमें टाटा समूह और जापान की रेनेसस इलेक्ट्रॉनिक्स की परियोजनाएं शामिल हैं। चिप की जरूरत को पूरा करने के लिए भारत की आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए यह कदम महत्वपूर्ण है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल के प्रस्तावों को मंजूरी देने के बाद दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रक्षा, ऑटोमोबाइल और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों के लिए चिप बनाने वाली इन इकाइयों का निर्माण कार्य अगले 100 दिनों में शुरू हो जाएगा। तीनों इकाइयां 'सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण परिवेश का विकास' कार्यक्रम के तहत स्थापित की जाएंगी। इस कार्यक्रम के तहत 76,000 करोड़ रुपये तक की सरकारी सहायता दी जाती है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प (पीएसएमसी) के साथ साझेदारी में एक सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करेगी। इस संयंत्र की स्थापना गुजरात के धोलेरा में की जाएगी। इसमें 91,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

### बाघों के संरक्षण के लिए इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस का होगा गठन

केंद्रीय कैबिनेट ने बाघों और ऐसे अन्य वन्यजीवों के संरक्षण के लिए एक वैश्विक नेटवर्क 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' (आईबीसीए) के गठन को मंजूरी दी। इस संस्था का मुख्यालय भारत में होगा। इसमें वन्यजीवों से संबंधित 96 देशों की बहु-एजेंसी संस्था के रूप में आईबीसीए की कल्पना की गई है। कुल सात वन्यजीवों (बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीता) में से पांच बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ और चीता भारत में पाए जाते हैं। मंत्रिमंडल ने 2023-24 से 2027-28 तक पांच साल की अवधि के लिए आईबीसीए की खातिर 150 करोड़ रुपये की एकमुश्त बजटीय सहायता को मंजूरी दी है।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय की

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को 12 महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय करने के लिए एमएमडीआर अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दे दी। खान मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस बारे में फैसला किया गया। बयान के मुताबिक-केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों के संबंध में रॉयल्टी की दर निर्दिष्ट करने के लिए खान एवं खनिज विकास और विनियमन (एमएमडीआर) अधिनियम, 1957 की दूसरी अनुसूची में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

### डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मुंबई हवाई अड्डे पर एक 80 साल के यात्री को व्हीलचेयर उपलब्ध नहीं कराने के मामले में एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। व्हीलचेयर नहीं मिलने के कारण यात्री को विमान से टर्मिनल तक चलना पड़ा था और वह गिर गया था। बाद में इस यात्री की मृत्यु हो गई थी। यह घटना 12 फरवरी को हुई थी। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है क्योंकि वह बुजुर्ग यात्री को व्हीलचेयर उपलब्ध कराने में विफल रही थी। अधिकारी ने कहा-इसके अलावा एयर इंडिया ने इस मामले में गलती करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ हुई कार्रवाई की भी जानकारी नहीं दी है।

# सरकार ने गेहूं खरीद का लक्ष्य 3 से 3.2 करोड़ टन किया तय

नई दिल्ली, एजेंसी

- कृषि मंत्रालय ने फैसले के बारे में दी जानकारी



सरकार ने 2024-25 रबी विपणन सत्र के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 3 से 3.2 करोड़ टन तय किया है। खाद्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सरकार के गेहूं खरीद के लक्ष्य को कुछ कम माना जा रहा है।

कृषि मंत्रालय को फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में रिकॉर्ड 11 करोड़ 20.1 लाख टन गेहूं का उत्पादन होने का अनुमान लगाया है। इसके बावजूद सरकार द्वारा खरीद का लक्ष्य कम रखा गया है। राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा की अध्यक्षता में राज्यों के खाद्य सचिवों की बैठक हुई थी। इसी बैठक में विचार-विमर्श के बाद गेहूं खरीद का लक्ष्य तय किया गया है। मंत्रालय ने बयान में कहा-विचार-विमर्श के बाद आगामी रबी विपणन सत्र 2024-25 के दौरान गेहूं की खरीद का अनुमान तीन से 3.2 करोड़ टन का तय किया गया है। गेहूं के अलावा, मंत्रालय ने चावल के मामले में रबी धान खरीद का लक्ष्य 90 लाख से एक करोड़ टन तय किया है। सरकार ने रबी मोटे अनाज/बाजरा (श्रीअन्न) के लिए 6,00,000 टन का खरीद लक्ष्य भी निर्धारित किया है। केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से फसलों के आहार में पोषण बढ़ाने के लिए बाजरा की खरीद पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
| --- | --- |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 71,850 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,025 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,700-47,900 |

**लखनऊ**

| | |
| --- | --- |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 71,500 |
| चांदी तैयार | 71,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
| --- | --- |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 708 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
| --- | --- |
| सोना 24 कैरेट | 64,050 |
| चांदी आभूषण | 71,800। |

# देश में एफडीआई प्रवाह 13% घटकर 32 अरब डॉलर पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह यानी अप्रैल-दिसंबर-2023 में 13 प्रतिशत घटकर 32.03 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

मुख्य रूप से कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, वाहन और फार्मा क्षेत्रों में कम निवेश के कारण एफडीआई घटा है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में देश में 36.74 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। हालांकि, चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान एफडीआई प्रवाह 18 प्रतिशत बढ़कर 11.6 अरब डॉलर रहा है, जो 2022-23 की समान तिमाही के दौरान 9.83 अरब डॉलर था। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार, कुल एफडीआई प्रवाह (जिसमें इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेश आय और अन्य पूंजी शामिल है) अप्रैल-दिसंबर, 2022 के 55.27 अरब डॉलर के मुकाबले चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में सात प्रतिशत घटकर 51.5 अरब डॉलर रह गया है।

### औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी 2024 में घटकर 4.59 प्रतिशत रही, जो दिसंबर 2023 में 4.91 प्रतिशत थी। इस दौरान मुख्य रूप से कुछ खाद्य पदार्थों की कीमतें घटने से खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी आई। श्रम मंत्रालय ने कहा कि जनवरी 2024 में औद्योगिक श्रमिकों के लिए खाद्य मुद्रास्फीति 7.66 प्रतिशत रही, जो इससे पिछले महीने में 8.18 प्रतिशत और एक साल पहले इसी महीने (जनवरी 2023) में 5.69 प्रतिशत थी। औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी 2023 में 6.16 प्रतिशत थी।

# आठ उद्योगों की वृद्धि 15 माह के निचले स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- आंकड़ों के अनुसार-जनवरी में सुस्त पड़कर 3.6% पर आ गई



आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि जनवरी में सुस्त पड़कर 3.6 प्रतिशत पर आ गई। यह इसका 15 माह का निचला स्तर है। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात और बिजली जैसे क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन के कारण वृद्धि धीमी हुई।

गौरतलब है कि आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन दिसंबर, 2023 में 4.9 प्रतिशत बढ़ा था। एक साल पहले जनवरी, 2023 में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 9.7 प्रतिशत थी। इन आठ क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। जनवरी, 2024 से कम वृद्धि दर अक्टूबर, 2022 में 0.9 प्रतिशत थी। चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह अप्रैल-जनवरी के दौरान बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 8.3 प्रतिशत थी। जनवरी, 2024 में रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरक का उत्पादन घट गया है।

समीक्षाधीन महीने में कोयला, इस्पात और बिजली के उत्पादन में वृद्धि की गति धीमी हो गई। हालांकि, इस दौरान कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और सीमेंट के उत्पादन में सालाना आधार पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में आठ प्रमुख क्षेत्रों का योगदान 40.27 प्रतिशत है।



# 400 पार का नारा जनता ने दिया, हमारी गारंटी पर देश को विश्वास: नरेंद्र मोदी

## मध्य प्रदेश के लिए प्रधानमंत्री ने 17,551 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

भोपाल, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में उतर रही है तथा चारों ओर एक ही बात सुनाई दे रही है कि भाजपा के नेतृत्व वाला राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) इस बार 400 सीट का आंकड़ा पार कर जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा है। उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा हमने नहीं, जनता ने दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के उनके कार्यकाल में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की साख कई गुना बढ़ी है, जिससे देश में निवेश आकर्षित करने में मदद मिली है और दुनिया भर के देश भारत के साथ अच्छे संबंध बनाने के इच्छुक हैं।

मोदी ने भाजपा शासित मध्य प्रदेश में 17,551 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करने के बाद 'विकसित भारत, विकसित मध्य प्रदेश' कार्यक्रम को वर्चुअल तौर पर संबोधित किया।

### प्रधानमंत्री बिहार, झारखंड और बंगाल में करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार और शनिवार को झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और करोड़ों रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ के मुताबिक प्रधानमंत्री एक मार्च को लगभग 11 बजे झारखंड के सिंदरी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे, जहां वह राज्य में 35,700 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वह करीब तीन बजे पश्चिम बंगाल के हुगली में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। अगले दिन शनिवार को प्रधानमंत्री लगभग 10 :30 बजे पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के कृष्णानगर पहुंचेंगे, जहां वे 15,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

### राष्ट्रपति ने केरल लोकायुक्त विधेयक को मंजूरी दी

**तिरुवनंतपुरम।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित केरल लोकायुक्त विधेयक को मंजूरी दे दी है लेकिन उन्होंने तीन विश्वविद्यालय कानून विधेयकों पर अपनी स्वीकृति अभी नहीं दी है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राष्ट्रपति को ये विधेयक उनकी स्वीकृति के लिए भेजे थे। राजभवन ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ने केरल विश्वविद्यालय कानून (संशोधन संख्या 2) विधेयक 2022 पर अभी अपनी स्वीकृति नहीं दी है। बयान के अनुसार इसके अलावा विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक, 2022 और विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक, 2021 को भी राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली है। राष्ट्रपति को भेजे गए सात विधेयकों में से केवल एक विधेयक केरल लोकायुक्त संशोधन विधेयक, 2022 को सहमति दी गई है।

# अदालत को शाहजहां शेख से कोई हमदर्दी नहीं

कोलकाता, एजेंसी

- कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संदेशखालि मामले में की टिप्पणी



कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि अदालत को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के साथ कोई 'हमदर्दी' नहीं है और उनके वकील से चार मार्च को उसके समक्ष पेश होने को कहा। शेख के वकील अदालत में पेश हुए और अपने मुवक्किल के संबंध में तत्काल सुनवाई की मांग की।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि अदालत को शेख के साथ कोई 'हमदर्दी' नहीं है और उसके वकील से कहा कि वह सोमवार को उसके पेश हों जब संदेशखालि में कथित यौन अत्याचार एवं आदिवासी लोगों की भूमि कब्जे को लेकर मामले की सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय ने इस मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। अदालत ने कहा कि अगर शेख ने वकील को वकालतनामा दिया है तो उसके ठिकाने का भी पता होगा। यौन अत्याचार और जमीन हड़पने के आरोपी शेख को राज्य पुलिस ने बृहस्पतिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। जब शेख के वकील ने कहा कि उसकी अग्रिम जमानत याचिका दो दिन पहले खारिज कर दी गई थी और चार अन्य आवेदन अब भी अदालतों के समक्ष लंबित हैं तो मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि टीएमसी नेता के खिलाफ 42 मामले लंबित हैं। मुख्य न्यायाधीश ने वकील से कहा कि उनके पास अगले 10 वर्ष तक शानदार काम होगा क्योंकि वह शेख से संबंधित मामलों को संभालने में व्यस्त रहेंगे। उन्होंने कहा कि शेख से संबंधित मामलों को संभालने के लिए वकील को एक बड़ी कानूनी टीम की आवश्यकता होगी।

### जांच संबंधी याचिका पर सुनवाई करेगी अदालत

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न मामले की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपने की मांग वाली जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई होगी। अदालत ने संदेशखालि में महिलाओं पर यौन अत्याचारों और आदिवासियों की जमीन हड़पने के आरोपों पर स्वतः संज्ञान भी लिया है।

## एक नजर

### भाजपा में शामिल हुए बीआरएस सांसद रामुलु

**नई दिल्ली।** तेलंगाना से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के सांसद व दलित नेता पी रामुलु बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। वह लोकसभा में नागरकुरनूल (आरक्षित) संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य के लक्ष्मण, राष्ट्रीय महासचिव व तेलंगाना के प्रभारी तरुण चुघ और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी के अरुणा की मौजूदगी में रामुलु ने भाजपा की सदस्यता ली।

### फड़णवीस को धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने गुरुवार को कथित तौर पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस को जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान योगेश सावंत के तौर पर हुयी है और इसने कथित तौर पर अपने सोशल मीडिया पेज पर एक विवादास्पद वीडियो साझा किया था, जिसमें उसने श्री फड़नवीस को जान से मारने की धमकी दी थी। बाद में सावंत को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# कोर्ट ने शाहरुख पठान की जमानत याचिका पर पुलिस से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली में वर्ष 2020 में हुए दंगों का मामला




दिल्ली उच्च न्यायालय ने शाहरुख पठान की जमानत याचिका पर बृहस्पतिवार को शहर पुलिस से जवाब मांगा। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के दौरान पठान पर एक पुलिसकर्मी पर खुलेआम बंदूक तानने का आरोप है। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने पठान की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया और उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया। उच्च न्यायालय ने पठान के जेल में उसके आचरण का विवरण देने का भी आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी।

अदालत ने कहा-नोटिस जारी किया जाता है। लोक अभियोजक ने नोटिस स्वीकार कर लिया है और स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय मांगा है। पठान के वकील ने सुनवाई के दौरान कहा कि उस पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया है, जिसके लिए अधिकतम सजा 10 साल है। उन्होंने इस आधार पर जमानत मांगी कि पठान पिछले चार साल से हिरासत में हैं। अभियोजक ने अदालत से आग्रह किया कि वह आरोपी के आचरण पर जेल से भी रिपोर्ट मांगे। पठान ने निचली अदालत के पिछले साल 14 दिसंबर के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी।

### सांप्रदायिक दंगों के मामले में 7 लोग बरी

दिल्ली की एक सत्र अदालत ने 2020 में पूर्वोत्तर दिल्ली में हुए सांप्रदायिक दंगों के मामले में सात लोगों को बरी कर दिया है और कहा कि उनके खिलाफ कोई 'टिकाऊ और संतोषजनक सबूत' नहीं मिला। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला उन सात लोगों के खिलाफ एक मामले की सुनवाई कर रहे थे, जिन पर 24 फरवरी, 2020 को करावल नगर में मुख्य बृजपुरी रोड पर दो दुकानों, एक ऑटोरिक्शा और एक दोपहिया वाहन को जलाने वाली भीड़ का हिस्सा होने का आरोप है। अदालत ने कहा-उपलब्ध साक्ष्यों से भीड़ की पहचान भी नहीं की जा सकी है।

# मणिपुर में शांति बनाए रखने को असम राइफल्स की मांगी मदद

इंफाल, एजेंसी

- सरकार ने हिंसा प्रभावित छह जिलों के लिए बनाई रणनीति

मणिपुर सरकार ने राज्य के हिंसा प्रभावित छह जिलों में शांति कायम रखने और जनता का विश्वास बहाल करने के लिए असम राइफल्स से मदद मांगी है।

इंफाल पश्चिम के जिला मजिस्ट्रेट ने बृहस्पतिवार को कानून व्यवस्था के उल्लंघन की खबरों, खासतौर पर भीड़ हिंसा की घटनाओं का उल्लेख किया। आदेश में कहा गया, हालात जिला प्रशासन और पुलिस के नियंत्रण से बाहर हो गए हैं। इसमें कहा गया है कि जिले के विभिन्न हिस्सों में 29 फरवरी से पांच मार्च तक असम राइफल्स की सेवाएं मांगी गई हैं। इससे पहले बुधवार रात को इंफाल पश्चिम में हजारों महिलाओं ने मशाल जुलूस निकालकर केंद्र सरकार और कुकी उग्रवादी समूहों के बीच अभियानों का निलंबन (एसओओ) समझौते को समाप्त करने की मांग की। करीब 200 हथियारबंद लोगों ने 27 फरवरी को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एम अमित सिंह के आवास में गोली चलाईं और तोड़फोड़ की थी।

# राजस्थान में लव जेहाद के मामले में दो लड़कियों सहित तीन लोग गिरफ्तार

**अलवर।** राजस्थान में अलवर शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत एक मोहल्ले में किराए पर रहने वाली हिंदू लड़कियों से दोस्ती कर 'लव जेहाद' कराने के मामले में पुलिस ने दो लडकियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि गत 27 फरवरी को अलवर में कॉलेज में पढने वाली दो लड़कियों ने थाना कोतवाली में एक शिकायत दी कि उनकी दो रूममेट काजल उर्फ बबीता और सकीना मेव है जो धर्म परिवर्तन करने की बात कहती हैं और जबरन वसीम नामक युवक से दोस्ती करने की बात कहती है। शिकायत के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### रोहिंग्या शरणार्थियों की रिहाई संबंधी याचिका पर कोर्ट करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने देश भर की जेलों और हिरासत केंद्रों में 'अवैध और मनमाने ढंग से' हिरासत में रखे गये रोहिंग्या शरणार्थियों को रिहा करने के लिए सरकार को निर्देश देने संबंधी याचिका की मार्च में सुनवाई करने पर बृहस्पतिवार को सहमति जता दी। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ वकील प्रशांत भूषण द्वारा मामले का विशेष उल्लेख किये जाने के बाद याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमत हुई। भूषण ने दलील दी थी कि इस मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया है। भूषण ने कहा कि केंद्र को नोटिस जारी करने के बावजूद, भारत सरकार ने आज तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है।

# असम : विपक्ष ने राष्ट्रपति से सीएए रद करने का किया आग्रह

गुवाहाटी, एजेंसी

## हस्तक्षेप की मांग

- सोलह दलों वाले संयुक्त विपक्षी मंच यूओएफए ने लागू करने पर आंदोलन की दी चेतावनी




असम में विपक्षी दलों ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को रद करने के लिए बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हस्तक्षेप करने की मांग की और कहा कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे राज्य भर में 'लोकतांत्रिक जन आंदोलन' करेंगे। सोलह दलों वाले संयुक्त विपक्षी मंच असम (यूओएफए) ने मुर्मू को राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा।

यूओएफए ने कहा-यह अधिनियम न केवल असंवैधानिक है बल्कि यह इतिहास, संस्कृति, सामाजिक ताने-बाने, अर्थव्यवस्था और असमिया लोगों की पहचान को खतरे में डालकर 1985 के ऐतिहासिक असम समझौते को भी रद करने वाला है। यूओएफए ने राष्ट्रपति से मामले में हस्तक्षेप करने और केंद्र को असम में नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 को लागू करने के अपने फैसले से बचने व इस 'असंवैधानिक और राष्ट्र-विरोधी' अधिनियम को रद्द करने का निर्देश देने का आग्रह किया। ज्ञापन में कहा गया, ''हम आपको सूचित करते हैं कि अगर भारत सरकार इन मांगों पर ध्यान नहीं देती है तो हम विपक्षी राजनीतिक दलों और असम के लोगों के पास सरकार को मजबूर करने के लिए लोकतांत्रिक जन आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

### सीएए के खिलाफ अब प्रदर्शन का कोई मतलब नहीं आंदोलनकारी उच्चतम न्यायालय जाएं: हिमंत



असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि इस समय नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ किसी प्रदर्शन की कोई प्रासंगिकता नहीं है और कानून के खिलाफ लोग उच्चतम न्यायालय का रुख कर सकते हैं। शर्मा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संसद, जिसने कानून पारित किया था, 'सर्वोच्च नहीं' है क्योंकि शीर्ष अदालत इसके ऊपर है और वह किसी भी कानून को रद कर सकती है जैसा उसने चुनावी बांड के मामले में किया। उन्होंने कहा कि सीएए के खिलाफ प्रदर्शन की कोई प्रासंगिकता नहीं है क्योंकि आंदोलन संसद द्वारा पारित किसी कानून के संबंध में कारगर नहीं हो सकते। बदलाव केवल उच्चतम न्यायालय में हो सकता है जैसा कि उसने भाजपा द्वारा लागू चुनावी बांड के मामले में किया।

# दिल्ली कैपिटल्स 25 रन से जीता, आरसीबी की लय टूटी

## आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना की 74 रन की शानदार पारी पर भारी पड़ा शेफाली वर्मा का अर्धशतक

बेंगलुरु, एजेंसी

कप्तान स्मृति मंधाना की अर्धशतकीय पारी भी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के काम न आ सकी, जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी-20 मैच में 25 रन से जीत दर्ज की।

शेफाली वर्मा (50) के अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने 5 विकेट पर 194 रन बनाया। मंधाना ने 43 गेंद में 74 रन की तेज पारी खेली, जिसमें 10 चौके और 3 छक्के जड़े थे लेकिन आरसीबी की टीम 9 विकेट पर 169 रन ही बना सकी। इससे आरसीबी की जीत की लय टूट गई। मंधाना और सोफी डेविने (23) ने पहले विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी की। नौंवे ओवर में डेविने आउट हो गई। मंधाना ने ॠचा घोष (19) के साथ 45 रन जोड़े पर वह मारिजाने काप (2 विकेट) की गेंद पर बोल्ड हो गई। घोष 15वें ओवर की पहली गेंद पर आउट हुई, तब स्कोर 3 पर 138 था। टीम ने इसके बाद 6 विकेट 30 रन के अंदर गंवा दिए। बाए हाथ की स्पिनर जेस जोनासेन ने 21 रन देकर 3 और अरूंधती रेड्डी ने दो विकेट लिए। शेफाली ने कप्तान मेग लेनिंग के आउट होने के बाद एलीस कैप्से के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की।



मरिजाने काप ने 32 रन तथा जेसन जोनासेन ने नाबाद 36 रन बनाए। इन दोनों ने 58 रन की साझेदारी की। आरसीबी में एलिस पैरी के बीमार होने से नादिने डि क्लर्क को शामिल किया गया। शेफाली ने इस सत्र में दूसरा अर्धशतक पूरा कर मिड विकेट पर छक्का जड़कर पूरा किया, लेकिन वह अगली ही गेंद पर आउट हो गई। वह मिड विकेट पर जॉर्जिया वारेहैम को कैच दे बैठीं। डि क्लर्क ने फि कैप्से को आउट किया। काप और जोनासेन ने 14वें से 18वें ओवर तक आरसीबी का सामना किया और टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**दिल्ली कैपिटल्स :** 194/5, मेग लैनिंग 11, शेफाली वर्मा 50, ऐलिस कैप्सी 46, मैरिजेन 32, जेस जोनसेन नाबाद 36। **विकेट :** सोफी डिवाइन 2, नादिन डी क्लर्क 2, श्रेयंका पाटिल 1।
**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** 169/9, स्मृति मंधाना 74, सोफी डिवाइन 23, एस मेघना 36, ऋचा घोष 19। **विकेट :** मैरिजेन कप्प 2, जेस जॉनसन 3, शिखा पांडे 1, अरुंधति रेड्डी 2।

**पूर्व सीईओ नोर्मन के पद त्यागने का मामला**

## हॉकी इंडिया प्रमुख टिर्की ने कहा- एलेना ने सीईओ के रूप में शानदार काम किया

राउरकेला, एजेंसी



एलेना नोर्मन भले ही विवादास्पद हालात में पद छोड़कर गई हों लेकिन हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पूर्व सीईओ की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह खेल के विकास में इस ऑस्ट्रेलियाई अधिकारी के योगदान की सराहना करते हैं।

टिर्की ने हॉकी इंडिया में गुटबाजी के नोर्मन के दावे को खारिज कर दिया। टिर्की ने कहा कि पद संभालने के बाद हमने अच्छा काम किया है और मैं इसकी सराहना करता हूं। हमने दो साल में टीमों का प्रदर्शन देखा है। हमारी सीईओ ने भारतीय हॉकी के लिए शानदार काम किया है। हम उनके प्रयासों और योगदान की सराहना करते हैं। टिर्की और सचिव भोलानाथ सिंह ने इससे एक दिन पहले संयुक्त बयान जारी कर नोर्मन के दावे को खारिज किया था। नोर्मन ने मंगलवार को इस्तीफा दिया था और आरोप लगाया कि संघ में गुटबाजी है। एक में दिलीप टिर्की और में व दूसरे में भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आरके श्रीवास्तव और शेखर जे मनोहरन हैं।

## खेल डायरी

### यूवेंटस के मिडफील्डर पॉल पोग्बा डोपिंग के लिए प्रतिबंधित, खेल पंचाट में करेंगे अपील



**रोम, एजेंसी।** इटली की डोपिंग रोधी अदालत ने यूवेंट्स के मिडफील्डर पॉल पोग्बा पर टेस्टोस्टेरॉन का पॉजिटिव पाए जाने के बाद गुरुवार को 4 साल के लिए प्रतिबंध लगाया। पोग्बा ने कहा कि वह स्विट्जरलैंड स्थित खेल पंचाट में अपील करेंगे, लेकिन पोग्बा ने पॉजिटिव आने के लिए कोई कारण नहीं बताया। खेल पंचाट के फैसले में एक साल लग सकता है। विश्व कप विजेता फुटबॉलर पोग्बा के सितंबर में पॉजिटिव पाए जाने के बाद इस अधिकतम प्रतिबंध की घोषणा की गई। पोग्बा ने कहा कि उनका मानना है कि यह फैसला गलत है। मैं इस फैसले से दुखी हूं क्योंकि मैंने अपने पेशेवर खेल करियर में जो कुछ भी हासिल किया, वो सब मुझसे छीन लिया गया है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी भी जानबूझकर कोई सप्लीमेंट नहीं लिया है, जिससे डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन हुआ हो। 20 अगस्त को उडिनेसे में युवेंटस के मैच के बाद उनकी जांच हुई थी। वह सीरी ए के इस मैच में नहीं खेले थे। पोग्बा ने इटली की डोपिंग रोधी एजेंसी से कोई समझौता नहीं करने का फैसला किया जिसके बाद मामला डोपिंग रोधी अदालत में गया। पोग्बा की सजा को सार्वजनिक नहीं किया गया।

### प्रज्ञानानंदा ने की चूक प्राग में दूसरे दौर में हारे

**प्राग, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ईरान के परहाम मघसूडलू से पराजित होना पड़ा। साथ ही क्लासिकल शतरंज में उनका 47 मैचों का अपराजेय अभियान खत्म हो गया। इस खिलाड़ी ने लाइव रेटिंग में शीर्ष स्थान भी गंवा दिया जो विश्वनाथन आनंद ने फिर हासिल कर लिया है। डी गुकेश ने चेक गणराज्य के एंगुयेन थाई दाइ वान को हराया। टूर्नामेंट के सात दौर बाकी हैं जबकि परहाम दो अंक लेकर शीर्ष पर हैं। गुकेश और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव उनसे आधा अंक पीछे हैं। उजबेक खिलाड़ी ने भारत के विदित गुजराती से ड्रा खेला। प्रज्ञानानंदा, गुजराती, रोमानिया के रिचर्ड रैपो और चेक गणराज्य के डेविड नवारा चौथे स्थान पर हैं।

### अश्लील इशारे पर रोनाल्डो 1 मैच के लिए निलंबित

**रियाद, एजेंसी।** सउदी प्रो लीग फुटबॉल में अल नासर के लिए खेलते हुए अश्लील इशारे करने की वजह से पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक मैच के लिए निलंबित कर दिए गए हैं। अल नासर ने स्थानीय प्रतिद्वंद्वी अल शबाब को रविवार को 3-2 से हराया, जिसके बाद रोनाल्डो ने विरोधी टीम के समर्थकों को देखकर अभद्र इशारे किए। दर्शक उनके चिर प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेस्सी के नाम से 'मेस्सी मेस्सी' के नारे लगा रहे थे। सउदी अरब फुटबॉल महासंघ की अनुशासन और नैतिकता समिति ने सोशल मीडिया पर गुरुवार को निलंबन की घोषणा की। अल नासर को अगले मैच में अल हजम से खेलना है। रीयाल मैड्रिड और मैनचेस्टर युनाइटेड के पूर्व स्टार रोनाल्डो को 5 हजार डॉलर अल शबाब को और आधी राशि महासंघ को जुर्माने के तौर पर देनी होगी।

### खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट जारी होंगे: खेल मंत्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को घोषणा की कि सरकार देश भर में रजिस्टर्ड खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट देगी। इससे खिलाड़ियों के प्रदर्शन और प्रतिभागिता को लेकर पारदर्शिता बनी रहेगी। डिजिटल सर्टिफिकेट में खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धाओं में भागीदारी की तारीफ रहेगी और यह उनकी उपलब्धियों का सबूत होगा। ठाकुर ने एक्स पर लिखा, हमारे खेल ढांचे की धुरी खिलाड़ी हैं और इसे ध्यान में रखकर खेल मंत्रालय ने उन्हें डिजिटल सर्टिफिकेट देने का फैसला किया है। खेलमंत्री ने खिलाड़ियों और राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए चीजें आसान करने की योजना का ऐलान पिछले साल 29 अगस्त को किया था। उस समय एनएसएफ पोर्टल भी शुरू हुआ था। ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ी सर्वोपरि नीति के अनुरूप राष्ट्रीय खेल महासंघों को डिजिलॉकर के जरिए खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देने के लिए कहा गया है। यह फैसला एनएसएफ के खेल प्रशासन में पारदर्शिता और कुशलता को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के दस्तावेजों की सुरक्षा, पहुंच और सत्यता सुनिश्चित करने को लिया गया है।

# राहुल पांचवें टेस्ट से बाहर, बुमराह की वापसी

## बीसीसीआई ने कहा- चोट के कारण धर्मशाला के टेस्ट में नहीं खेलेंगे राहुल, टीम में भागीदारी फिटनेस पर थी निर्भर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को कहा कि केएल राहुल चोट के कारण धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में नहीं खेलेंगे जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टीम में वापसी करेंगे।

राहुल के दाएं पैर की जांघ में सूजन है और वह विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। यह विकेटकीपर बल्लेबाज जनवरी में हैदराबाद में श्रृंखला के पहले मैच के बाद से ही उपलब्ध नहीं है और बीसीसीआई के अनुसार वह राजकोट में तीसरे टेस्ट से पहले 90 प्रतिशत फिट थे। बीसीसीआई ने कहा कि राहुल की आईडीएफसी फर्स्ट बैंक श्रृंखला के अंतिम टेस्ट में भागीदारी फिटनेस पर निर्भर थी लेकिन वह धर्मशाला में पांचवें और अंतिम टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी चोट पर नजर रखे है और लंदन में विशेषज्ञों से सलाह लेने की कोशिश कर रही है। टीम की कार्यभार प्रबंधन नीति के तहत रांची में चौथे टेस्ट के लिए टीम से रिलीज बुमराह 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले अंतिम टेस्ट के लिए टीम से जुड़ेंगे। भारत ने चौथे टेस्ट में जीत के बाद श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त बनाई है। अंतिम टेस्ट में राहुल की अनुपस्थिति से रजत पाटीदार टीम में रहेंगे, लेकिन अंतिम एकादश में उनका होना



निश्चित नहीं है क्योंकि वह 6 पारियों में 63 रन ही बना सके हैं। वाशिंगटन सुंदर को भी टीम से रिलीज किया गया है।

बीसीसीआई ने कहा कि वह दो मार्च से मुंबई के खिलाफ शुरू होने वाले रणजी सेमीफाइनल मैच के लिए अपनी टीम तमिलनाडु में शामिल होंगे और जरूरत पड़ी तो घरेलू मैच पूरा होने के बाद पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम में जुड़ जाएंगे। राहुल आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स का नेतृत्व करेंगे और उन्हें आईपीएल से पहले फिट होना होगा। चोट से राहुल पिछले साल भी 4 महीने तक टीम से बाहर थे। आईपीएल में चोटिल होने के



बाद राहुल ने पिछले सितंबर में एशिया कप के दौरान वापसी की। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट दौरे में राहुल भारत के लिए शतक बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। यह श्रृंखला ड्रा थी। बीसीसीआई ने बताया कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी 26 फरवरी को सर्जरी के बाद अच्छी तरह उबर रहे हैं। वह रिहैबिलिटेशन शुरू करने के लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जाएंगे।

### रोहित और कोहली को भी घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए : आजाद



**नई दिल्ली।** भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य कीर्ति आजाद ने क्रिकेटरों के लिए रणजी खेलने के बीसीसीआई के निर्देश का समर्थन करते हुए कहा कि यह अच्छी पहल है और रोहित शर्मा तथा विराट कोहली समेत भारतीय टीम के हर सदस्य पर लागू होनी चाहिए। ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को रणजी नहीं खेलने से केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है। आजाद ने कहा कि यह निर्देश बहुत अच्छी पहल है। हर किसी को रणजी खेलनी चाहिए। पांच दिन का क्रिकेट ही असली क्रिकेट है। घरेलू क्रिकेट खेलना अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि जब भी खिलाड़ी खाली हो तो उन्हे अपने प्रदेश के लिए रणजी खेलना चाहिए। चाहे वह रोहित शर्मा हो या विराट कोहली। प्रदेश ने आपको खिलाड़ी बनने का मौका दिया, जिससे आप देश के लिए खेल सके। उन्होंने कहा कि सिर्फ ईशान और श्रेयस को सजा देना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि सिर्फ दो को सजा देना सही नहीं है। हर किसी को सजा मिलनी चाहिए। सभी को समान नजर से देखा जाना चाहिए। आजाद ने इस पर टिप्पणी से इनकार कर दिया कि क्या ईशान और श्रेयस के लिए रास्ते अब बंद हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि मेरा सवाल यह है कि क्या वे पर्याप्त घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं। वे टी-20 खेल रहे हैं और हर प्रदेश में टी-20 लीग है। जब हम खेलते थे तब सारे सदस्य प्रदेश के लिये खेलते थे और इसमें गर्व महसूस करते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है।

### पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

### अय्यर-ईशान को लेकर इरफान ने उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने रणजी खेलने के आदेश का पालन नहीं करने पर ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध नहीं देने के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा है कि हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ियों के लिए यह मानदंड नहीं था। बीसीसीआई ने ईशान और श्रेयस के केंद्रीय अनुबंध रद कर दिए जबकि 2018 से एक भी टेस्ट नहीं खेले पंड्या को ग्रेड 'ए' का अनुबंध दिया गया। इरफान ने एक्स पर लिखा, अगर हार्दिक जैसे खिलाड़ी लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेलना चाहते तो क्या उन्हें और उनके जैसे दूसरों को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने पर सफेद गेंद का घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। अगर यह सब पर लागू नहीं होता तो भारतीय क्रिकेट को इच्छित नतीजे नहीं मिलेंगे। ईशान पिछले साल दिसंबर में द. अफ्रीका दौरा छोड़ने के बाद झारखंड के लिए रणजी खेलने नहीं आए। उन्होंने आईपीएल की तैयारी शुरू कर दी जिसमें वह मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे।

**जर्मन ओपन**

### जॉली-गोपीचंद की जोड़ी क्वार्टरफाइनल में

**मुलहेम अन डेर रूर (जर्मनी), एजेंसी।** भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने गुरुवार को जर्मन ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। इस जोड़ी ने चेक गणराज्य की सोना होरिंकोवा और कैटरीना जुजाकोवा की जोड़ी को हराया। अब क्वार्टरफाइनल में उनका सामना फ्रांसेस्का कोर्बेट और एसिन ली तथा जिंग यि और जु मिन लुओ की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

# पहलवानों का राष्ट्रीय शिविर ट्रायल के बाद : डब्ल्यूएफआई

## 15 महीने बाद शिविर की तैयारी कर रहा है महासंघ, किसान आंदोलन के कारण दिल्ली में हो सकता है आयोजन

नई दिल्ली, एजेंसी

- इंदिरा गांधी स्टेडियम में 10-11 मार्च के ट्रायल के बाद शिविर

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) 15 महीने बाद सीनियर राष्ट्रीय शिविर की तैयारी कर रहा है और किसान आंदोलन से शिविर पटियाला की बजाय दिल्ली में आयोजित हो सकता है। डब्ल्यूएफआई के राष्ट्रीय शिविर जनवरी 2023 के बाद से बंद है जब देश के तीन शीर्ष पहलवानों ने तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर प्रदर्शन किया था।

इंदिरा गांधी स्टेडियम में 10 और 11 मार्च को होने वाले ट्रायल के तुरंत बाद राष्ट्रीय शिविर शुरू होगा। डब्ल्यूएफआई के निलंबन के बाद कुश्ती का काम देख रही तदर्थ समिति ने जयपुर में अपनी राष्ट्रीय चैंपियनशिप कराने के बाद रोहतक (पुरुष) और पटियाला (महिला) में अभ्यास शिविर शुरू किए। युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा निलंबन वापिस लेने के बाद डब्ल्यूएफआई ने बिशकेक में 11 से 16 अप्रैल तक होने वाली एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप और 19 से 21 अप्रैल तक उपमहाद्वीपीय ओलंपिक क्वालीफायर के लिए राष्ट्रीय टीम चुनने को ट्रायल का ऐलान किया। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि ट्रायल के बाद हर वर्ग के शीर्ष 4 पहलवानों को राष्ट्रीय शिविर में बुलाया जाएगा।

### ट्रायल में उतरने से बजरंग का इंकार, अदालत की ली शरण



**नई दिल्ली।** आगामी राष्ट्रीय ट्रायल में भाग लेने के भारतीय कुश्ती महासंघ के न्योते को ठुकराते हुए पहलवान बजरंग पूनिया ने दिल्ली हाईकोर्ट में आपात संयुक्त याचिका दायर करके 10-11 मार्च को आयोजित चयन ट्रायल पर रोक की मांग की है। बजरंग, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान ने अदालत की शरण ली है। मामले की सुनवाई शुक्रवार को होगी। बजरंग ने याचिका दायर करने की पुष्टि नहीं की लेकिन भारतीय कुश्ती पर सरकार की चुप्पी पर सवाल दागे। दो महीने से रूस में अभ्यास कर रहे बजरंग ने कहा कि अगर ट्रायल संजय सिंह की अगुवाई वाली डब्ल्यूएफआई करा रही है तो वह इसमें हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होंने कहा अगर मुझे ट्रायल में भाग नहीं लेना होता तो मैं अभ्यास पर 30 लाख खर्च नहीं करता लेकिन निलंबित डब्ल्यूएफआई ट्रायल कैसे करा रहा है।




# बॉलीवुड हलचल

## मई में आ सकती है जॉली एलएलबी 3



**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार-अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3 मई 2024 में फ्लोर पर जा सकती है। 2013 में 'जॉली एलएलबी रिलीज हुई थी, जिसमें अरशद वारसी थे। वहीं, दूसरे पार्ट यानी 'जॉली एलएलबी' में अक्षय कुमार ने लीड रोल किया था। अब तीसरे पार्ट में अक्षय और अरशद दोनों नजर आएंगे। इसको सुभाष कपूर निर्देशित कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि जॉली एलएलबी 3 को मई में फ्लोर पर लाया जाएगा। वहीं 2025 में इसे सिनेमाघरों में रिलीज कर दिया जाएगा। जॉली एलएलबी 3 में अक्षय और अरशद दोनों का रोल बराबर का होगा। इससे पहले दोनों 'बच्चन पांडे' में साथ नजर आए थे।

### दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्द बनने वाले हैं माता-पिता



बॉलीवुड की स्टार जोड़ी दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। यह जानकारी खुद अभिनेता दंपति ने दी है। कुछ दिन पहले से ही सोशल मीडिया पर दीपिका पादुकोण के गर्भवती होने की खबरें सामने आ रही थीं। दंपति ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट में यह खबर साझा की है। उन्होंने अपने पोस्ट में तस्वीर साझा की, जिसमें बच्चे के जूते और कपड़े बने हैं और उसमें लिखा है सितंबर 2024। अभिनत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस, श्रेया घोषाल, विक्रांत मैसी और आलिया भट्ट सहित बॉलीवुड के कई अभिनेताओं ने उन्हें बधाई दी। दीपिका-रणवीर की पोस्ट के कमेंट सेक्शन में प्रियंका ने लिखा, 'मुबारक', वहीं आलिया ने कई सारे दिल वाले इमोजी साझा किए। घोषाल ने कहा कि वह जोड़ी के लिए उत्साहित और खुश हैं, वहीं विक्रांत ने लिखा, आप दोनों को बहुत बहुत शुभकामनाएं। दीपिका और रणवीर 2018 में इटली में शादी के बंधन में बंधे थे।

## तेरा क्या होगा लवली में इलियाना और रणदीप



नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज इन दिनों अपनी मां बनने की जर्नी को एन्जॉय करती हुई नजर आ रही है। फैंस अक्सर उनसे ऑनस्क्रीन वापसी कब करेंगी सवाल कर रहे हैं। इसी बीच उनकी अपकमिंग फिल्म तेरा क्या होगा लवली का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें उनका अलग अंदाज देखने को मिला है। इतना ही नहीं उनके साथ रणदीप हुड्डा भी हैं, जिनकी हाल ही में लिन लैशराम से शादी हुई है। फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है क्यों इलियाना का हटकर अंदाज और रणदीप हुड्डा का हरियाणवी लुक फैंस का ध्यान खींच रहा है। तेरा क्या होगा लवली का ट्रेलर त्वचा के रंग और दहेज के साथ भारत के स्थाई निर्धारण को दिखाता है। बलविंदर सिंह जांजुआ द्वारा निर्देशित, यह अपकमिंग फिल्म गोरी त्वचा के जुनून और दहेज प्रथा से जुड़ी जटिलताओं के बारे में बातचीत शुरू करने का वादा करती है। मूवी में इलियाना डिक्रूज, रणदीप हुड्डा और करण कुंद्रा अहम किरदार में हैं, जिसका ट्रेलर सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। इस फिल्म में एक महिला की कहानी दिखाई गई है, जो दूल्हा खोजने के सामाजिक दबाव से जूझ रही है। यह किरदार इलियाना डिक्रूज़ का है, जिसकी यात्रा ने केवल उसके रंग के आधार पर आंके जाने की कठोर वास्तविकताओं का खुलासा किया है। फिल्म 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। निर्देशक बलविंदर सिंह जंजुआ की फिल्म में रणदीप हुडा एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभा रहे हैं, जिसे दहेज चुराने वाले चोरों को पकड़ने का काम सौंपा गया है। कहानी में नायक और पुलिस अधिकारी के बीच की लव स्टोरी को दिखाया गया है, जिसमें भी कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## श्रेयस ने बताई गोलमाल 5 की रिलीज डेट



बॉलीवुड की कॉमेडी फिल्मों ने दर्शकों में खास जगह बना रखी है। इनमें से एक गोलमाल की फ्रेंचाइजी भी है। इसी बीच गोलमाल 5 को लेकर अपडेट सामने आई है। एक्टर श्रेयस तलपड़े ने खुलासा किया है कि गोलमाल 5 कब रिलीज होगी। फिल्म की शूटिंग को लेकर भी एक्टर ने जानकारी साझा कर दी है। बॉलीवुड की कई फिल्मों के अगले पार्ट का फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस लिस्ट में एक नाम फिल्म 'गोलमाल 5' का भी है। 'गोलमाल' फ्रेंचाइजी सुपरहिट है। मल्टी स्टारर इस फ्रेंचाइजी की दर्शकों के दिल में एक खास जगह हैफ्रेंचाइजी 'गोलमाल 5' को लेकर एक नई अपडेट सामने आई है। एक बार फिर से अजय देवगन अपनी पलटन के साथ लोगों को हंसाते हुए नजर आएंगे। 2020 में रोहित शेट्टी ने बताया था कि वह 'गोलमाल 5' पर काम कर रहे हैं, लेकिन इस बीच अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आ गई है। फिल्म में लक्ष्मण का रोल निभाने वाले श्रेयस तलपड़े ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया है कि ये फिल्म कब आ सकती है। श्रेयस ने बताया कि 'गोलमाल 5' की शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है और दीवाली 2025 पर इसे रिलीज भी किया जा सकता है। श्रेयस की मानें तो 'गोलमाल 5' पैंडेमिक के दौरान अनाउंस की गई थी, लेकिन तब हालातों के चलते सारे प्लान को बदलना पड़ा था। एक्टर ने कहा कि उन्हें फिल्म के सेट पर काफी मजा आता है।

### प्रभास के चक्कर में रणबीर की एनिमल पार्क अटकी



रणबीर कपूर की 'एनिमल' के बाद अब हर किसी को 'एनिमल पार्क' का इंतजार है। पता चला था कि इसमें विक्की कौशल विलेन होंगे, हालांकि, ये फिल्म अभी नहीं बनने वाली है। संदीप रेड्डी वांगा ने प्रभास की फिल्म के लिए कुछ प्लानिंग कर रखी है। उसे पूरा करने के बाद ही 'एनिमल पार्क' के बारे में सोचेंगे। रणबीर कपूर की 'एनिमल' ने बीते साल 915 करोड़ का कारोबार किया है। थिएटर्स के बाद ओटीटी पर भी फिल्म को शानदार रिस्पॉन्स मिला। फिल्म को लेकर रोजाना नए-नए अपडेट्स आ रहे हैं। मेकर्स ने फिल्म की प्लानिंग कर ली है। हालांकि, इसे शुरू कब किया जाएगा, ये पता नहीं चल पाया है। विक्की कौशल इस पार्ट में विलेन बने हैं, लेकिन इसी बीच खबर आ रही है कि प्रभास के चक्कर में ये फिल्म अटक गई है। संदीप रेड्डी वांगा ने 'एनिमल' को डायरेक्ट किया था। इस फिल्म को जो रिस्पॉन्स मिला। उसके बाद 'एनिमल' के सीक्वल का ऐलान किया गया था। इस वक्त संदीप कई सुपरस्टार्स के साथ फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। इसमें प्रभास और अल्लू अर्जुन का नाम भी है। पहले ऐसी चर्चा थीं कि संदीप पहले रणबीर की एनिमल पार्क की शूटिंग खत्म करेंगे। इसको कंप्लीट करने के बाद उन्हें प्रभास की स्पिरिट पर काम करना था, लेकिन अब डायरेक्टर ने प्लानिंग बदल दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार संदीप जल्द ही स्पिरिट की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इस पिक्चर में प्रभास लीड रोल में हैं। वो फिल्म में कॉप का किरदार निभा रहे हैं, इसकी शूटिंग अक्टूबर से शुरू होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### प्रवासी भारतीयों से जुड़ने के लिए शुरू की लेबर इंडियंस पहल

**लंदन।** इस साल के आखिर में होने वाले आम चुनाव में विपक्षी लेबर पार्टी अपनी नैया पार लगाने के लिए ब्रिटिश भारतीयों को साधने में जुट गई है। लेबर पार्टी ने प्रवासी भारतीयों से जुड़ने और सत्ता में आने के बाद एक साल में भारत के साथ बातचीत को मजबूत करने के मकसद से नया प्रवासी आउटरीच कार्यक्रम शुरू किया है। लेबर पार्टी के विदेश मामलों के सचिव डेविड लैमी ने लंदन में संसद भवन परिसर में लेबर इंडियंस' पहल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी हालिया भारत यात्रा का जिक्र किया।

### छत्तीसगढ़ के प्रख्यात पुरातत्वविद अरुण कुमार शर्मा का निधन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पुरातत्ववेत्ता पद्मश्री अरुण कुमार शर्मा का गुरुवार को निधन हो गया। 92 साल की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली। अरुण शर्मा वही शख्स हैं जिनकी मांग पर अयोध्या में राम जन्म भूमि पर खुदाई कराई गई थी। उन्होंने ही खुदाई में मिले अवशेषों के रिसर्च के आधार पर कोर्ट में मंदिर होने के सबूत पेश किए थे। अरुण के बेटे मनीष ने बताया कि रायपुर स्थित आवास पर पिता ने अंतिम सांस ली। बता दें, वह छत्तीसगढ़ सरकार के पुरातत्व सलाहकार भी रहे थे।



### चाय वाले के साथ छा गई बिल गेट्स की जुगलबंदी

**नागपुर।** माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक और समाजसेवी बिल गेट्स बड़े कारोबार के अलावा अपने अनोखे अंदाज के लिए जाने जाते हैं। इस समय वह अपने भारत दौरे के कारण सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में बिल गेट्स का नागपुर के फेमस डॉली चायवाले के साथ एक वीडियो वायरल हुआ रहै। चाय वाले के साथ बिल गेट्स की जुगलबंदी लोगों को खूब पसंद आई। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने भारत की तारीफ की है।

### पाकिस्तान में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** उत्तर पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में छह आतंकियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने कहा- सुरक्षा बलों ने खुफिया सूचना पर एक अभियान चलाया। आईएसपीआर ने कहा, अभियान के दौरान सैनिकों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई जिसमें छह आतंकवादी मारे गए, एक सैनिक भी घायल हुआ है।

## डब्ल्यूटीओ में भारत ने कहा ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क स्थगन की समीक्षा करने की जरूरत

**अबू धाबी, एजेंसी।** भारत ने गुरुवार को कहा कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के विकासशील और अल्प विकसित सदस्य देशों के लिए ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क स्थगन की फिर से समीक्षा करने की जरूरत है। भारत ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क स्थगन को आगे जारी रखने के पक्ष में नहीं है, इसका असर विकासशील देशों पर पड़ रहा है।

यह मुद्दा विश्व व्यापार संगठन के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में ई-कॉमर्स सत्र के दौरान उठाया गया। बता दें, मंत्रिस्तरीय सम्मेलन का गुरुवार को अंतिम दिन रहा। भारत ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का यह उभरता हुआ खंड अल्प विकसित देशों (एलडीसी) सहित विकासशील देशों के लिए आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं लाता है। ऐसे में भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि डिजिटल औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क लगाने सहित सभी नीतिगत विकल्प डब्ल्यूटीओ सदस्यों के पास होने चाहिए। वाणिज्य मंत्रालय ने बयान में कहा, भारत ने बताया कि विकसित और विकासशील देशों के बीच एक बड़ी डिजिटल खाई है। इससे वैश्विक ई-कॉमर्स में विकासशील देशों की भागीदारी बढ़ाना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

## सर्वाधिक संख्या के साथ मध्य प्रदेश का 'तेंदुआ स्टेट' तमगा बरकरार

मध्य प्रदेश का तेंदुआ स्टेट का तमगा इस बार भी बरकरार है। देश में तेंदुओं की सर्वाधिक संख्या 3,907 मध्य प्रदेश में है, वर्ष 2018 में 3421 थी। इसके बाद महाराष्ट्र में 1985, कर्नाटक में 1,879 और तमिलनाडु में 1,070 रही। टाइगर रिजर्व या सबसे अधिक तेंदुए की आबादी वाले स्थल आंध्रप्रदेश के श्रीशैलम में नागार्जुन सागर और इसके बाद मध्य प्रदेश में पन्ना और सतपुड़ा हैं। यह तथ्य गुरुवार को नई दिल्ली में भारत में तेंदुओं की स्थिति पर जारी रिपोर्ट में रेखांकित हुआ है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने इसकी रिपोर्ट जारी की।

**3,907**

के साथ मध्य प्रदेश देश में तेंदुओं की सर्वाधिक संख्या वाला प्रदेश है, वर्ष 2018 में 3421 थी संख्या





### तेंदुओं की आबादी का अनुमान

वहीं वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि वन्य जीव हमारे जंगल की शान है। उल्लेखनीय है कि पांचवें चक्र में तेंदुओं की आबादी का अनुमान राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और भारतीय वन्य जीव संस्थान द्वारा, राज्य वन विभागों के सहयोग से किया जा रहा है। चतुर्वर्षीय "बाघों की निगरानी, शिकारियों, शिकार और उनके आवास की निगरानी" अभ्यास के एक भाग के रूप में यह प्रयास किया गया था। इससे बाघ संरक्षण प्रयासों को गति मिली है।

### तेंदुओं के वर्गीकरण और संरक्षण चुनौतियां

बाघ रेंज वाले राज्यों और विविध परिदृश्यों को शामिल करते हुए, व्यापक सर्वेक्षण में तेंदुए की बहुतायत का आकलन करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करके मजबूत वैज्ञानिक पद्धतियों का इस्तेमाल किया गया। इस दौरान कैमरा ट्रैपिंग, आवास विश्लेषण और जनसंख्या के संयोजन की एक सावधानीपूर्वक प्रक्रिया के माध्यम से, तेंदुओं के वर्गीकरण और संरक्षण चुनौतियों में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि का पता चला।

### भारत में तेंदुओं की कितनी है आबादी

भारत में तेंदुओं की आबादी 13,874 (रेंज: 12,616 – 15,132) व्यक्ति होने का अनुमान है। यह 2018 में 12852 (12,172–13,535) व्यक्तियों के समान क्षेत्र की तुलना में स्थिर आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। यह अनुमान तेंदुए के निवास स्थान की 70 प्रतिशत आबादी को दर्शाता है। इसमें हिमालय और देश के अर्धशुष्क हिस्सों का नमूना नहीं लिया गया है, क्योंकि यह बाघों का निवास स्थान नहीं हैं।

### सबसे बड़ी वृद्धि दर मध्य भारत

मध्य भारत में तेंदुओं की आबादी की स्थिर या थोड़ी बढ़ती दिखाई देती है। शिवालिक पहाड़ियों और गंगा के मैदानी इलाकों में गिरावट देखी गई। यदि हम उस क्षेत्र को देखें जिसका पूरे भारत में 2018 और 2022 दोनों में नमूना लिया गया था, तो प्रतिवर्ष 1.08 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शिवालिक पहाड़ियों में, प्रतिवर्ष –3.4 % की गिरावट हो रही है।

# पाकिस्तान-तुर्की हमारे आंतरिक मामलों में न करें टिप्पणी: भारत

### यूएनएचआरसी में भारत की दो टूक- जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न-अविभाज्य हिस्सा

### अनुपमा बोलीं- जो खुद आतंकियों को पालता हो उसे भारत पर बोलने का अधिकार नहीं

**संयुक्त राष्ट्र/ जिनेवा**

कश्मीर को लेकर तुर्की और पाकिस्तान के हालिया बयानों पर भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में बुधवार को बैठक के दौरान कश्मीर के मुद्दा उठाने के लिए पाकिस्तान को फटकार लगाई। साथ ही भारत ने इसे झूठ फैलाने को हताश प्रयास बताया।

यूएनएचआरसी में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने परिषद की बैठक में कहा, आज जब हम यूएनएससी सुधारों पर चर्चा करने के लिए मिल रहे हैं, तो पाकिस्तान के एक प्रतिनिधि ने फिर से जम्मू-कश्मीर का बेफिजूल मुद्दा उठा दिया। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है, भले ही पाकिस्तान का प्रतिनिधि कुछ भी मानता हो।

यूएनएचआरसी के 55वें सत्र में दोनों देशों ने कश्मीर का मुद्दा उठाने के बाद भारत ने तुर्की और पाकिस्तान के जवाब पर पलटवार करते हुए कहा, हमें तुर्की द्वारा ऐसे मामले पर की गई टिप्पणी को लेकर खेद है जो भारत का आंतरिक मामला है और हम उम्मीद करते हैं कि वह भविष्य में हमारे आंतरिक मामलों पर अवांछित टिप्पणी करने से बचेगा। अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान के मानवाधिकारके उल्लंघन के रिकॉर्ड को निराशाजनक बताया और पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर उसे जमकर लताड़ा।





### पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न

एक ऐसा देश जहां सरकारी संस्थाएं अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न को सपोर्ट करती हैं और जिसका मानवाधिकार ट्रैक रिकॉर्ड निराशाजनक है वह भारत पर टिप्पणी कर रहा है। उन्होंने पाकिस्तान में ईसाई समुदाय पर हमले का उदाहरण देते हुए कहा, अगस्त 2023 में पाकिस्तान के जरनवाला शहर में अल्पसंख्यक ईसाई समुदाय के खिलाफ बड़े पैमाने पर क्रूरता की गई, जिसमें 19 चर्चों को नष्ट कर दिया गया और 89 ईसाई घरों को जला दिया गया।

**आतंकियों का पालता है पाकिस्तान :** अनुपमा सिंह ने कहा कि एक ऐसा देश जो खुद यूएन की ओर से बैन किए आतंकियों को पालता है। उसे भारत को लेकर कुछ भी बोलने अधिकार नहीं है। हम ऐसे देश पर ध्यान नहीं देते जो दुनिया भर में आतंक फैलाने का काम करता है।

### सुरक्षा परिषद में सुधार पर चीन ने कहा- वार्ता से बने आम सहमति

**बीजिंग।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के मसले पर चीन ने एक बार फिर अस्पष्ट रुख प्रदर्शित किया है। सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के दावे के विरोध से इनकार करते हुए चीन ने कहा है कि सुधार के लिए गंभीर चर्चा करके सहमति बनाए जाने की जरूरत है। चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने कहा कि विश्व उम्मीद करता है कि संयुक्त राष्ट्र वैश्विक चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटे और उनका समाधान निकाले। चीन सुरक्षा परिषद में सुधार का समर्थन करता है, लेकिन वह सही दिशा में होना चाहिए और उसमें विकासशील देशों की आवाज शामिल होनी चाहिए। वांग ने यह बात सुरक्षा परिषद में सुधार के सिलसिले में सरकारों से बात करने वाली संयुक्त राष्ट्र की समिति के सदस्यों–एमएएम अल्बनाई और एलेक्जेंडर मार्सचिक से वार्ता के दौरान कही।

## परमाणु युद्ध को तैयार रूस, पश्चिमी देशों को पुतिन की चेतावनी



**मॉस्को।** रूस-यूक्रेन युद्ध के दो साल पूरे हो चुके हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों पर भड़ास निकाली है। पुतिन ने गुरुवार को राष्ट्र के नाम वार्षिक संबोधन में आरोप लगाया है कि पश्चिमी देश परमाणु संघर्ष के हालात पैदा करने चाहते हैं, जो मानव सभ्यता को नष्ट कर देगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देश परमाणु युद्ध का 'वास्तविक' खतरा पैदा कर रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि रूस के परमाणु हथियार उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार में हैं। पुतिन ने आगाह किया है कि यूक्रेन युद्ध में दखलअंदाजी करने वालों के लिए परिणाम बहुत ही दुखद होंगे...उन्हें (पश्चिम) समझना चाहिए। मैंने उनसे कहा है कि हमारे पास भी ऐसे हथियार हैं जो उनके क्षेत्रों पर लक्ष्यों को नष्ट कर सकते हैं। पुतिन ने कहा कि रूस किसी को भी अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की इजाजत नहीं देगा।

## नेशनल असेंबली का पहला सत्र शुरू, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

- राष्ट्रपति ने संविधान की शक्तियों का किया इस्तेमाल, 21 दिनों के भीतर होगा सत्र चुनाव

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान की नवनिर्वाचित संसद ने गुरुवार को अपना पहला सत्र शुरू कर दिया है। कार्यवाहक सरकार के साथ चल रहे मतभेदों के बाद राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने आखिरकार विधानसभा सत्र बुलाया है। दोनों के बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को आरक्षित सीटें आवंटित किए जाने के मुद्दे को लेकर विवाद चल रहा था। पिछली संसद के निवर्तमान अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ की अध्यक्षता में उद्घाटन सत्र एक घंटे से अधिक की देरी के बाद शुरू हुआ।

एक्स अकाउंट पर जारी बयान में कहा गया, 'कुछ आपत्तियों के अधीन, राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 54(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 29 फरवरी को नेशनल असेंबली बुलाई है।' बता दें कि कि राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 91 (2) में दी गई समयसीमा के जनादेश और निहितार्थों को ध्यान में रखते हुए और कुछ आरक्षणों के अधीन और 21वें दिन से पहले आरक्षित सीटों के मुद्दे के समाधान की उम्मीद करते हुए अपनी मंजूरी दे दी।




### नवाज सहित 302 सांसदों ने ली शपथ

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी द्वारा नेशनल असेंबली का सत्र बुलाए जाने के बाद देश के शरीफ समेत 302 नवनिर्वाचित सांसदों ने शपथ ली। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को आरक्षित सीट आवंटित करने के मुद्दे पर कार्यवाहक सरकार के साथ मतभेद के कारण अल्वी के शुरुआती इनकार के बाद नई संसद का पहला सत्र आयोजित किया गया। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित सांसदों ने चुनाव में धांधली के नारे लगाए।

## शीर्ष कोर्ट ने पलटा फैसला, संविधान की शक्ति वादी के हक की अनदेखी का अधिकार नहीं देती

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- शीर्ष अदालत की अहम टिप्पणी 2018 के आदेश को पलटा

संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत सुप्रीम कोर्ट की असाधारण शक्ति उसे दीवानी और आपराधिक मामलों में रोक लगाने वाले वैध न्यायिक आदेशों का आनंद ले रहे वादकारों के मूल अधिकारों की अनदेखी करने की ताकत नहीं देती है।

शीर्ष अदालत ने गुरुवार को एक मामले में सुनवाई करते हुए यह अहम टिप्पणी की। संविधान का अनुच्छेद 142 सुप्रीम कोर्ट को देश के भीतर अदालत के समक्ष लंबित किसी भी मामले में पूर्ण न्याय करने के लिए आवश्यक कोई भी व्यवस्था या आदेश पारित करने का शक्ति देता है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-जजों की संविधान पीठ ने इस टिप्पणी के साथ फैसला दिया कि छह महीने के बाद दीवानी और आपराधिक मामलों में निचली अदालत या हाईकोर्ट द्वारा दिए गए स्थगन आदेश को स्वतः रद नहीं किया जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने 2018 के शीर्ष अदालत के आदेश को पलट दिया, जिसमें कहा गया था कि निचली अदालतों और हाईकोर्ट द्वारा दी गई ऐसी रोक छह महीने के बाद स्वयं रद हो जाएगी, अगर इसे विशेष रूप से नहीं बढ़ाया गया। जस्टिस एएस ओका ने फैसला लिखते हुए कहा कि न्यायालय के समक्ष पक्षों के बीच न्याय करने के लिए क्षेत्राधिकार का प्रयोग किया जा सकता है और अनुच्छेद 142 के तहत इस न्यायालय की शक्ति का प्रयोग प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को पराजित करने के लिए नहीं किया जा सकता है, जो हमारे न्यायशास्त्र का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने आगे कहा, अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल बड़ी संख्या में उन वादीकारों द्वारा उनके पक्ष में वैध रूप से पारित न्यायिक आदेशों के आधार पर प्राप्त लाभों को रद करने के लिए नहीं किया जा सकता है जो इस न्यायालय के समक्ष कार्यवाही के पक्षकार नहीं हैं। अनुच्छेद 142 इस न्यायालय को वादकारों के मूल अधिकारों की अनदेखी करने का अधिकार नहीं देता है।

### एटमी हथियार केंद्र बंद...





**टेक्सास :** सैन फ्रांसिस्को अमेरिका में टेक्सास के जंगलों में लगी आग विकराल हो गई है। 5 स्थानों पर लगी इस आग ने 3.7 लाख एकड़ क्षेत्र को चपेट में ले लिया है। इससे अमेरिका का परमाणु हथियार सुविधा संचालन केंद्र खतरे में पड़ गया है। आग के बेकाबू होने के बाद अमेरिका के परमाणु शस्त्रागार को जोड़ने और अलग करने वाली मुख्य सुविधा ने मंगलवार रात टेक्सास में काम करना बंद कर दिया। आग बढ़ती देख छोटे शहरों को खाली करने के आदेश दिए गए हैं। गवर्नर ग्रेग एबॉट ने इसे आपदा घोषित कर दिया है। ● एजेंसी

## विकास साझेदारी हमारे संबंधों का प्रमुख स्तंभ

- मॉरीशस में परियोजनाओं के उद्घाटन पर मोदी बोले- 10 वर्षों में संबंधों को अभूतपूर्व दिशा मिली

**नई दिल्ली, एजेंसी**





मॉरीशस समकक्ष प्रविंद जुगनाथ के साथ वर्चुअली माध्यम से विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मॉरीशस समकक्ष प्रविंद जुगनाथ ने गुरुवार को मॉरीशस के अगालेगा द्वीप पर छह सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके साथ ही नई हवाई पट्टी (एयरस्ट्रिप) और सेंट जेम्स जेट्टी का भी संयुक्त रूप से लोकार्पण किया।

पीएम कार्यालय के एक बयान के अनुसार, यह कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया था। इन कई परियोजनाओं का उद्घाटन दोनों देशों, भारत और मॉरीशस के बीच मजबूत और दशकों पुरानी विकास साझेदारी का प्रमाण है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, 'पिछले 10 वर्षों में, भारत-मॉरीशस संबंधों को अभूतपूर्व दिशा मिली है। हमने इस रिश्ते में नई ऊंचाइयां हासिल कीं।

हमने वैज्ञानिक और ऐतिहासिक संबंधों को एक नया रूप दिया। विकास साझेदारी हमारे संबंधों का प्रमुख स्तंभ रही है। भारत ने हमेशा मॉरीशस की जरूरतों का सम्मान किया है'। आधिकारिक बयान के अनुसार, ये परियोजनाएं मुख्य भूमि मॉरीशस और अगालेगा के बीच बेहतर कनेक्टिविटी की मांग को पूरा करने में मदद करेंगी। पीएमओ के अनुसार इससे समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

दरअसल, कुछ सप्ताह पहले दोनों नेताओं ने मॉरीशस में यूपीआई और रुपे कार्ड सेवाओं के शुभारंभ किया था। इसके बाद अब इन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन इस क्षेत्र में बहुत महत्व रखता है।

**विज्ञान** | वैज्ञानिकों ने जताई थी तीन ग्रहों पर जीवन की संभावना, कम हो रही दूसरे ग्रह पर जीवन की उम्मीद

## खत्म हो रहा बाहरी सौरमंडल के ग्रह ट्रैपिस्ट-1ई का वातावरण

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** सात ग्रहों का ट्रैपिस्ट एक्सोप्लैनेट (बाहरी ग्रहों) का सौरमंडल खत्म हो जाएगा। कुछ ऐसी ही संभावनाएं खगोल वैज्ञानिक जता रहे हैं। ताजा शोध में पता चला है कि रहने योग्य इस इस सोलर सिस्टम का एक ग्रह ट्रैपिस्ट-1ई का वारावरण नष्ट हो रहा है। इस जानकारी के बाद किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की उम्मीद जाती रही।

ट्रैपिस्ट सात ग्रहों वाला सौर मंडल है। जिसके तीन ग्रहों पर जीवन की संभावना वैज्ञानिकों ने जताई थी। मगर अब जो जानकारी मिली है, उससे पता चलता है कि इस बाहरी सिस्टम में रहने योग्य ग्रहों को उसके लाल बौने तारे से निकलने वाले कठोर विकिरण उसके वायुमंडल से खत्म कर रहा है। जिसमे ट्रैपिस्ट-1ई जीवन के लिए दुर्गम बना सकती है।



ट्रैपिस्ट-1 का सौरमंडल।

वैज्ञानिकों के अनुसार प्रतीत होता है कि इस ग्रह के अपने लाल बौने मेजबान तारे के चारों ओर विद्युत धाराएं उत्पन्न हो रही हैं। इस सोलर सिस्टम के ग्रह लाल बौने तारे की परिक्रमा करते हैं। इस सिस्टम में सभी सात ग्रह पृथ्वी के समान चट्टानी हैं। जिनमें 3 रहने योग्य क्षेत्र में स्थित हैं। यह क्षेत्र न तो बहुत गर्म है और न ही बहुत ठंडा है और इनमें तरल पानी की प्रबल संभावना थी। ट्रैपिस्ट-1ई पृथ्वी से 40 प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित है। ट्रैपिस्ट-1 ई एक्सोप्लैनेट में वायुमंडल की विस्तृत जानकारी के लिए नासा की जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद ली गई थी और गहन अध्ययन के बाद वैज्ञानिकों को निराश होना पड़ा है। अमेरिका के सेसिलिया गैराफो, हार्वर्ड और स्मिथसोनियन के वैज्ञानिक इस सौर मंडल का सामूहिक अध्ययन कर रहे हैं।

### पृथ्वी के आकार का है ट्रैपिस्ट 1ई, 0.7 गुना है द्रव्यमान

ट्रैपिस्ट-1ई लगभग पृथ्वी के आकार का है। इसका द्रव्यमान हमारे ग्रह के लगभग 0.7 गुना है। यह अपने तारे से चौथे नंबर का ग्रह है, जो पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी से केवल 0.028 गुना दूरी पर परिक्रमा करता है, और केवल 6.1 पृथ्वी दिनों में एक चक्कर लगाता है। एक्सोप्लैनेट ट्रैपिस्ट-1बी का अपना वातावरण पहले ही खो चुका है। इस सौरमण्डल के सातों ग्रहों के नाम ट्रैपिस्ट-1बी, 1ई, 1सी 2डी आदि रखे गए हैं।

## गाजा में राहत सहायता की प्रतीक्षा कर रहे लोगों पर हमला, सौ की मौत

**राफा।** गाजा शहर में मानवीय सहायता की प्रतीक्षा कर रहे फिलिस्तीनियों की भीड़ पर इजराइली हमले में सौ लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय अस्पताल के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।

शिफा अस्पताल के नर्सिंग विभाग के प्रमुख डॉ. जदल्लाह शफाई ने अल जजीरा नेटवर्क को बताया कि लगभग 100 लोग मारे गए और 250 घायल हो गए। उन्होंने सटीक मरने वालों की संख्या नहीं बताया। अल जजीरा ने फुटेज चलाया जिसमें कई शव और घायल लोग शिफा पहुंचते हुए दिखाई दे रहे थे। कमल अदवान अस्पताल में एम्बुलेंस सेवा के प्रमुख फारेस अफाना ने कहा कि घटनास्थल पर पहुंचने वाले चिकित्सकों ने सैकड़ों को जमीन पर पड़ा हुआ पाया। उन्होंने कहा कि मृतकों और घायलों को गधे द्वारा खिंची जाने वाली गाड़ियों पर अस्पतालों में लाया जा रहा था।

## एच-1बी वीजा प्रक्रिया में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे

- भारतीय-अमेरिकियों को लेकर बोलीं- व्हाइट हाउस प्रवक्ता

**वाशिंगटन, एजेंसी**


अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन एच1बी वीजा प्रक्रिया, 'ग्रीन कार्ड' बैकलॉग और देश की कानूनी आव्रजन प्रणाली से संबंधित अन्य मुद्दों में सुधार के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। एच1बी वीजा एक गैर-आप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी श्रमिकों को विशेष व्यवसायों में नियोजित करने की अनुमति देता है जिनके लिए सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ने बुधवार को कहा, अगर हम एच1बी वीजा प्रक्रिया को देखें, तो हमने उसमें सुधार करने के लिए कार्रवाई की है और वैध स्थायी निवासियों (ग्रीन कार्ड) के लिए प्रक्रिया और बैकलॉग जो अमेरिकी नागरिक बनने के लिए पात्र हैं।

### भारत की अध्यक्षता में क्वाड की प्रगति बरकरार रहेगी : व्हाइट हाउस

व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन को उम्मीद है कि क्वाड 2024 में भारत की अध्यक्षता में अपने पिछले तीन वर्षों की गति को बरकरार रखेगा। क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) में भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान चार देश शामिल हैं। जीन-पियरे ने कहा, राष्ट्रपति पिछले तीन वर्षों में क्वाड की प्रगति पर बहुत गर्व महसूस करते हैं। क्वाड के सदस्यों ने मार्च 2021 में व्हाइट हाउस में अपना पहला शिखर सम्मेलन आयोजित किया था। उन्होंने कहा- क्वाड की 2024 में वर्षगांठ आ रही है, हम उम्मीद कर रहे हैं अमेरिका के बारे में नहीं, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बारे में भी बात कर रहे हैं।

## ट्रंप एक और राज्य के प्राथमिक चुनाव के लिए अयोग्य घोषित



**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बुधवार को कैपिटल हिल हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली। शीर्ष अदालत उनकी दलीलों को सुनने पर सहमत हुआ।

वहीं दूसरी ओर, इसी मामले को लेकर इलिनॉय राज्य में एक स्थानीय अदालत से उन्हें झटका लगा। अदालत ने ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव के लिए होने वाले प्राथमिक मतदान से बाहर करने का आदेश दिया है। इससे पहले मेन और कोलाराडो राज्य भी ट्रंप को राज्य के प्राथमिक मतदान के लिए अयोग्य घोषित कर चुके हैं। इलिनॉय में 19 मार्च को प्राथमिक चुनाव होंगे। कोर्ट ने कहा- ट्रंप ने एक विद्रोह में भाग लिया था। इसलिए उन्हें राज्य के मतपत्र में रहने की अनुमतिनहीं है।